



एयर इंडिया ने तीन साल में 1000 से ज्यादा कर्मियों को नौकरी से निकाला - 12




ऊंचे बने रहेंगे कच्चे तेल के दाम, घटेगी भारत की वृद्धि दर - 12



कैरेबियाई देशों से दोस्ती के नए आयाम, भारत और त्रिनिदाद-टोबैगो के बीच 8 बड़े सौदे - 13




तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय महिला टीम ने जीता स्वर्ण पदक -14


आज का मौसम 37.0° अधिकतम तापमान 25.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.25 सूर्यास्त 06.45

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष नवमी 03:24 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 11 मई 2026, वर्ष 36, अंक 93, पृष्ठ 14 मूल्य 6 रुपये


# योगी मंत्रिमंडल में भूपेंद्र सिंह और मनोज पांडेय बने कैबिनेट मंत्री

## कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर, हंसराज विश्वकर्मा व कैलाश सिंह राजपूत बने राज्य मंत्री

- एक दलित महिला समेत छह नए चेहरे शामिल, दो राज्य मंत्रियों का हुआ प्रमोशन
- 2027 के चुनावी समीकरण साधने की कोशिश, ब्राह्मण-ओबीसी-दलित संतुलन पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को जनभवन के गांधी सभागार में आठ मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कैबिनेट मंत्री के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और सपा से आए मनोज कुमार पांडेय समेत राज्य मंत्री के रूप में कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर, हंसराज विश्वकर्मा व कैलाश सिंह राजपूत ने शपथ ली। राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल व सोमेंद्र तोमर को प्रोन्नत कर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ दिलाई गई।

लोकसभा चुनाव के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों और 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच योगी सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार में एक दलित महिला समेत छह नए चेहरे शामिल करके भाजपा ने सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश की है। नवनियुक्त मंत्रियों ने राज्यपाल आनंदी बेन व मुख्यमंत्री योगी को पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। शपथ ग्रहण के उपरांत जनभवन का गांधी सभागार भारत माता की जय व जयश्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

गौरतलब है कि भूपेंद्र सिंह चौधरी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य हैं, जबकि मनोज पांडेय सपा छोड़कर पांच विधायकों के साथ भाजपा में आए थे। वे रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक हैं। कृष्णा पासवान फतेहपुर की खागा सीट, सुरेंद्र दिलेर अलीगढ़ की खैर सीट और कैलाश सिंह राजपूत कन्नौज की तिर्वा सीट से विधायक हैं। वाराणसी के हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद सदस्य हैं। समारोह में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, भाजपा संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, और ब्रजेश पाठक समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



नवनियुक्त मंत्रियों के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह।

### पूर्ण मंत्रिमंडल में अब 23 कैबिनेट मंत्री

अभी तक मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक सहित कुल 54 मंत्री थे। छह नए मंत्री बनाए जाने से अब राज्य मंत्रिमंडल की अधिकतम संख्या 60 पूरी हो गई है। रविवार को मंत्रिमंडल विस्तार के बाद अब 23 कैबिनेट मंत्री, 16 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 21 राज्य मंत्री हो गए हैं।

### पश्चिम से पूर्वांचल तक संतुलन की कोशिश

भाजपा ने इस विस्तार में क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों पर विशेष ध्यान दिया है। प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश से जाट चेहरा माने जाने वाले भूपेंद्र चौधरी को सरकार में लाकर भाजपा नेतृत्व ने संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय का संकेत दिया है। वहीं, ब्राह्मण चेहरे के तौर पर मनोज पांडेय को अहम जिम्मेदारी देकर पार्टी ने सवर्ण वर्ग को साधने का प्रयास किया है। दलित वर्ग से कृष्णा पासवान व सुरेंद्र दिलेर और पिछड़े वर्ग से कैलाश राजपूत को मंत्रिमंडल में जगह देकर भाजपा ने सामाजिक प्रतिनिधित्व का संदेश देने की कोशिश की है। विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा को शामिल कर विश्वकर्मा समाज को भी साधने का प्रयास माना जा रहा है।

### नए मंत्रियों ने विपक्ष पर साधा निशाना

शपथ ग्रहण के बाद मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और नेतृत्व जो जिम्मेदारी देता है, उसे पूरा करना ही उनका दायित्व है। उन्होंने दावा किया कि सपा का सूपड़ा साफ होगा। मनोज पांडेय ने कहा कि पार्टी और नेतृत्व ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। मंत्री कृष्णा पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष का धन्यवाद करती हूं। मुख्यमंत्री और संगठन के लोग मुझे जो भी दायित्व देंगे उसका निर्वहन करूंगी। हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि सेवा के भाव से हम काम करेंगे, प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए अच्छे से अच्छा काम करेंगे।

# तेल-गैस का संयमित इस्तेमाल करें, वर्क फ्रॉम होम जैसे उपाय की जरूरत : मोदी

- तेलंगाना में प्रधानमंत्री ने कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**वैश्विक ऊर्जा संकट पर बोले प्रधानमंत्री**

हैदराबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल संयमित रूप से करना होगा। पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। हैदराबाद में भाजपा की रैली में प्रधानमंत्री ने कहा- भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है, हमारे पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। आज हमें वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की जरूरत है। जिन शहरों में मेट्रो है, वहां लोग मेट्रो का इस्तेमाल करें।

उन्होंने कहा कि पहले जब युद्ध होता था लोग सोना दान में दे देते थे। आज दान की जरूरत नहीं है लेकिन हमें आज ये संकल्प लेना होगा कि अगले एक साल तक कोई भी कार्यक्रम हो, सोना न खरीदें। इससे विदेशी मुद्रा भी बचेगी। मोदी ने तेलंगाना में 9,400 करोड़ के विकास परियोजनाओं के डिजिटल माध्यम से शिलान्यास और उद्घाटन के मौके पर यहां हैदराबाद में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत सौर ऊर्जा के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया है और पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। मोदी ने कहा कि पहले सरकार शत प्रतिशत एलपीजी कवरेज पर केंद्रित थी, और अब इसका ध्यान पाइपलाइन के जरिये गैस की किफायती आपूर्ति पर है, साथ ही साथ सीएनजी के इस्तेमाल को भी बढ़ावा दे रही है। रेड्डी की इस टिप्पणी का जिक्र करते हुए कि विकास कार्यों में राजनीति नहीं होनी चाहिए, मोदी ने कहा कि वह भी राजनीति की बात नहीं करेंगे। तेलंगाना के प्रति केंद्र का समर्थन सुनिश्चित करते हुए, उन्होंने रेड्डी से विकास की यात्रा में उनके साथ जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैं रेवंत जी से कहना चाहता हूं। मैं आपको उतना ही देने के लिए तैयार हूं जितना गुजरात को 10 साल के दौरान केंद्र ने दिया। लेकिन, मेरी जानकारी के अनुसार, मैं आपको बताना चाहता हूं। जैसे ही मैं ऐसा करूंगा, जो आप पा रहे हैं वह आधा रह जाएगा। आप वहां नहीं पहुंच पाएंगे जहां आप पहुंचना चाहते हैं। इसलिए बेहतर है कि आप मेरे साथ जुड़ जाएं।




हैदराबाद में परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

### 'परजीवी' कांग्रेस का विश्वासघात जगजाहिर

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस को निशाना बनाते हुए उस पर कर्नाटक में आंतरिक सत्ता संघर्ष के कारण सुशासन प्रदान करने में विफल रहने और जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि वह आज परजीवी पार्टी बन गयी है। उन्होंने कहा कि देश भर में भाजपा के बढ़ते राजनीतिक प्रभाव के बीच बेंगलुरु से एक भगवा सूर्य का उदय हो रहा है। उनका इशारा हाल में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत की ओर था। मोदी ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा, कर्नाटक में पिछले तीन वर्षों से सरकार का अधिकांश समय लोगों की समस्याओं का हल ढूंढने के बजाय आंतरिक संघर्षों को सुलझाने में व्यतीत हुआ है। कांग्रेस सरकार नेतृत्व और सत्ता-साझाकरण व्यवस्था पर अनिश्चितता से घिरी रही। वह पिछले छह महीनों से मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के बीच चल रहे कथित सत्ता संघर्ष का जिक्र कर रहे थे।

## न्यूज ब्रीफ

### एल्विश यादव से बिश्नोई गिरोह ने 10 करोड़ की रंगदारी मांगी

**गुरुग्राम।** बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव को एक विदेशी व्हाट्सऐप नंबर से धमकी देकर 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। धमकी देने वाले ने खुद को रणदीप मलिक बताया जिसके लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से नजदीकी संबंध हैं। यादव के परिवार वालों ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उन्हें धमकी दी थी कि अगर उन्होंने दो दिन के भीतर पैसे नहीं दिए तो वे उन्हें गोली मार देंगे। पुलिस ने यादव द्वारा सेक्टर 56 पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की है।

### कानूनगो-लेखपाल सस्पेंड तहसीलदार हटाए

**बरेली/नवाबगंज।** कागजों में हेरफेर कर सरकारी जमीन को खुर्द-बुर्द करने और निजी पक्ष को लाभ पहुंचाने के मामले में डीएम अविनाश सिंह ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने नवाबगंज तहसीलदार दुष्यंत सिंह को पद से हटाकर जिला मुख्यालय से अटैच कर दिया है। साथ ही गड़बड़ी में शामिल कानूनगो श्यामसुंदर गुप्ता व लेखपाल रामचंद्र को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

# तमिलनाडु: विजय ने ली शपथ, 9वें सीएम बने

चेन्नई, एजेंसी

- 60 साल में पहली बार द्रमुक-अन्नाद्रमुक से इतर किसी दल ने संभाली सत्ता
- प्रधानमंत्री ने दी बधाई कई को मंत्रिमंडल में मिली जगह
- सत्ता संभालते ही 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का फैसला

सी जोसेफ विजय ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में रविवार को यहां रंगारंग समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और इसी के साथ ही इस दक्षिणी राज्य में 60 साल में पहली बार द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से इतर किसी दल की सरकार बनी। शपथ ग्रहण के बाद विजय ने पारदर्शी शासन का वादा करते हुए कहा कि राज्य में सत्ता का केवल केंद्र वही होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय को फोन कर बधाई दी।

विजय ने मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद यहां जवाहरलाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में अपने पहले संबोधन में कहा कि वास्तविक धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध शासन का नया युग अब शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि उनके अलावा सत्ता का कोई दूसरा केंद्र नहीं होगा और सत्ता के एकमात्र केंद्र वही होंगे। इसे पूर्ववर्ती द्रमुक और अन्नाद्रमुक सरकारों पर परोक्ष कटाक्ष के रूप में देखा जा रहा है। अभिनेता से नेता बने विजय (51) के पहले मंत्रिमंडल में युवा और अनुभवी दोनों तरह के नेता हैं।

तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख की मुख्य टीम को भी इसमें जगह मिली है। विजय ने मुख्यमंत्री पद संभालने के तुरंत बाद चुनावी वादों को लागू करने के लिए तीन फाइल पर हस्ताक्षर किए जिनमें घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का फैसला शामिल है। विजय ने अपने संबोधन में कहा कि वह किसी राजघराने से नहीं हैं और लोगों ने उन्हें स्वीकार किया।



### शपथ को भाषण में बदलने पर राज्यपाल ने विजय को टोका

**चेन्नई।** तमिलनाडु में टीवीके प्रमुख जोसेफ विजय ने रविवार को पूर्व निर्धारित प्रारूप से हटकर और अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य को दर्शाने के लिए हाथ के इशारे करके शपथ ग्रहण समारोह को एक प्रभावशाली शपथ भाषण में बदलने का प्रयास किया। हालांकि, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने हस्तक्षेप किया और उन्हें आधिकारिक शपथ के प्रारूप तक ही सीमित रहने को कहा।

### असम : राज्यपाल ने हिमंत को सरकार के लिए किया आमंत्रित

**गुवाहाटी।** असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने निर्वाचित मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को राज्य में अगली सरकार बनाने का रविवार को निमंत्रण दिया। राजग के नेताओं ने लोक भवन में आचार्य से मुलाकात की और शर्मा के नेतृत्व में सरकार गठन का दावा पेश किया था। आचार्य शर्मा को मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। समारोह 12 मई को आयोजित होगा, जिसमें पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन व नेता शामिल होंगे।

## पंजाब के उद्योग मंत्री सात दिन की ईडी हिरासत में

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने रविवार को पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को 100 करोड़ की जीएसटी धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में सात दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। अदालत ने टिप्पणी की कि अरोड़ा के खिलाफ आरोप बहुत गंभीर हैं और संघीय एजेंसी को धन के स्रोत का पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ करने की जरूरत है। अरोड़ा के वकील ने आरोप लगाया कि मंत्री के खिलाफ एक झूठा और निराधार मामला गढ़ा गया है।

# रिश्तों का कत्ल...मां ने जेवर गिरवी रख बेटे की हत्या की दी सुपारी

- बड़े बेटे की नशे की लत और घरेलू कलह से तंग आकर कराई हत्या

**अमरोहा।** यहां के डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हुए दुष्यंत हत्याकांड का पुलिस ने रविवार को सनसनीखेज खुलासा किया है। दुष्यंत की हत्या किसी बाहरी दुश्मनी में नहीं, बल्कि उसके अपने परिवार ने ही 5 लाख रुपये की सुपारी देकर उसकी हत्या कराई।

मृतक की मां ने अपने जेवर गिरवी रखकर शूटर को सुपारी के पांच लाख रुपये दिए थे। पुलिस ने आरोपी पिता और छोटे भाई को जेल भेज दिया है। हत्यारोपी मां और शूटर अभी फरार हैं। एएसपी अखिलेश ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि गांव श्यामपुर के पास सूखी पड़ी नहर में शनिवार को दुष्यंत का लहूलुहान शव मिला था। जांच में मामला संदिग्ध लग रहा था। पुलिस ने जब गहराई से पड़ताल की तो परत-दर-परत रिश्तों को शर्मसार करने वाली कहानी सामने आ गई।

# उर्विल ने 13 गेंद में जड़ा अर्धशतक, यशस्वी की बराबरी की

- आईपीएल इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक

**चेन्नई।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मुकाबले में मात्र 13 गेंदों में अर्धशतक जड़कर आईपीएल इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। दाएं हाथ के बल्लेबाज उर्विल ने भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की।

जायसवाल ने 2023 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से केकेआर के खिलाफ 13 गेंदों में अर्धशतक बनाकर यह रिकॉर्ड बनाया था। आईपीएल इतिहास में दूसरी सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से केएल राहुल, पैट कमिंस और रोमारियो शेफर्ड के नाम है, जिन्होंने 14 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे उर्विल ने आवेश खान के खिलाफ लगातार तीन छक्के जड़कर तूफानी शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने पारी के छठे ओवर में दिग्वेश राठी पर हमला बोलते हुए 25 रन बटोरे जिसमें तीन और छक्के तथा एक चौका शामिल था। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी नहीं बख्शा और मिडविकेट की दिशा में लंबा छक्का लगाया।



# 28 हजार करोड़ रुपये से 2028 तक हर घर नल का लक्ष्य, जनभागीदारी पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन को अब और रफ्तार मिलने जा रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने मिलकर मिशन के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए करीब 28 हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। सरकार का दावा है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य को तय समय में पूरा करने में मदद मिलेगी।

केंद्र की ओर से उप्र को जल जीवन मिशन के तहत 13,425 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है। वहीं प्रदेश सरकार वर्ष 2026-27 में ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को करीब 15 हजार करोड़ रुपये उपलब्ध कराएगी। इस संयुक्त बजट के सहारे राज्य में 2.62 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाने की योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। प्रदेश सरकार और केंद्रीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के बीच जल जीवन मिशन 2.0 के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। इसके तहत योजना की समय सीमा बढ़ाकर दिसंबर 2028 तक कर दी गई है। सरकार का मानना है कि इससे अधूरे प्रोजेक्ट पूरे करने और दूरदराज गांवों तक पेयजल सुविधा पहुंचाने में राहत मिलेगी।

### जल जीवन मिशन : प्रमुख बातें



- केंद्र सरकार से 13,425 करोड़ रुपये का आवंटन
- प्रदेश सरकार देगी करीब 15 हजार करोड़ रुपये
- कुल बजट करीब 28 हजार करोड़ रुपये
- दिसंबर 2028 तक बढ़ी मिशन की समय सीमा
- 2.62 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक कनेक्शन का लक्ष्य
- अब तक 2.43 करोड़ परिवारों को मिला लाभ

उम्मीद

समीक्षा के लिए जनहित याचिका दायर, एक न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध

# मंदिरों में पुजारियों के वेतन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर केंद्र और राज्य सरकारों को सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों में पुजारियों, सेवादारों और अन्य कर्मचारियों को दिए जाने वाले वेतन और अन्य लाभों की समीक्षा के लिए एक न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने यह जनहित याचिका दायर की है।

याचिका में याचिकाकर्ता ने यह घोषणा करने का भी अनुरोध किया है कि पुजारी और मंदिर के कर्मचारी वेतन संहिता, 2019 की धारा 2(के) के तहत कर्मचारी हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि एक बार जब सरकार मंदिरों के प्रशासनिक, आर्थिक और वित्तीय नियंत्रण अपने हाथ में ले लेती है, तो नियोक्ता-कर्मचारी संबंध स्थापित हो जाता है। ऐसे में पुजारियों और मंदिर के अन्य कर्मचारियों को सम्मानजनक वेतन से वंचित करना अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत आजीविका के अधिकार का उल्लंघन है। उपाध्याय ने कहा कि इस कदम का कारण यह है कि चार अप्रैल को जब वह एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए वाराणसी गए तब सरकारी नियंत्रण वाले काशी विश्वनाथ मंदिर में 'रुद्राभिषेक' करने के बाद उन्हें पता चला कि पुजारियों और मंदिर के अन्य कर्मचारियों को सम्मानजनक जीवन यापन के लिए न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दी जाती है। याचिका में कहा गया, हाल में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पुजारियों और मंदिर कर्मचारियों ने न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। मंदिरों के पुजारियों और अन्य कर्मचारियों को सरकार द्वारा अकुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिल रही है। यह एक व्यवस्थित शोषण है।



### आरती की थालियों में 'दक्षिणा' स्वीकार करने से सख्ती से रोक गया था

उपाध्याय ने कहा कि आजीविका की अनिश्चित प्रकृति सात फरवरी, 2025 को तब स्पष्ट रूप से उजागर हुई, जब तमिलनाडु के एक विभाग ने मदुरै के 'दंडायुथापानी स्वामी मंदिर' में एक परिपत्र जारी कर पुजारियों को 'आरती की थालियों' में 'दक्षिणा' स्वीकार करने से सख्ती से रोक दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंदिरों में पुजारियों को कोई औपचारिक वेतन नहीं मिलता है, वे पूरी तरह दक्षिणा पर आश्रित रहते हैं लेकिन सरकार के आदेश ने उनके सामने भूखों मरने वाली स्थिति पैदा कर दी। उन्होंने कहा कि जनाक्रोश के बाद यह कदम वापस लिया गया लेकिन यह घटना पुजारियों की उत्तरजीविता पर सरकार के मनमानेपन को दर्शाती है। याचिकाकर्ता ने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया कि वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पिछले निर्णयों के आलोक में केंद्र एवं राज्य सरकारों को पुजारियों, सेवादारों एवं अन्य कर्मियों के कल्याण के वास्ते उपयुक्त कदम उठाने का आदेश दे।

# 2027 चुनाव की बिसात पर सीएम योगी ने सजाए मोहरे

## जाट, ब्राह्मण, दलित और ओबीसी समीकरण साधने की कोशिश, संगठन और सरकार के बीच संतुलन पर भाजपा का जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचारः** योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार ने साफ संकेत दे दिया है कि भाजपा ने साल 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से तेज कर दी है। रविवार को हुए विस्तार में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को साधते हुए भाजपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वांचल तक अलग-अलग सामाजिक वर्गों को राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की।

राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, यह सिर्फ मंत्रिमंडल विस्तार नहीं बल्कि भाजपा की 2027 की सामाजिक-राजनीतिक रणनीति का ट्रेलर है। पश्चिम यूपी में जाट, अवध में ब्राह्मण, मध्य यूपी में दलित, कन्नौज क्षेत्र में लोधी और पूर्वांचल में गैर-यादव पिछड़े वर्ग को साधने की स्पष्ट कोशिश इस विस्तार में दिखाई दी।

**सामाजिक समीकरणों को नए सिरे कस रही भाजपाः** भाजपा सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडल विस्तार में सिर्फ जातीय समीकरण ही नहीं बल्कि संगठन और सरकार के बीच संतुलन बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। भाजपा नेतृत्व यह संदेश देना चाहता है कि संगठन में लंबे समय तक काम करने वाले नेताओं को भी सरकार में अवसर मिलेगा। साथ ही पार्टी ने यह भी दिखाने की कोशिश की है कि क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और सामाजिक संतुलन दोनों उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। पश्चिमी यूपी, अवध, बुंदेलखंड, कन्नौज बेल्ट और पूर्वांचल सभी क्षेत्रों को इस विस्तार में साधने की कोशिश दिखाई दी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा अब 2027 के चुनाव को सिर्फ सत्ता विरोधी माहौल के आधार पर नहीं छोड़ना चाहती। पार्टी सामाजिक समीकरणों को नए सिरे से मजबूत कर संगठन और सरकार दोनों को एक साथ सक्रिय करने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है।

- **मंत्रिमंडल विस्तार में पश्चिम से पूर्वांचल तक सामाजिक संदेश पुराने कार्यकर्ताओं और नए चेहरों दोनों को मिला प्रतिनिधित्व**

### भूपेंद्र चौधरी की वापसी से पश्चिम यूपी को साधने का प्रयास


भूपेंद्र सिंह चौधरी

भूपेंद्र सिंह चौधरी की कैबिनेट में वापसी को भाजपा का सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद क्षेत्र से आने वाले भूपेंद्र चौधरी भाजपा के बड़े जाट चेहरे माने जाते हैं। वह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और योगी सरकार के पहले कार्यकाल में पंचायतीराज मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। लोकसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी। किसान आंदोलन के बाद जाट राजनीति में आए बदलावों को देखते हुए पार्टी लगातार इस वर्ग को लेकर सतर्क दिखाई दे रही है। ऐसे में भूपेंद्र चौधरी को फिर मंत्रिमंडल में लाकर भाजपा ने जाट समाज को सीधा संदेश देने की कोशिश की है। संगठन में उनकी मजबूत पकड़ और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं के बीच सक्रियता को भाजपा की बड़ी ताकत माना जाता है। पार्टी रणनीतिकारों का मानना है कि पश्चिमी यूपी की कई सीटों पर जाट मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

### कृष्णा पासवान से दलित और महिला कार्ड


कृष्णा पासवान


कृष्णा पासवान को मंत्रिमंडल में शामिल कर भाजपा ने गैर-जाटव दलित वर्ग और महिला मतदाताओं पर एक साथ फोकस किया है। फतेहपुर की खागा सीट से लगातार तीसरी बार विधायक बनीं कृष्णा पासवान को क्षेत्र में जमीनी नेता माना जाता है। मध्य यूपी और बुंदेलखंड क्षेत्र में पासवान बिरादरी का प्रभाव कई सीटों पर निर्णायक माना जाता है। भाजपा पिछले कुछ वर्षों से गैर-जाटव दलित वोट बैंक को अपने साथ मजबूती से जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। कृष्णा पासवान की ताजपोशी उसी रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा महिला प्रतिनिधित्व और दलित सामाजिक समीकरण दोनों को संतुलित करने की कोशिश कर रही है। यही वजह है कि कृष्णा पासवान को सिर्फ क्षेत्रीय चेहरा नहीं, बल्कि सामाजिक प्रतिनिधित्व के प्रतीक के तौर पर आगे बढ़ाया गया है।

### मनोज पांडेय के जरिए ब्राह्मण राजनीति पर फोकस


मनोज पांडेय

मनोज कुमार पांडेय को कैबिनेट मंत्री बनाकर भाजपा ने अवध और रायबरेली-अमेठी क्षेत्र में बड़ा राजनीतिक संकेत दिया है। लंबे समय तक समाजवादी पार्टी में ब्राह्मण चेहरे के तौर पर सक्रिय रहे मनोज पांडेय अखिलेश सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने सपा से दूरी बनाई और भाजपा के समर्थन में खुलकर सामने आए। तभी से उनके मंत्री बनने की चर्चा तेज थी। भाजपा अब उन्हें ब्राह्मण राजनीति के अहम चेहरे के रूप में आगे बढ़ाने की तैयारी में दिख रही है। रायबरेली और अमेठी जैसे क्षेत्र लंबे समय तक गांधी परिवार का राजनीतिक गढ़ माने जाते रहे हैं। ऐसे में मनोज पांडेय को मंत्री बनाकर भाजपा ने इस पूरे बेल्ट में राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, भाजपा ब्राह्मण मतदाताओं के बीच यह संदेश देना चाहती है कि पार्टी में उन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व और सम्मान मिल रहा है।

### कैलाश राजपूत से लोधी वोट बैंक पर नजर


कैलाश राजपूत

कैलाश सिंह राजपूत को राज्यमंत्री बनाकर भाजपा ने कन्नौज और आसपास के क्षेत्रों में लोधी समाज को साधने की कोशिश की है। कैलाश राजपूत लंबे राजनीतिक अनुभव वाले नेता हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1996 में भाजपा विधायक के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने बसपा और समाजवादी पार्टी के टिकट पर भी चुनाव लड़ा। वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर विधायक बने, लेकिन 2012 में सपा के टिकट पर हार गए। वर्ष 2017 में भाजपा में वापसी के बाद उनकी राजनीतिक स्थिति मजबूत हुई। तिर्वा सीट से लगातार दो चुनाव जीतने के बाद अब उन्हें मंत्रिमंडल में जगह मिली है।

### हंसराज विश्वकर्मा से पूर्वांचल और गैर-यादव ओबीसी को संदेश


हंसराज विश्वकर्मा

हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री बनाकर भाजपा ने पूर्वांचल और गैर-यादव पिछड़ा वर्ग के बीच बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। वाराणसी क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं। विश्वकर्मा समाज में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। वाराणसी, चंदौली, भदोही और आसपास के जिलों में उनका प्रभाव देखा जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से आने के कारण उनका राजनीतिक महत्व और बढ़ जाता है। भाजपा लंबे समय से गैर-यादव पिछड़े वर्ग को अपने साथ मजबूती से जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। ऐसे में हंसराज विश्वकर्मा को मंत्रिमंडल में शामिल करना पूर्वांचल में संगठनात्मक और सामाजिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके साथ ही भाजपा ने यह संदेश देने की भी कोशिश की है कि संगठन में लंबे समय तक सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को सरकार में अवसर मिलेगा।

### सुरेंद्र दिलेर से पश्चिमी यूपी के दलित समीकरण पर दांव


सुरेंद्र दिलेर

सुरेंद्र दिलेर को मंत्री बनाकर भाजपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दलित, खासकर वाल्मीकि समाज को साधने की कोशिश की है। पहली बार विधायक बने सुरेंद्र दिलेर सीधे मंत्री बनाए गए हैं। उनका परिवार लंबे समय से राजनीति में सक्रिय रहा है। उनके बाबा किशन लाल दिलेर चार बार सांसद और पांच बार विधायक रहे। उनके पिता राजवीर दिलेर भी सांसद और विधायक रहे। अब तीसरी पीढ़ी के रूप में सुरेंद्र दिलेर योगी सरकार में मंत्री बने हैं। खैर क्षेत्र को भी लंबे समय बाद सरकार में मजबूत प्रतिनिधित्व मिला है। सुरेंद्र दिलेर के मंत्री बनने के साथ अलीगढ़ जनपद में अब दो मंत्री हो गए हैं। संदीप सिंह पहले से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं।

## प्रेमिका ने ब्लॉक कर दिया मोबाइल नंबर तो युवक ने की खुदकुशी

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग में प्रेमिका की नाराजगी व दूरी बर्दाश्त नहीं कर सके अमेठी के युवक ने खुदकुशी कर ली। वह मां बेल्हा देवी धाम के पीछे पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर झूल गया। रविवार सुबह शव देख पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। सई नदी के तट पर स्थित मां बेल्हा देवी मंदिर के पीछे बाग है। नदी का तटवर्ती भुलियापुर क्षेत्र होने से लोगों का आवागमन इस ओर कम होता है। रविवार सुबह कुछ लोग बाग की ओर गए तो आम के पेड़ पर फंदे से लटकी लाश देखी। इससे खलबली मच गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। नगर कोतवाल सुभाष यादव पहुंचे। कुछ देर में सीओ सिटी प्रशांत राज पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने युवक के कंधे पर टंगा बैग चेक किया। उसमें मिले कुछ कागजात व मोबाइल के द्वारा पड़ताल शुरू की। उसकी पहचान 28 वर्षीय आशीष सरोज पुत्र रामपाल निवासी कटरा राजा हिम्मत सिंह, कोतवाली नगर अमेठी के रूप में की गई। तकनीकी जांच में पुलिस को पता चला कि वह किसी लड़की से प्रेम करता था। उससे मिलने बेल्हा देवी मंदिर आया था। उसको कॉल कर रहा था, लेकिन बात नहीं हो पा रही थी। दोपहर एक बजे तक वह धाम परिसर में परेशान होकर भटकता देखा गया। धाम में लगे सीसीटीवी फुटेज में भी वह दिखा। इसके बाद वह मंदिर के पीछे चला गया। बाद में उसकी लाश मिली। पुलिस को यह तथ्य मिला है कि प्रेमिका से मिलने की बात न बनने पर जान दी।


**आवश्यकता है**

**श्री रामपाल महाविद्यालय**
**बहेरिया, सण्डीला, हरदोई**

**बी.एससी. कृषि संकाय–** सहायक आचार्य कृषि अर्थशास्त्र, सस्य विज्ञान, **योग्यता–** यू.जी.सी. मानक के अनुसार।
**बी.एससी. (गणित/ विज्ञान) संकाय–** सहायक आचार्य की आवश्यकता है वनस्पति विज्ञान, **योग्यता–** यू.जी.सी. मानक के अनुसार।

**संपर्क सूत्र–7408106605**
प्रबंधक– श्री रामपाल महाविद्यालय, बहेरिया, सण्डीला, हरदोई


## लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर बस ने स्कूटी सवार दंपति को मारी ठोकर, शिक्षक पत्नी की मौत

**रानीगंज, प्रतापगढ़ :** लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर रविवार की सुबह गाजी की बाग चौराहे पर पुलिस चौकी के सामने वॉल्वो बस ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षक पत्नी की मौत हो गई जबकि पति घायल हैं। फतनपुर थाना क्षेत्र के सुरवा मिश्रपुर निवासी 38 वर्षीय राकेश यादव पत्नी 36 वर्षीय निर्मला यादव संग रानीगंज की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह गाजी की बाग पुलिस चौकी के पास पहुंचे, प्रतापगढ़ की ओर से लखनऊ से दिल्ली जा रही बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े। बस ने महिला को कुचल दिया और पति भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को रानीगंज ट्रामा सेंटर पहुंचाया। निर्मला यादव को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। राकेश की हालत नाजुक देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। राकेश यादव सूरत में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं और पत्नी एक प्राइवेट विद्यालय में शिक्षक थीं। राकेश इन दिनों गांव में ही रहकर सुवंशा बाजार में अपना नया घर बनवा रहे हैं। मृतका निर्मला यादव अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गई हैं। मां की मौत की खबर मिलते ही बच्चे स्तब्ध हो गए। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। परिजनों ने घटना को लेकर थाने पर हंगामा किया। काफी समझाने पर लोगों का गुस्सा शांत हुआ।


निर्मला यादव।

## मदर्स डे: भावपूर्ण प्रस्तुतियों से समझाया जीवन में मां का महत्व

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** बीएसएस एकेडमी, फुलवारी में शनिवार को मदर्स डे पर बच्चों ने भावपूर्ण प्रस्तुतियों से जीवन में मां का महत्व बताया गया। विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह ने मां त्याग, प्रेम, दया और स्नेह की प्रतिमूर्ति होती हैं। वासु, शिवांश, अवनी, वंशिका, अथर्व, अक्षय, अन्वी, प्राची, आराध्या, दिव्यांशी, शुभी, रिधिका, अना आजाद, वान्या, शिविका, आस्था, नैतिक, ऐंजल, अन्वी, मशरिफा, तेजस, अवनिका, विशेष, अक्षत, वैष्णवी, उन्नति, अव्यांश, रुद्र प्रताप, दुष्यंत, आर्यन, श्रव्या, अतिशय, रुपम, कुश, मुदस्सिर, सौम्या, मंतशा, आदेश ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी जिस पर मौजूद सभी लोग ताली बजाने पर मजबूर हो गए। इस दौरान संजू सिंह, किरन सिंह, ऊषा जायसवाल, प्रवेश मिश्र, दृष्टि मिश्रा, नेहा पाल, खुशी तिवारी, दर्शना सिंह, आयुशी उपाध्याय को सम्मानित किया गया। मैनेजर धर्मेंद्र सिंह प्रधानाचार्य विनय सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान शिवानी कांत वर्मा, अंजू राय, प्रीतम राज, चंद्र प्रकाश सिंह, अंजली सिंह, पल्लवी शुक्ला आदि रही।

## गणित के प्रति रुचि बढ़ाने को कराई प्रतियोगिता

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग व मैप एपिक कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमि. के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाने को गत माह लखनऊ में स्पर्धा हुई। इसमें बालवाड़ी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। उक्त बातें प्रतियोगिता के संयोजक प्रतापगढ़ जिले के निवासी संजय पांडेय ने रविवार को बाबागंज स्थित होटल में पत्रकार वार्ता में कही। बताया कि इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों को अंकों का शुद्ध उच्चारण, पूर्णांक एवं अपूर्णांक के पाठों का प्रभावी प्रस्तुतीकरण करना रहा। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति व्याप्त भय को दूर कर उनमें गणित के प्रति रुचि विकसित करना है। संजय ने कहा कि गणित सभी विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की आधारशिला है। प्रारंभिक स्तर पर पाठों के सशक्त अभ्यास द्वारा गणित की मजबूत नींव रखी जा सकती है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑनलाईन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से** "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **1.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः–सीसेई/कार्य/उत्तर/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आवासीय एवं सर्विस भवन आदि) (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–28; अनुमानित लागत(₹): ₹2,50,36,694/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹5,00,700/-; **2.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– सीसेई/कार्य/दक्षिण/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आवासीय एवं सर्विस भवन आदि) (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–29; अनुमानित लागत(₹): ₹2,64,80,891/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹5,29,600/-; **3.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– सीसेई/कार्य/बनारस कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आवासीय एवं सर्विस भवन आदि) (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–30; अनुमानित लागत(₹): ₹2,40,84,073/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹4,81,700/-; **4.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– फेफना (रहित)–दोहरीघाट (रहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित, कोचिंग डिपो/मऊ तथा सीसेई/इलेक्ट्रिकल/सामान्य/मऊ कार्यालय। (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी– 2026–31; अनुमानित लागत(₹): ₹1,64,55,081/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹3,29,100/-; **5.** कार्य का नामः मऊ (रहित) – शाहगंज (सहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–32; अनुमानित लागत(₹): ₹1,50,81,953/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹3,01,600/-; **6.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः–अनुभाग औड़िहार (रहित)–फेफना (रहित) (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर– बीएसबी– 2026–33; अनुमानित लागत(₹): ₹2,86,63,233/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹5,73,300/-; **7.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः–अनुभाग फेफना (सहित)–छपरा (रहित) (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–34; अनुमानित लागत(₹): ₹1,64,60,108/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹3,29,200/-; **8.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः–सैदपुर भितरी विद्युत लोको शेड (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–35; अनुमानित लागत(₹): ₹27,50,000/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹55,000/-; **9.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः–समइं/बलिया कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत पुलों का रखरखाव कार्य (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–36; अनुमानित लागत(₹): ₹67,88,099/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹1,35,800/-; **10.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः–समइं/बलिया कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत समपारों का रखरखाव कार्य (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–37; अनुमानित लागत(₹): ₹67,88,100/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹1,35,800/-; **11.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः–क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान/गाजीपुर (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–38; अनुमानित लागत(₹): ₹70,00,000/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹1,40,000/-; **12.** क्षेत्रीय कार्यः–अनुभाग छपरा (सहित)–मढ़ौरा (सहित) (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–39; अनुमानित लागत(₹): ₹4,54,56,397/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹9,09,100 /-; **13.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– अनुभाग मढ़ौरा (रहित)–थावे (सहित) (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर– बीएसबी–2026–40; अनुमानित लागत(₹): ₹75,28,266/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹1,50,600/-; **14.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः–अनुभाग थावे (रहित)–कप्तानगंज (रहित) (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी– 2026–41; अनुमानित लागत(₹): ₹60,92,792/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹1,21,900/-; **15.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– समइं/छपरा कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत समपारों का रखरखाव कार्य (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–42; अनुमानित लागत(₹): ₹1,80,54,747/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹3,61,100/-; **16.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– समइं/ छपरा कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत पुलों का रखरखाव कार्य (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–43; अनुमानित लागत(₹): ₹67,88,100/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹1,35,800/-; **17.** कार्य का नामः समइं/पूर्व/गोरखपुर कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत भटनी – गोरखपुर छावनी (रहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–44; अनुमानित लागत(₹): ₹2,96,14,039/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹5,92,300/-; **18.** कार्य का नामः समइं/पूर्व/गोरखपुर कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत गोरखपुर छावनी (रहित)–कप्तानगंज–वाल्मिकीनगर (रहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–45; अनुमानित लागत(₹): ₹1,92,74,834/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹3,85,500/-; **19.** कार्य का नामः समइं/सिवान कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सिवान – भटनी (रहित), सिवान – थावे (रहित), थावे (रहित) – हथुआ – पंचदेवरी अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–46; अनुमानित लागत(₹): ₹1,99,50,994/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹3,99,000/-; **20.** कार्य का नामः समइं/सिवान कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सिवान (रहित)–छपरा (रहित), दुरौंधा – मसरख (रहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–47; अनुमानित लागत(₹): ₹1,63,23,541/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹3,26,500/-; **21.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– कटका (रहित) – प्रयागराज रामबाग (सहित) (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–48; अनुमानित लागत(₹): ₹1,32,69,291/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹2,65,400/-; **22.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः–औड़िहार (रहित)–कटका (सहित) (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी– 2026–49; अनुमानित लागत(₹): ₹1,61,34,178/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹3,22,700/-; **23.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– समइं/लाइन/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत पुलों का रखरखाव कार्य (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–50; अनुमानित लागत(₹): ₹77,28,983/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹1,54,600/-; **24.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– समइं/लाइन/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत समपारों का रखरखाव कार्य (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–51; अनुमानित लागत(₹): ₹77,28,983/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹1,54,600/-; **25.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– डेमू शेड औड़िहार (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–52; अनुमानित लागत(₹): ₹27,50,000/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹55,000/-; **26.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– जखनियाँ (रहित)–मऊ (रहित)–भटनी (रहित) (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर– बीएसबी–2026–53; अनुमानित लागत(₹): ₹1,59,39,744/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹3,18,800/-; **27.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– मऊ स्टेशन, कालोनी, सर्विस बिल्डिंग आदि (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–54; अनुमानित लागत(₹): ₹97,24,153/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹1,94,500/-; **28.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः–जखनियाँ (सहित)–औड़िहार (सहित)–जौनपुर (रहित) (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–55; अनुमानित लागत(₹): ₹86,56,712/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹1,73,100/-; **29.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– समइं/पूर्व/मऊ कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत पुलों का रखरखाव कार्य (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–56; अनुमानित लागत(₹): ₹67,88,100/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹1,35,800/-; **30.** कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्यः– समइं/पूर्व/मऊ कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत समपारों का रखरखाव कार्य (समयावधि 30.06.2027)। ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर– बीएसबी–2026–57; अनुमानित लागत(₹): ₹67,88,099/- अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹1,35,800/-; **निविदा बंद होने की तिथिः 1 से 30 के लिएः** 02.06.2026; **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 1 से 30 के लिएः** 30.06.2027. • निविदा सूचना संख्या **एनईआर–बीएसबी–2026–28** से **एनईआर–बीएसबी–2026–57** दिनांक 02.06.2026 को 11:30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०), वाराणसी**
**मुजाधि/डब्ल्यू–90**
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैंने अपना नाम HEERA LAL YADAV से बदलकर HEERA LAL S/O RAM PRASAD रख लिया है अब से मुझे मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा, पढ़ा व समझा जाए। **पता– ग्राम– रवासिया, पो0– लोधवारी, थाना– डीह, तह0 सदर– रायबरेली।**

**NOTICE**
I, Nilam Bajpai, W/O Alok Bajpai, resident of 568/229, Kailashpuri, Alambagh Lucknow, have changed my name to Neelam Bajpai as per the documents.

**सूचना**
मैंने अपना नाम INDRESH BAHADUR YADAV से बदलकर INDRESH BAHADUR S/O HEERA LAL रख लिया है अब से मुझे मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा, पढ़ा व समझा जाए। **पता– ग्राम– रवासिया पो0– लोधवारी, थाना– डीह, तह0 सदर– रायबरेली।**

**सूचना**
मेरा नाम RAMAN DWIVEDI व पिता जी का नाम MANVENDRA DWIVEDI है। मेरी वर्ष 2015 की हाई स्कूल की मार्कशीट अनुक्रमांक 1127298 व इंटर वर्ष 2017 की मार्कशीट अनुक्रमांक 0818842 जो कहीं खो गई है। मार्कशीट व प्रमाण पत्र दोनों एक ही में हैं। **रमन द्विवेदी पुत्र मानवेन्द्र द्विवेदी, ग्राम श्यामदासपुर थाना अतरौली जिला हरदोई।**

**सूचना**
मैं **डिपटी पुत्र स्व0 जसौंदी निवासी छतई खेडा, थाना–अजगैन, जनपद–उन्नाव उ0प्र0** का हूँ। मैं अपने पुत्र आमिर खान व पुत्रवधू के गलत संव्यवहारों के कारण अपनी समस्त चल–अचल (पैतृक व निजी) सम्पत्ति से बेदखल करते हुए, समस्त सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। वह खुद के कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई लेना–देना व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
पहले मेरा नाम KAVIR AHAMAD था अब मैंने बदलकर अपना नाम KABIR AHAMAD रख लिया है अब भविष्य में मुझे KABIR AHAMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- JAMAL SHAHID R/O- 29/2, KHA, MASJID COLONY RAMTIRATH MARG NARHI, LUCKNOW

**सूचना**
मैंने अपना नाम NEELAM CHANDANI से बदलकर NEELAM AMLANI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0- MANOJ AMLANI ADD-569 CHA 9PREM NAGAR, NEAR KIRTI BEAUTY PARLOR, DIST- LUCKNOW- 226001 (U.P.)

**सूचना**
मै **शिवपाल पुत्र भीखा निवासी ग्राम पकरा, मजरा तारगांव, थाना दही, जिला उन्नाव,** मैने अपनी पुत्री स्नेहलता व दामाद गोविन्द पुत्र सोने लाल के अविधिक व अनैतिक क्रियाकलापों से तंग आकर स्वेच्छा से अपनी पुत्री व दामाद को हर प्रकार के रिश्ते से बेदखल कर दिया है। आज से इनके द्वारा किया गया कोई भी कृत्य अथवा लेन–देन की जिम्मेदारी मेरी तथा मेरे परिवारीजनो की नहीं होगी।

**सूचना**
हम **रेशमा व शबनम पुत्रीगण स्व0 अब्दुल वाहिद निवासीगण 236/34, सुभाष मार्ग, मौलवी अनवर, थाना चौक, वार्ड राजाबाजार, लखनऊ** सूचित करते हैं कि हम अपने भाई मो0 फरीद व उनकी पत्नी सना फातिमा के अपारिवारिक आचरण, कलह एवं झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी से परेशान हो कर अपने भवन से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों एवं वाद विवाद से हमारा और हमारे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**NOTICE**
I MOHAMMAD HASEEN KHAN (current name in passport) ______ holder of Indian Passport No. R2536659 having permanent address TAKIYA FALAS BAG, JAGAT NARAYANA ROAD, NIKAT CITY STATION, LUCKNOW, POST- AMINABAD PARK, LUCKNOW,UP, INDIA (state, country and Pin Code) 226018 residing in Kuwait at present, hereby declare that henceforth my name will be read as under: Given name MOHAMMAD (name) and Surname HASEEB.



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
सप्तम् मण्डल सिंचाई कार्य,
सरोजनी नायडू मार्ग,
लखनऊ।

ई–निविदा सूचना संख्या–01/SE-VII/2026–27

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन, टेक्निक्ल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश में सिविल कार्यों हेतु वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक–13.05.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक–19.05.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। मुख्य अभियन्ता (शारदा सहायक), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निर्धारित समिति के माध्यम से निविदा दिनांक–19.05.2026 को अपराह्न 15:00 बजे अधीक्षण अभियन्ता, सप्तम् मण्डल सिंचाई कार्य, लखनऊ के कार्यालय कक्ष में उपस्थित फर्मो/ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी तथा प्री–क्वालीफिकेशन एवं टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं की फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर ई–पोर्टल पर सूचित किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी। पूर्ण निविदा नोटिस एवं प्रपत्र की जानकारी http://idup.gov.in पर भी उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (GST रहित) (लाख रू0 में) |
|---|---|---|
| 1 | जनपद लखनऊ के अन्तर्गत रसूलपुर अल्पिका के किमी 0.000 से किमी 5.889 तक पुनरोद्वार का कार्य। | 42.52 |
| 2 | कादूनाला ड्रेन के किमी 68.249 से किमी 28.000 तक सफाई का कार्य। | 40.72 |
| 3 | जौनपुर शाखा के आंतरिक भाग के पुनरोद्वार का कार्य। | 1159.00 |
| 4 | सुलतानुपर समानान्तर शाखा के किमी 0.000 से किमी 30.500 के मध्य पुर्नस्थापना का कार्य। | 576.31 |
| 5 | दरियाबाद समानान्तर शाखा की बॉयी शाखा के किमी 0.200 से किमी 42.960 के मध्य पुर्नस्थापना का कार्य। | 1342.05 |
| 6 | दरियाबाद समानान्तर शाखा की दॉयी शाखा के किमी 0.200 से किमी 42.960 के मध्य पुर्नस्थापना का कार्य। | 1200.74 |

(भानु प्रताप सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
सप्तम मण्डल सिंचाई कार्य,
लखनऊ

UP - 250994 दिनांकः 08/05/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**



कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–रायबरेली।
पत्रॉक 350 /ग्रा0अ0वि0/निविदा आमंत्रण/2026–27,दिनॉक– 29.04.2026
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–रायबरेली द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से (श्रेणी'ए,बी,सी एवं डी) जिसके लिये अधिकृत है, से प्रतिशत दरों पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाताओं द्वारा एक या समस्त कार्यो के लिये निविदा दी जा सकती हैं।

*कार्य का विवरण*

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| त्वरित आर्थिक विकास योजना (विधान सभा क्षेत्र–सदर) | | | | | | |
| 1 | रायबरेली | **सदर क्षेत्र के बालापुर मोड से ज्योतिबा नगर चौराहा तक इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य** | 22.56 | 45120.00 | 250.00 | 03 माह |
| 2 | रायबरेली | **सदर क्षेत्र के मोहल्ला साकेत नगर मे सुमित बेकरी प्वांइट से शशिकेश सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य** | 25.45 | 50900.00 | 260.00 | 03 माह |
| 3 | रायबरेली | **सदर क्षेत्र के मोहल्ला राम विलास नगर मे के0डी0 सिंह के घर से राकेश मिश्रा के घर तक इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य** | 26.85 | 53700.00 | 270.00 | 03 माह |

2. बिड डाक्यूमेण्ट बेवसाईट पर आनलाइन दिनांक 18.05.2026 से उपलब्ध हैं।
3. ई0–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि 30.05.2026 एवं समय 12:00 अपरान्ह बजे तक।
4. ई0–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि 30.05.2026एवं समय 12:30 अपरान्ह।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को संशोधन/शुद्धि पत्र जारी करने का आई0टी0बी0 के क्लाज–09 के अनुसार अधिकार है। जो आनलाइन उपलब्ध रहेगा एवं समाचार पत्रों मे प्रकाशित नही होगा समस्त इच्छुक बिडर्स को सलाह दी जाती है कि वे ई–टेण्डर पोर्टल को नियमित रूप से चेक करते रहे।

अन्य आवश्यक जानकारी ई0 निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने हेतु http/etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

अधिशाषी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–रायबरेली।

UP - 250973 दिनांकः 08/05/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

न्यूज ब्रीफ

## मोबाइल चोरी करते पकड़ा गया युवक

**टिकैतनगर, बाराबंकी :** थाना क्षेत्र के पंसारा गांव में शनिवार देर रात मोबाइल चोरी का प्रयास करने वाले एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस आरोपी को अपने साथ थाने ले गई। गांव निवासी अनीश अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रात में घर पर सो रहे थे। इसी दौरान एक युवक उनके सिरहाने से मोबाइल फोन उठाकर उनके बेटे के पास पहुंचा और वहां से भी मोबाइल उठाने का प्रयास किया। बेटे की आंख खुलने पर युवक भागने लगा, लेकिन दौड़ाकर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम जितेंद्र पुत्र सहजराम निवासी सुखीपुर बताया। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी पहले पड़ोसी विलाल अहमद के घर में भी घुसा था और बाहर निकलते समय दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था। घटना के बाद आरोपी मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आदर्श कोतवाली नगर में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस युवक की तलाश में जुटी हुई है। बेगमगंज सरावगी निवासी सुनीता पत्नी स्वर्गीय अक्षय लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र नकुल उर्फ रोहित 7 मई को शाम करीब 3 बजे घर से बिना किसी सूचना के निकल गया था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने युवक की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। तहरीर में बताया गया है कि नकुल मानसिक रूप से अस्वस्थ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज ली है।

# सांसद के घर को घेरने जा रहे भाजपाइयों को पुलिस ने रोका

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संसद में विरोध पर भड़कीं महिलाएं

- सांसद तनुज पुनिया के आवास के सामने नारेबाजी कर जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संसद में विरोध पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया के घर का घेराव करने जा रही आक्रोशित महिलाओं एवं भाजपा कार्यकताओं को पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोका। इसको लेकर महिलाओं ने धरने पर बैठकर कांग्रेस एवं सपा के रवैए का विरोध करते हुए जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी।

धरना-प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद, अखिलेश यादव मुर्दाबाद, प्रियंका गांधी होश में आओ, नारी के सम्मान में भाजपा मैदान में जैसे गगन भेदी नारे लगाती रहीं। इसके पूर्व सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं भाजपाई ओबरी स्थित धरना स्थल पर एकत्रित हुए। धरना में शामिल जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा कि का कहना है कि नारी वंदन अधिनियम के खिलाफ संसद में बोलकर सांसद तनुज पुनिया ने महिलाओं का अपमान किया है। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं सपा का सूपड़ा साफ करके नारी शक्ति इसका बदला लेगी। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रामेश्वरी त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस का महिला विरोधी चरित्र बहुत पुराना है। महिला आरक्षण बिल का विरोध करके विपक्षी पार्टियों ने नारी शक्ति का अपमान किया है। डॉ रामकुमारी मौर्य ने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए अधिक संख्या में सीटें आरक्षित होने से महिलाओं की देश के विकास में भागीदारी बढ़ जाती, मगर विपक्षी पार्टियों ने महिला आरक्षण बिल को सदन में पारित नहीं होने दिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामसिंह वर्मा, जिला महामंत्री विजय आनंद बाजपेई, हरगोविंद सिंह, रचना श्रीवास्तव, नीता अवस्थी, गुंजन शर्मा, उर्मिला रावत, निर्मला रावत, सरिता वर्मा, सोनिया गुप्ता, पवन सिंह रिंकू, ब्रजेश रावत, नवीन राठौर, अनीता चौहान, चिंता देवी, अशोक कुमारी, आशा देवी सहित सैकड़ों महिलाएं एवं भाजपाई मौजूद रहे।



कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया के घर का घेराव करने जाते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भ्रम और झूठ फैला रही भाजपा: तनुज पुनिया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भाजपा महिला मोर्चा के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने भाजपा पर विपक्ष के खिलाफ भ्रम और झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में लाए गए नारी शक्ति महिला आरक्षण विधेयक को पूरे सदन ने समर्थन देकर पारित किया था, लेकिन भाजपा अब जनगणना और परिसीमन के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है। तनुज पुनिया ने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी के नेतृत्व में 40 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को टिकट देकर उन्हें राजनीति में आगे बढ़ाने का कार्य किया था, जबकि भाजपा ने ऐसा कभी नहीं किया। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि यदि पार्टी वास्तव में महिलाओं के हित की सोच रखती है तो वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 40 प्रतिशत टिकट देकर दिखाए। तभी यह माना जाएगा कि भाजपा महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर गंभीर है। कहा कांग्रेस महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका में आगे लाने का काम करती रहेगी।

# केंद्र व प्रदेश सरकार कर रही गुमराह: तनुज



बैठक में मौजूद पूर्व सांसद पीएल पुनिया, सांसद तनुज पुनिया व अन्य। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** जिला कांग्रेस कार्यालय छाया चौराहे पर रविवार को जिला कांग्रेस की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सांसद तनुज पुनिया एवं पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने की। जिला अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि जिले में कांग्रेस संगठन पूरी तरह सक्रिय और मजबूत है। संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक से लेकर बूथ स्तर तक संगठन का गठन किया जा चुका है। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद तनुज पुनिया ने केरल और तमिलनाडु में कांग्रेस गठबंधन की जीत पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी तथा मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों में संगठन मजबूत था और कार्यकर्ताओं की एकजुटता के कारण भाजपा को करारी शिकस्त मिली। महिला आरक्षण पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में 40 प्रतिशत महिलाओं को टिकट देकर महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने का कार्य किया था। पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया ने कहा कि उन्हें बाराबंकी कांग्रेस संगठन पर पूरा विश्वास है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हमेशा ईमानदारी और संघर्ष के साथ संगठन को मजबूत किया है। इसी का परिणाम पिछले लोकसभा चुनाव में देखने को मिला, जब कार्यकर्ताओं ने तनुज पुनिया को भारी मतों से विजयी बनाकर लोकसभा पहुंचाया। बैठक का संचालन सेवादल अध्यक्ष कमल भल्ला ने किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, राजेंद्र वर्मा, सरवर अली, सरजू शर्मा, के.सी. श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे।



महिलाओं को जागरूक करतीं पुलिसकर्मी। अमृत विचार

## मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज- 5 द्वितीय चरण के तहत पुलिस ने जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। थानों में संचालित मिशन शक्ति केंद्र की महिला अधिकारी, कर्मचारियों ने अपने- अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर पुलिस के स्तर से संचालित योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण के लिए जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय, राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

## दो दर्जन से अधिक वाहनों का किया चालान

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** सड़क सुरक्षा को लेकर कोतवाली पुलिस ने रविवार को नेशनल हाईवे पर सर्विस रोड और भिटरिया चौराहे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट, ट्रिपल सवारी, बिना नंबर प्लेट और बिना बीमा के बाइक चला रहे दो दर्जन से अधिक वाहन चालकों के चालान किए गए। इस कार्रवाई से नियम तोड़ रहे लोगों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करने की हिदायत भी दी। एसआई गया प्रसाद पांडेय और एसआई देवता दीन के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में पुलिस टीम ने कई संदिग्ध वाहनों की भी जांच की। पुलिस ने कहा कि आगे भी इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर कोतवाली पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## एमएलसी का मनाया गया जन्मदिन



एमएलसी का जन्मदिन मनाते गल्ला आढ़तिया व्यापार संघ के लोग। अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** गल्ला आढ़तिया व्यापार संघ की ओर से रविवार को लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में संघ पदाधिकारियों, भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एमएलसी को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर भाजपा नेता प्रहलाद कुमार विमल ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिंदों के लिए जल पात्र वितरित किए। व्यापारी संघ अध्यक्ष बृजेश वर्मा ने कहा कि एमएलसी अंगद सिंह हमेशा व्यापारियों और आम जनता के हित में कार्य करते रहे हैं तथा हर समय लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम में मकरंद यादव, आशीष यादव, गुड्डू जायसवाल, अजीम, सतीश वर्मा, नीमीलाल, शिवनारायण, पवन जायसवाल, मेराज, उस्मान अली, एमएलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह, दुर्गेश दीक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप रावत, प्रेम शंकर तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व व्यापारी मौजूद रहे।

# हादसों में 2 की मौत, कई वाहन क्षतिग्रस्त

**हैदरगढ़, जैदपुर, बाराबंकी:** । सड़क हादसों में युवक व महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। एक हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुआ, जबकि दूसरा जैदपुर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कोतवाली क्षेत्र के सरायचौबे गांव के पास किलोमीटर 45.700 पर तेज रफ्तार डबल डेकर बस ने आगे चल रही पिकअप में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस पिकअप को पलटाते हुए करीब सौ मीटर तक घसीट ले गई। हादसे में पिकअप के पीछे सो रहे सुल्तानपुर जनपद के लंभुआ थाना क्षेत्र के भिटारे गांव निवासी राजेश यादव (30) पुत्र मनोज यादव की मौके पर ही मौत हो गई। चालक जितेंद्र कुमार मौर्य तथा राम लखन यादव सुरक्षित बच गए। सूचना पर एक्सप्रेसवे सुरक्षा टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बबुरा बांध मार्ग स्थित मोहल्ला इस्लाम नगर में रविवार को ईंटों से लदी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के समय यूसुफ की पत्नी रजिया बानो (55) सड़क किनारे बैठकर बकरी चरा रही थीं। ट्रॉली पलटने से महिला और उसकी तीन बकरियां दब गईं। आसपास मौजूद लोगों ने महिला को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



हादसे के बाद हाईवे पर पलटी पिकअप। अमृत विचार

## खेत जा रहे बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत

**जैदपुर, बाराबंकी:** थाना क्षेत्र के ग्राम गुलरहिया में रविवार को खेत गए एक बुजुर्ग किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों में चर्चा का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गुलरहिया निवासी प्रसादी (60) पुत्र शिवराज गांव के किनारे स्थित अपने खेत जा रहे थे कि अचानक गिर पड़े। आसपास खेतों में काम कर लोग दौड़ कर पहुंचे और प्रसादी को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। अचानक हुई घटना से घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना को लेकर कुछ लोग खेतों के किनारे लगे करंट के तारों व कुछ लोग जहरीले कीड़े के काटने को लेकर चर्चा कर रहे। शव पीएम के लिए भेजा गया है।



वरिष्ठों का सम्मान करते चेयरमैन रामशरण पाठक। अमृत विचार

## वरिष्ठ जनों को किया गया सम्मानित

**रामनगर, बाराबंकी :** रामनगर-फतेहपुर मार्ग स्थित एक पैलेस में वरिष्ठ जन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों एवं वरिष्ठजनों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, पगड़ी व मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। कस्बा अध्यक्ष रामशरण पाठक ने कहा महाराणा प्रताप ने जीवनभर स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख बृजपाल सिंह झान्नू ने कहा कि रामनगर की अलग पहचान स्थापित करने के लिए सभी समाजों को मिलकर कार्य करना होगा। शीतल बख्श सिंह ने समाज में बढ़ती एकता को सकारात्मक बताया। चेयरमैन रामशरण पाठक ने रामनगर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित कराने की घोषणा भी की। संचालन दीपक सिंह सरल ने किया। आयोजन की अगुवाई भानु प्रताप सिंह, बृजपाल सिंह झान्नू, संजय सिंह और अमित सिंह आजाद ने की। इस मौके पर शिवप्रकाश अवस्थी, रविंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह रुद्र, संदीप सिंह निक्कू, प्रभात सिंह, रविकांत पांडेय, पवन ओझा, दयाशंकर तिवारी, रामकरण सिंह, डॉ. विशाल सिंह आदि रहे।

## पेड़ की डाल गिरने से वृद्ध महिला घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** घर के बाहर बने शौचालय पर पेड़ की डाल गिरने से एक 70 वर्षीय वृद्धा घायल हो गई। जानकारी के अनुसार सुबेहा थाना क्षेत्र के कमेला गांव निवासी पच्चो पत्नी बदलू रविवार सुबह घर के सामने बने शौचालय गई हुई थी। तभी अचानक जंगल जलेबी के पेड़ की डाल गिर जाने से वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। काफी देर तक लोगों को वृद्धा के शौचालय में होने की जानकारी ही नहीं हुई। जानकारी होने पर स्थानीय लोगों ने डाल हटाकर बाहर निकाला और एंबुलेंस के सहारे सीएचसी पहुंचाया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है।



यात्रा के लिए निकलने की तैयारी करते आदित्य। अमृत विचार

## साइकिल से केदारनाथ यात्रा पर निकले आदित्य

**रामनगर, बाराबंकी :** कस्बे के पंचमुखी हनुमान मंदिर से रविवार को 22 वर्षीय आदित्य राजपूत ने केदारनाथ धाम, नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर और मुक्तिधाम तक की साइकिल यात्रा शुरू की। पूजा-अर्चना और हनुमान चालीसा पाठ के बाद आदित्य ने भगवान हनुमान और भोलेनाथ का आशीर्वाद लेकर यात्रा प्रारंभ की। आदित्य ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य युवाओं को धार्मिक स्थलों से जोड़ना, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक करना है। यात्रा के दौरान वह उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ धाम में दर्शन-पूजन करने के बाद नेपाल के विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में जलाभिषेक करेंगे तथा मुक्तिधाम में पूजा-अर्चना करेंगे। इस मौके पर उनके पिता देवीशरण ने बेटे के संकल्प को क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताया। व्यापार मंडल अध्यक्ष रविकांत पांडेय, पवन ओझा, गौ सेवक निखिल पांडेय समेत अन्य लोगों ने आदित्य को शुभकामनाएं दीं।

# गैस एजेंसी पर चला चाबुक, 8551 कनेक्शन ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गैस सिलेंडर को लेकर लाइन लगते आमजन और निरंतर आपूर्ति के लिए प्रयासरत प्रशासन की मंशा में बाधा बन रही एजेंसियों पर चाबुक चलने लगा है। लगातार शिकायतों व अनियमितता मिलने के बाद शहर की बड़ी एजेंसी के 8551 कनेक्शन दूसरी एजेंसियों को ट्रांसफर कर दिए गए हैं। खास बात यह भी कि 955 गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी लगातार लंबित चल रही थी। कार्रवाई की जद में आई अमित गैस एजेंसी शहर के कस्बा बंकी में स्थित है। इस एजेंसी पर मारपीट, लंबी लाइन, उपभोक्ताओं से बदसलूकी जैसी शिकायतें आम हो रही थीं। एजेंसी ने आपदा में अवसर तलाशने का भी काम किया और होम डिलीवरी में एक उपभोक्ता का सिलेंडर दूसरे को दे दिया।



एजेंसी पर कुछ इस तरह जूझते रहे उपभोक्ता। अमृत विचार

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने गैस उपभोक्ताओं की समस्या का संज्ञान लेते हुए बैकलाग वाली एजेंसियों की जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उनकी सख्ती का असर यह हुआ कि करीब हर एजेंसी की जांच शुरू कर दी गई, इनमें अमित गैस एजेंसी का नाम सबसे ऊपर आ गया। वितरण से संबंधी शिकायतों की जांच में एजेंसी का खेल उजागर हो गया। पता चला कि 955 उपभोक्ता ऐसे थे जिन्हे होम डिलीवरी ही नहीं की जा सकी थी। बता दें कि इस एजेंसी में करीब 18 हजार से अधिक गैस कनेक्शन हैं। लंबे समय से उपभोक्ता समय पर सिलिंडर न मिलने, बुकिंग में देरी और होम डिलीवरी में गड़बड़ी की शिकायत कर रहे थे। इस पर कार्रवाई करते हुए 8551 कनेक्शन दूसरी एजेंसियों को ट्रांसफर कर दिए गए हैं। इसके आगे की कार्रवाई भी प्रक्रिया में है। यही नहीं दूसरी एजेंसियों की जांच भी जारी है। गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई तय है।

जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी ने बताया कि वितरण से जुड़ी शिकायतों व अन्य अनियमितता के बाद अमित गैस एजेंसी के साढ़े आठ हजार से अधिक कनेक्शन ट्रांसफर कर दिए गए हैं। उपभोक्ता अधिकार से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

## मातृ दिवस पर 100 माताओं का हुआ सम्मान



कार्यक्रम में शामिल दीदियां। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मातृ दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बाराबंकी शाखा दिव्य शक्ति भवन में राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के समाज सेवा प्रभाग द्वारा मातृ सम्मान एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजयोगिनी बीके अनुराधा दीदी और बीके प्रीति दीदी ने तिलक व पुष्पगुच्छ देकर 100 से अधिक माताओं का सम्मान किया। साथ ही ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिकाओं मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती, दादी प्रकाशमणि, दादी जानकी, दादी हृदयमोहिनी और दादी रतनमोहिनी के मातृ वात्सल्य, करुणा और आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डाला गया। बीके अनुराधा दीदी ने कहा कि परमात्मा शिव ने दादा लेखराज के माध्यम से महिलाओं और माताओं को आध्यात्मिक ज्ञान व राजयोग द्वारा नई पहचान और सम्मान दिलाया। वहीं बीके प्रीति दीदी ने ब्रह्माकुमारीज़ यज्ञ में माताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार रखे। अंत में सभी को भोग प्रसाद वितरित किया गया।

फजीहत | ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर में पक्का तालाब स्थित हनुमान मंदिर के पास बनी है टंकी

# पानी की टंकी खराब, गहराया पेयजल संकट

**रामनगर, बाराबंकी:** विखं क्षेत्र की ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर में पक्का तालाब स्थित हनुमान मंदिर के पास बनी पानी की टंकी पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ी है। टंकी से जलापूर्ति ठप होने के कारण त्रिलोकपुर समेत आसपास के पांच गांवों में पेयजल संकट गहरा गया है। रविवार को टंकी परिसर के पास विरोध जताने पहुंचे स्थानीय निवासी मो. अकिल, मुजम्मिल अंसारी, विष्णु गुप्ता, अयूब अंसारी तथा बीडीसी हारून अंसारी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस टंकी से त्रिलोकपुर, केशरीपुर, कुरथरा, वादीपुरवा और कुटईबाग गांवों में पानी की आपूर्ति होती है। पिछले एक सप्ताह से सप्लाई बंद होने के कारण हजारों परिवारों को पीने के पानी और घरेलू कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पक्का तालाब स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में इसी टंकी से पानी की व्यवस्था होती थी, लेकिन जलापूर्ति बंद होने से श्रद्धालुओं को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले में अधिशासी अभियंता अमित कुमार ने बताया कि खराबी की जांच कराई जा रही है। जल्द उपकरणों की मरम्मत कराकर पानी की सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।



पेयजल को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### गर्मी में बढ़ी परेशानी

कई दिनों तक मौसम के उतार चढ़ाव के चलते राहत के दिन गुजार चुके आमजन को बढ़ती गर्मी परेशान करने लगी है। रविवार को तापमान 35 डिग्री पार कर गया। जानकारों की माने तक अगले सप्ताह तक गर्मी का पहले जैसा प्रचंड रूप देखने को मिलेगा। तीन बार कहीं आंधी तो कहीं बारिश की वजह से पारा खासा लुढ़क गया था। इसका विपरीत असर किसानों पर पड़ा तो शहरवासियों के लिए यह बदलाव काफी राहत भरा रहा। इस समय धूप तेवर देख कर स्पष्ट हो रहा कि लोगों का सुख चैन छिनने वाला है। पारा बढ़ते ही फिर एसी, कूलर का प्रयोग बढ़ गया है। वहीं उतार चढ़ाव के बाद बीमारियों ने भी सिर उठाया है। अस्पतालों में भीड़ उमड़ रही है।



बैठक को संबोधित करते बाराबंकी प्रभारी पंकज पांडे। अमृत विचार

## लोजपा ने संगठन की मजबूती का बनाया खाका

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की उत्तर प्रदेश इकाई मध्यांचल की संगठन समीक्षा बैठक रविवार को बदोसराय स्थित एमएस लॉन में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनसंपर्क अभियान तेज करने की रणनीति पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर युवाओं और महिलाओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य दिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रांत के महासचिव एवं बाराबंकी प्रभारी पंकज पांडे मौजूद रहे। प्रदेश सचिव गोरखनाथ दुबे, आईटी सेल प्रभारी नंदकुमार चौधरी और गोपालगंज (बिहार) के जिलाध्यक्ष सुधांशु मिश्रा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पंकज पांडे ने कहा कि पार्टी पहले भी उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ चुकी है और आगामी विधानसभा चुनाव में भी मजबूती से प्रत्याशी उतारे जाएंगे।

## होनहार बालक का राष्ट्रीय टीम में चयन



**हैदरगढ़, बाराबंकी :** विखं हैदरगढ़ के ओहरामऊ गांव निवासी अनिल कुमार सिंह (गुड्डू) के 15 वर्षीय पुत्र शौर्य प्रताप सिंह ने शूटिंग बाल चैम्पियनशिप की राष्ट्रीय टीम में जगह बनाकर माता पिता सहित क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। पिता ने बताया कि शौर्य वर्तमान समय में मैनपुरी के अमन इंटरनेशनल कालेज मे अध्ययनरत है। इससे पहले शूटिंग बाल की प्रदेश टीम मे सेलेक्शन हुआ था। अब पूरे प्रदेश से राष्ट्रीय टीम के लिए चयनित खिलाड़ियों में शौर्य का नाम होना गौरव की बात है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा जारी सूची के अनुसार यह टीम 12 मई से 14 मई तक तेलंगाना के एनटीआर महमूदाबाद स्टेडियम में विभिन्न टीमों से प्रतिस्पर्धा करेगी।

## नकदी व जेवर समेत युवती को भगा ले गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** असन्द्रा कोतवाली क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता की मां की तहरीर पर गांव निवासी छोटू निषाद और जीतू कुमार को नामजद किया गया है। आरोप है कि 8 मई की सुबह गांव का युवक जीतू कुमार युवती को मवई चौराहे तक ले गया जहां से छोटू निषाद उसे अपने साथ भगा ले गया। परिजनों के अनुसार युवती घर से जाते समय सोने-चांदी के जेवरात भी साथ ले गई। साथ ही उसके खाते में करीब दो लाख रुपये होने की बात भी बताई गई है।

न्यूज ब्रीफ

### छत से गिरकर किसान की मौत, मचा कोहराम

**नवाबगंज, उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चिलौला गांव में छत से गिरकर एक किसान की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी राजेश (45) पुत्र स्व. रुद्र प्रताप शनिवार रात एक वैवाहिक कार्यक्रम से लौटने के बाद छत पर सोने चले गए थे। देर रात लघुशंका के लिए उठे तो अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें आनन-फानन सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक खेती किसानी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी मौत से पत्नी रामरानी, बेटे संजीत व अंकित और बेटी शिवानी का रो-रोकर बुरा हाल है। अजगैन प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### लकड़ी का बोटा सिर पर गिरने से युवक ने तोड़ा दम

**उन्नाव, अमृत विचार :** बांगरमऊ कोतवाली के गंजमुरादाबाद के लुधियाना मोहल्ला निवासी नंदू (35) पुत्र अशोक लकड़ी कटवाने का धंधा करता है। रविवार देर शाम आठ बजे वह नगर के पश्चिम बाईपास पर स्थित एक आरा मशीन पर लकड़ी का बोटा हाईड्रा से उठवा कर आरा मशीन पर पहुंचवाने गया था। तभी हाईड्रा का पट्टा टूटने से लकड़ी का बोटा उसके सिर पर गिर गया। साथी रेहान उसे सीएचसी लाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते पत्नी साधना बेहाल हो गई। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा है।

# एचबीम स्लीपर डालने का कार्य अंतिम चरण में पहुंचा

## अधिकारी बोले- दो से तीन दिन में पूरा हो जाएगा काम, रेलवे पुल के डाउन लाइन पर आठ घंटे के मेगा ब्लॉक में 50 स्लीपर लगाए गए

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** रेलवे विभाग द्वारा कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित गंगा नदी पर बने रेलवे पुल के डाउन लाइन पर एचबीम चैनल स्लीपर डालने का कार्य अब अंतिम चरणों में पहुंच गया है। 2 अप्रैल से 13 मई तक 42 दिनों के लिए प्रतिदिन आठ घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर यह कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को 39वें दिन सुबह से शाम तक तेजी से काम करते हुए 50 एचबीम स्लीपर लगाए गए। अधिकारियों के अनुसार अब यह कार्य दो से तीन दिनों में पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद डाउन लाइन पर रेल संचालन पहले की तरह सामान्य हो जाएगा।



रेलवे पुल पर एचबीएम स्लीपर डालने का होता काम।



छमकनाली पुलिया पर नट बोल्ट कसने का काम करते कर्मचारी।

ब्रिज संख्या 110 के अंतर्गत कानपुर पुल के बांए किनारे से कानपुर की ओर मेगा ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की मंजूरी मिलने के बाद से यह कार्य लगातार जारी है। रविवार को सुबह 09:35 बजे से शाम 05:35 बजे तक मेगा ब्लॉक लिया गया। इस दौरान रेलकर्मियों ने डाउन लाइन के पुराने स्टील टर्फ को काटकर हटाया और उसकी जगह नए एचबीम चैनल स्लीपर स्थापित किए। पूरे दिन चले कार्य में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 50 स्लीपर लगाए गए। रेलवे अधिकारियों की निगरानी में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। कार्य पूरा होने के बाद ट्रैक की मजबूती बढ़ेगी और रेल संचालन अधिक सुरक्षित व सुचारु हो सकेगा।

### 108 छमकनाली पुलिया पर भी पूरे दिन हुआ काम

कानपुर-लखनऊ रेल रूट स्थित 108 छमकनाली पुलिया को शुक्रवार को शिफ्ट किया गया था। रविवार को दूसरे दिन पुलिया पर 15 का कॉसन लागू रहा। इस दौरान कर्मचारियों ने नट-बोल्ट कसने सहित अन्य तकनीकी कार्य पूरे किए। साथ ही ओएचई लाइन पर भी आवश्यक सुधार कार्य किया गया।

### साप्ताहिक बाजार में हुई असुविधा

रेलवे पुल के नीचे हर रविवार साप्ताहिक बाजार लगता है, लेकिन इस बार पुल पर कार्य होने के चलते सुरक्षा के दृष्टिकोण से नीचे बैरिकेडिंग कर दी गई। ऊपर से गिट्टी या अन्य सामग्री गिरने की आशंका के चलते लोगों की आवाजाही रोकी गई, जिससे बाजार लगाने वाले दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**संवाददाता नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार:** अजगैन कोतवाली के हरचंदपुर गांव में एक युवक का शव फंदे से लटका देख लोगों में सनसनी फैल गई। पुलिस ने पहचान करा शव मोर्चरी भेजा है। रविवार सुबह हरचंदपुर गांव निवासी विजय (45) पुत्र स्व. बाबूलाल का शव लोगों ने गांव के बाहर जामुन के पेड़ पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। जानकारी पर पहुंची पत्नी जगदेई पति को लटका देख फूट फूट कर रोने लगी। नवाबगंज कस्बा चौकी के दरोगा मुकुल दुबे ने जांच कर शव को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतरवाकर मोर्चरी भेजा। पत्नी ने बताया कि विजय मजदूरी करता था। उसी से घर का खर्च चलता था। उसके एक बेटा अंशु भी है। पत्नी पुलिस को आत्महत्या की वजह नहीं बता सकी। लेकिन चर्चा रही कि विजय पैर की बीमारी से कई सालों से ग्रसित था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आत्महत्या की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

# जन आरोग्य मेले में 91 मरीजों का परीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास क्षेत्र से मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. अक्षय कुमार, डॉ. अर्चना, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 91 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस मौके पर अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, अभिषेक अवस्थी, अमित कुशवाहा, मोनिका सक्सेना, ऋतु ओमर, सतीश कुमार मौजूद रहे।



पीएचसी में आयोजित स्वास्थ्य मेले में मौजूद मरीज। • अमृत विचार

• न्यू प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में आयोजित हुआ जन आरोग्य मेला

### हिन्दूपुर के पास गंगा कटान स्थल का विधायक ने लिया जायजा

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव :** बांगरमऊ क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने रविवार को ब्लॉक फतेहपुर चौरासी अंतर्गत कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर हिन्दूपुर के समीप गंगा नदी के निकट हुए कटान स्थल का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने क्षेत्रीय लोगों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर त्वरित और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराना उनकी प्रतिबद्धता है। उन्होंने कटान से मार्ग एवं ग्रामीणों को होने वाली संभावित समस्याओं को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम बांगरमऊ सहित भाजपा कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 166 वाहनों का किया गया चालान

नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** हाईवे स्थित टोल प्लाजा पर शनिवार देर रात ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चलाया। इस दौरान ब्रीथ एनलाइजर मशीन से वाहन चालकों की जांच की गई और उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान कुल 166 वाहनों का चालान किया गया, जबकि दो वाहनों को सीज किया गया।

अभियान एआरटीओ प्रवर्तन संजीव सिंह, हसनगंज क्षेत्राधिकारी तेज बहादुर सिंह, ट्रैफिक क्षेत्राधिकारी अजय प्रताप सिंह और ट्रैफिक इंस्पेक्टर सुनील सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान भारी वाहन, बस, डंपर, डीसीएम और दोपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और लंबी दूरी से पहले पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई। साथ ही बाइक सवारों को हेलमेट और कार चालकों को सीट बेल्ट के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर सोहरामऊ थाना प्रभारी अरविंद पांडेय, दही थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह, नवाबगंज चौकी प्रभारी मुकुल दुबे व उपनिरीक्षक जगसेन सोनकर सहित पुलिस बल मौजूद रहा।



ब्रीथ एनालाइजर से वाहन चालक की जांच करता ट्रैफिक कर्मी।

• टोल प्लाजा पर चला ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान

# महिला आरक्षियों को सिखाए गए आत्मरक्षा के तरीके

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** यूपी पुलिस के प्रशिक्षण निदेशालय के निर्देश पर महिला आरक्षियों के लिए सेल्फ डिफेंस टेक्निक्स पर कार्यशाला आयोजित की गई। सीओ लाइन विनी सिंह की देखरेख में जिले के विभिन्न थानों में तैनात महिला आरक्षियों के साथ वर्ष-2025 बैच की नव नियुक्त महिला आरक्षी शामिल हुईं। जिन्हें पुलिस लाइन में ताइक्वांडो के इंटरनेशनल कोच सोनू सिंह एवं उनकी टीम ने महिला पुलिसकर्मियों को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों और व्यावहारिक उपायों का प्रशिक्षण दिया।

सहायक कोच वर्षा गौतम व दिव्या भारती ने भी महिला आरक्षियों को आपात परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, शारीरिक संतुलन एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण तकनीकों का अभ्यास कराया। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह, निरीक्षक संतोष कुमारी, परिवार परामर्श केंद्र समिति प्रभारी डा. आशीष श्रीवास्तव, डा. मनीष सिंह सेंगर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सीओ ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य महिला पुलिसकर्मियों को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित एवं आत्मविश्वासी बनाना है।

• सेल्फ डिफेंस टेक्निक्स पर कार्यशाला का आयोजन

# पूजन संग राशन कलेक्शन सेंटर शुरू

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** रविवार को अमरनाथ सेवा मंडल के तत्वावधान में राजधानी मार्ग स्थित बिहारी मन्नीपुरम में राशन कलेक्शन सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया गया। जहां आचार्यों द्वारा हवन-पूजन और पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

सेवा मंडल के अध्यक्ष नितिन शर्मा ने बताया कि बाबा अमरनाथ की पवित्र यात्रा इस वर्ष 3 जुलाई से 28 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन, आवास और भंडारे की संपूर्ण व्यवस्था अमरनाथ सेवा मंडल द्वारा की जाती है। मंडल का भंडारा पवित्र गुफा, शेषनाग, पंचतरिणी, पनिहाल बेस कैंप, बालटाल और यात्री निवास जम्मू सहित विभिन्न स्थलों पर संचालित होता है। उन्होंने बताया कि राशन सामग्री 6 जून को शुक्लागंज से अमरनाथ धाम के लिए रवाना की जाएगी। उद्घाटन कार्यक्रम में मंडल के राज कुमार गुप्ता, महेन्द्र कुशवाहा, बाबी पांडे, शिशिर श्रीवास्तव, संतोष शर्मा, अरुण त्रिवेदी, सचिन ओमर, रामकिशोर पाल, अशोक सविता, रामबाबू शर्मा, सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कलेक्शन सेंटर के उद्घाटन के दौरान जयकारे लगाते भक्त। • अमृत विचार

• अमरनाथ सेवा मंडल 6 जून को बाबा के धाम भेजेगा राशन सामग्री

### शिक्षक संघ का प्रांतीय सम्मेलन मिर्जापुर में 15-16 मई को

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चन्देल गुट) का 59वां प्रांतीय ग्रीष्मकालीन सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी 15 व 16 मई को शेमफोर्ड स्कूल, बड़ी बसही, विंध्याचल धाम (मिर्जापुर) में आयोजित होगी। जिलाध्यक्ष हरिहर प्रसाद दीक्षित और जिला मंत्री राम शंकर ने जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में शामिल होने वाले शिक्षक अपनी सूची 11 मई तक जनपदीय संगठन को उपलब्ध करा दें। मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र गुप्ता ने जानकारी दी कि सम्मेलन में भाग लेने वाले शिक्षकों को शिक्षा निदेशक द्वारा विशेष अवकाश स्वीकृत किया गया है। सम्मेलन में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श होगा।

### तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गंगाघाट पुलिस ने एक अभियुक्त को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को गोकुल गेस्ट हाउस के पास से दबोचा। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह के अनुसार 9 मई 2026 को गोविंद चौहान की तहरीर पर विमलेश पासी व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने विमलेश पासी पुत्र नन्हू निवासी बाबाखेड़ा, थाना गंगाघाट को पकड़ लिया। उसके पास से एक तमंचा .315 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गईं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में पहले से एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मूलचंद्र पाठक, हेड कांस्टेबल रविशंकर पाठक और कांस्टेबल नितिन चौधरी शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में खड़ा आरोपी।

### फर्जी तरह से जमीन बेचने वाला गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** पुरवा कोतवाली पुलिस ने फर्जी विक्रेता बनकर जमीन का बैनामा कराने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया। बता दे कि मौरावां थाना क्षेत्र के गढ़ीथोक हिलौली निवासी श्रीराम ने 15 अप्रैल - 2026 को पुरवा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें उसने आरोप लगाया कि वह करीब 40 वर्षों से हिलौली गांव स्थित गाटा संख्या 2303 की भूमि पर खेती करता है। यह उक्त भूमि शिवराम पुत्र शिवदीन के नाम दर्ज थी। जिसका पिछले 35-40 वर्षों से लापता है। उसका कोई वारिस भी नहीं है आरोप है कि शिवम द्विवेदी, गुलनाज तथा मदारी ने आपस में मिलकर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए। साजिश के तहत मदारी को शिवराम बनाकर 26 दिसंबर - 2024 को फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा करा दिया। बाद में उसका दाखिल-खारिज भी हो गया। पुलिस की विवेचना में गुरूप्रसाद पुत्र नन्हक्कऊ निवासी मोहल्ला खागा थाना मौरावां का नाम प्रकाश में आया। इस पर दरोगा सियाराम चौरसिया ने फोर्स के साथ गुरूप्रसाद को पकड़ लिया। जिसपर आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे रविवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से वह जेल भेजा गया।

# पुष्प भेंटकर माताओं का हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, मोती नगर में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक नवीन भारतीय एवं प्रधानाचार्य माणिक भारतीय के मार्गदर्शन में हुआ, जहां उपस्थित सभी माताओं का तिलक, बैच व पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के सम्मान में मनमोहक नृत्य, गीत व भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं, जिससे वातावरण प्रेम और स्नेह से भर उठा। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित माताओं को भावुक कर दिया। कार्यक्रम के दौरान माताओं के लिए म्यूजिकल चेयर, बैलून गेम सहित कई मनोरंजक खेल आयोजित किए गए, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता माताओं को सम्मानित किया गया तथा सभी को स्मृति-चिह्न व उपहार भेंट किए गए। विद्यालय परिवार ने माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाएं जोया, गीतिका, अदिति, शेफाली, मानसी, दीपिका, कोमल, ज्योति व कामिनी का विशेष योगदान रहा। अंत में प्रधानाचार्य माणिक भारतीय ने कहा कि माँ ही जीवन की प्रथम गुरु होती हैं और उनका आशीर्वाद बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।



सम्मानित माताओं के साथ बैठे बच्चे। • अमृत विचार

• मातृ दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम माताओं का हुआ सम्मान

# 382 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एबीवीपी क्विज कॉन्क्लेव का आयोजन डीएसएम पब्लिक स्कूल में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व माता सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में सोनी शुक्ला, उमा गुप्ता, कैप्टन राहुल तिवारी व रीता सिंह उपस्थित रहीं। वहीं विकास त्रिपाठी, विभाग संयोजक क्षितिज अग्निहोत्री सहित सामाजिक कार्यकर्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों से आए करीब 382 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अवनीश शुक्ला, सुधीर सिंह (नगर अध्यक्ष), अभिषेक तिवारी (तहसील प्रमुख), शिखर अवस्थी, अनंत शुक्ला (जिला संयोजक), विपिन रावत (जिला सह संयोजक), आशुतोष सिंह, अगम शुक्ला, धुरव, हार्दिक, आदि मौजूद रहे। अतिथियों ने छात्रों को अनुशासन, अध्ययन और राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



क्विज कॉन्क्लेव के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि। • अमृत विचार

• एबीवीपी क्विज कॉन्क्लेव का किया गया आयोजन

### मौ.मोहानी की पुण्यतिथि पर होगी श्रद्धांजलि सभा

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** मौलाना हसरत मोहानी वेलफेयर एकादमी के तत्वावधान में स्वतंत्रता आंदोलन के नायक और इंकलाब जिंदाबाद व पूर्ण स्वराज्य के प्रणेता मौलाना हसरत मोहानी की 76वीं पुण्यतिथि पर 13 मई को श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम हजरत मोहानी पुस्तकालय, धवन रोड पर शाम 4 बजे से शुरू होगा। कार्यवाहक अध्यक्ष अतीक अहमद, प्रबंधक मंत्री अबरार हुसैन और सभासद मेराज खान ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा होंगी। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद उन्नाव के पूर्व अध्यक्ष चौधरी आलिम हुसैन जैदी, प्रसिद्ध अधिवक्ता व समाजसेवी संदीप दण्डन तथा मशहूर शायर श्याम बहादुर श्रीवास्तव एडवोकेट के चित्रों का पुस्तकालय में अनावरण भी किया जाएगा।

कार्यक्रम | सदर विधायक पंकज गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया

# श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा में 300 श्रद्धालुओं की टोली अयोध्या रवाना

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा के क्रम में रविवार को शुक्लागंज के मोहल्ला कंचन नगर एवं नाथू खेड़ा से लगभग 300 श्रद्धालु भक्तों की टोली को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा और बुजुर्गों के आशीर्वाद से यह यात्रा संभव हो रही है। उन्होंने इसे अपने जीवन का अमूल्य और अविस्मरणीय क्षण बताते हुए कहा कि बड़े-बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि समाज के आशीर्वाद से ही उन्हें यह सेवा कार्य करने का अवसर मिला है। श्रद्धालुओं के जयघोष, भक्ति संकीर्तन और श्रीराम के नाम से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला ने किया। इस मौके पर सूर्यकुमार बाजपेई, आशुतोष शुक्ला, अवनीश शुक्ला, कमल वर्मा, अमरेंद्र गुप्ता, ईशान त्रिवेदी, मनोज त्रिवेदी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



तीर्थ यात्रियों को संबोधित करते सदर विधायक पंकज गुप्ता। • अमृत विचार

### प्राचीन सिक्कों के अनोखे संग्रह ने खींचा विधायक का ध्यान

**संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव :** नगर के पोनी रोड स्थित शक्ति नगर में रहने वाले आशीष गुप्ता के प्राचीन सिक्कों और नोटों के अनोखे संग्रह ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। रविवार को उन्नाव के विधायक पंकज गुप्ता उनके घर पहुंचे और इस संग्रह को देखा। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी भले ही पुस्तकों और इंटरनेट के माध्यम से प्राचीन सिक्कों की जानकारी लेती हो, लेकिन इस तरह का वास्तविक संग्रह इतिहास को करीब से जानने का अवसर देता है। आशीष गुप्ता ने बताया कि उन्हें बचपन से ही सिक्के संजोने का शौक है। समय के साथ उनका यह शौक एक बड़े संग्रह में बदल गया। उनके पास वर्ष 1835 से लेकर 2025 तक के भारतीय सिक्कों का संग्रह है, जिसमें ब्रिटिश काल और गणतंत्र काल दोनों के सिक्के शामिल हैं। इसके अलावा उनके पास अमेरिका, चीन, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका सहित कई देशों के सिक्के और नोट भी मौजूद हैं। करीब 20 वर्ष पहले उन्होंने इस संग्रह को एल्बम का रूप दिया। वह समय-समय पर प्रदर्शनी लगाकर लोगों को ऐतिहासिक जानकारी भी देते हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में उनका बेटा हर्ष गुप्ता इस विरासत को आगे बढ़ाएगा।



प्राचीन नोटों के संग्रह को देखते सदर विधायक।

### 1857 के शहीदों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार :** नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट द्वारा रविवार को आनंद घाट स्थित शहीद स्मारक पर 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाकर ज्ञात और अज्ञात शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर कांग्रेस के मयंक बाजपेयी ने कहा कि 1857 में आज ही के दिन हमारे पूर्वजों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका था, जिसने स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखी। इस आंदोलन ने देशवासियों को आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विचित्रवीर सिंह, अकबाल अवस्थी, बाबूलाल गुप्ता, संजय सिंह, प्रकाश कनोजिया, पंकज सिंह, शिवकुमार प्रजापति, पिंटू तिवारी, दिनेश निषाद, अर्जुन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



शहीदों को याद करते कांगेसी। • अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### टेंट व्यवसायी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**सफीपुर, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में टेंट व्यवसायी सुरेश लोधी की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी शिवकुमार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मोहीखेड़ा गांव निवासी सुरेश लोधी (48) 27 अप्रैल को अपनी टेंट की दुकान से घर जा रहे थे। रास्ते में उनके पारिवारिक शिवकुमार पुत्र रमेश ने उन्हें रोककर शराब पीने के लिए रुपये मांगे। इंकार करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया और फरार हो गया। घायल सुरेश को पहले सीएचसी सफीपुर, फिर जिला अस्पताल और बाद में लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 2 मई की रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र प्रेम कुमार की तहरीर पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। रविवार को एसओ एसएन त्रिपाठी की टीम ने आरोपी को गंदा नाला के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती ने युवक और उसके परिजनों पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार युवक ने प्रेम संबंध बनाकर मंदिर में विवाह किया, लेकिन अब उसे पत्नी मानने से इनकार कर दिया है। युवती का आरोप है कि संबंध बनाने के बाद युवक ने उसे घर से निकाल दिया और परिवार वालों ने भी अपनाने से मना कर दिया। इससे वह मानसिक रूप से परेशान है और उसे जान का खतरा महसूस हो रहा है। पीड़िता न्याय की मांग को लेकर कोतवाली के चक्कर काट रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# किसान की आत्महत्या पर कांग्रेस ने प्रशासन को घेरा

## कांग्रेस नेता आशीष सिंह ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, घटना के 24 घंटे बाद भी कार्रवाई न होने पर उठाये सवाल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** देहात कोतवाली क्षेत्र के पूरा बहादुर गांव में किसान रणवीर सिंह उर्फ गुड्डू की मौत के मामले ने अब राजनीतिक रंग पकड़ लिया है। घटना के बाद जहां परिवार न्याय की मांग कर रहा है, वहीं विपक्षी दल भी प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर सवाल उठाने लगे हैं। मृतक किसान की शर्ट पर लेखपाल का नाम लिखे होने के बाद मामला और अधिक चर्चा में आ गया है। आरोप है कि घटना के 24 घंटे बीत जाने के बावजूद संबंधित लेखपाल के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसी मुद्दे को लेकर रविवार को कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष सिंह पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। गांव में मौजूद लोगों से बातचीत के दौरान भी उन्होंने प्रशासन की कार्यशैली पर नाराजगी जताई।



मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते कांग्रेस नेता आशीष सिंह। अमृत विचार

मीडिया से बातचीत करते हुए आशीष सिंह ने कहा कि यह सिर्फ आत्महत्या का मामला नहीं बल्कि प्रशासनिक दबाव और प्रताड़ना का नतीजा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लेखपाल की कथित दबंगई और लगातार मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर किसान ने यह कदम उठाया। उनका कहना था कि जिस दिन पूरा प्रदेश महाराणा प्रताप जयंती मना रहा था, उसी दिन एक किसान परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और पांच बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।

### मामले को कमजोर करने की कोशिश : आशीष

**हरदोई।** कांग्रेस नेता आशीष सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित लेखपाल पर पहले से गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज होने की चर्चाएं हैं, इसके बावजूद उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पुलिस पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि परिजनों की तहरीर का इंतजार किए बिना खुद मुकदमा दर्ज करना कई तरह की शंकाएं पैदा करता है। उनका आरोप था कि प्रशासन मामले को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।आशीष सिंह ने समाजवादी पार्टी पर भी अप्रत्यक्ष निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक ओर बड़े नेताओं द्वारा समाज और सम्मान की राजनीति की बात की जाती है, दूसरी ओर जमीनी स्तर पर आम लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द आरोपी लेखपाल की गिरफ्तारी और निलंबन नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने को मजबूर होगी।गांव में इस घटना के बाद शोक और गुस्से का माहौल बना हुआ है। मृतक किसान के परिवार वाले लगातार न्याय की मांग कर रहे हैं। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले की जांच जारी होने की बात कही जा रही है, लेकिन राजनीतिक बयानबाजी के बीच यह मामला जिले में चर्चा का बड़ा विषय बन गया है।

### दिल्ली से घर आ रहा युवक रास्ते से लापता

**हरदोई, अमृत विचार।** पत्नी के प्रसव की तारीख नज़दीक आ जाने पर उसका पति दिल्ली से गांव आ रहा था। शाहजहांपुर तक उसकी पिता से बात हुई, उसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। 48 घंटे बाद भी उसका कुछ अता-पता नहीं चल पा रहा है। उसके इस तरह गायब होने से गर्भवती पत्नी और बुजुर्ग मां-बाप परेशान है। पुलिस का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज करते हुए मोबाइल नंबर ट्रेस किया जा रहा है। हरियावां थाने के कपूरपुर चौधी निवासी ललित कुमार पुत्र दिनेश कुमार दिल्ली में नौकरी करता है। पत्नी रामसहेली के प्रसव की तारीख नज़दीक आने पर ललित गुरुवार की रात में गांव आने के लिए ट्रेन पर सवार हुआ था।



लापता ललित कुमार।

## 3.5 लाख का हार चोरी होने की रिपोर्ट 3 महीने बाद दर्ज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शादी समारोह में डीजे पर डांस के दौरान हुए झगड़े के बीच 3 लाख 5 हज़ार कीमत का सोने का हार गले से खींच लिया गया। शिकायत पर पुलिस ने कोई सुनवाई न करने पर मामला एसपी के पास पहुंचा, उनके एक्शन में आते ही हरकत में आई हरियावां पुलिस ने तीन महीनें बाद दो के खिलाफ केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरु कर दी है। कोतवाली देहात के नन्हे गांव निवासी अनुज की तहरीर पर शनिवार शाम दर्ज कराए केस में कहा है कि 4 फरवरी को उसके फूफा सोनपाल की पुत्री की बारात मझिला थाने के रसूलपुर से आई थी। वह पत्नी शिल्पी के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए रसूलपुर गया हुआ था। जयमाल होने के दौरान डीजे पर डांस कर रहे थे बारातियों ने दुल्हन के रिश्तेदार को डीजे पर खींच लिया। उसी बात पर दोनों में कहासुनी के साथ मारपीट शुरु हो गई। अनुज का कहना था कि वह बीच-बचाव करने पहुंचा, लेकिन बारातियो. ने उसकी पिटाई कर दी, पत्नी शिल्पी उसे बचा रही थी, आरोप है कि उसी बीच रसूलपुर निवासी ब्रजेश और बबलू ने उसकी पत्नी शिल्पी के गले में पड़े 3 लाख 5 हज़ार कीमत वाला सोने का हार खींच कर चोरी कर लिया।

## सरकारी चक मार्ग पर अवैध कब्ज़ा, डीएम से की शिकायत

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद के विकसित ग्राम पंचायत गोड़वा खेम में सरकारी कब्जे को लेकर ग्राम प्रधान नें जिलाधिकारी से की शिकायत। विकास खंड भरावण के ग्राम पंचायत गोड़वा खेम को विकास कार्यों को लेकर लाल किले पर केंद्र सरकार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।



सरकारी चक मार्ग पर बंधे जानवर।



चक मार्ग की ओर किए गए अवैध निर्माण के कारण बंद रास्ता।



सरकारी चक मार्ग पर बनी पक्की दीवार से बंद मार्ग।

गोड़वा खेम के ग्राम प्रधान सुशील कुमार सिंह ने बताया मजरा आलमखेड़ा में इंद्रपाल के घर से सुआगाड़ा खड़ंजा मार्ग तक लगे खड़ंजा पर लोगों ने सरकारी चक मार्ग पर कब्ज़ा करते हुये अपने अपने घरो में मिलाकर रास्ता बंद कर दिया है। आलमखेड़ा गांव के एक अन्य कच्चे मार्ग पर कुछ दबंगों ने कब्जा कर जगह-जगह दरवाजे खड़े कर दिए हैं। गांव के ही कन्हई लाल के घर से बरम्बाबा के घर तक खड़ंजा पर लोगों ने कब्जा करते हुये रास्ते को संकरा कर दिया है। गांव में ही ओम प्रकाश मिश्रा के खेत से सुआगाड़ा तिगांवा सम्पर्क मार्ग पर दबंगों ने दीवार बनाकर टीन शेड डाल रखा है और वाहन खड़ा करते है, चबूतरा बनाये है, जानवर बांध कर रास्ते अवरुद्ध किए है। ग्राम प्रधान ने जब उक्त लोगों से अतिक्रमण हटाने को लेकर कहा तो दबंगों ने अतिक्रमण न हटाने की बात कहते हुये सरकारी जमीन न छोड़ने की बात कही। ग्राम आलमखेड़ा के ही ग्रामीण पुत्तीलाल, भईयालाल, राजकुमार, राम सेवक, राजाराम ने भी बताया कि गांव में सरकारी चक मार्ग में तीन वर्ष से अवैध कब्जे के कारण आवागमन बाधित हो रहा है और बरसात में जल भराव हो जाता है। इसकी शिकायत ग्राम प्रधान व ब्लॉक भरावण में अधिकारियो से की लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया है।

## एसपी ने इंस्पेक्टर इख्तियार हुसैन को बनाया एसएचओ टड़ियावां

- एसएचओ बेहटा गोकुल एसआई धर्मेंद्र गिरि लाइन हाज़िर, मार्तण्ड प्रताप सिंह को सौंपी कमान

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी अशोक कुमार मीणा ने महकमे में फेरबदल करते हुए टड़ियावां थाने में तैनात इंस्पेक्टर (रिज़र्व) इख्तियार हुसैन को एसएचओ टड़ियावां बनाया है, साथ एसएचओ बेहटा गोकुल एसआई धर्मेंद्र गिरि को लाइन हाज़िर करते हुए एसएचओ बेनीगंज मार्तण्ड प्रताप सिंह को बेहटा गोकुल की ज़िम्मेदारी दी है।

माना जा रहा है कि सकाहा गेस्ट हाउस कांड को ले कर एसपी नाराज़ थे, उसी के चलते धर्मेंद्र गिरि पर गाज गिरी है। इसी तरह एसएचओ अतरौली सतीश चन्द्र अब बेनीगंज के एसएचओ होंगे। लोनार में तैनात इंस्पेक्टर राकेश सिंह यादव को पचदेवरा और गैंगेस्टर प्रकोष्ठ के प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह को अतरौली का एसएचओ बनाया गया है। सुरसा में तैनात एसआई सुनील कुमार मिश्रा को एसएचओ लोनार, कोतवाली शहर की रेलवे गंज पुलिस चौकी प्रभारी एसआई विश्वास शर्मा को सुरसा का एसएचओ बनाया है, वहीं पुलिस लाइन में तैनात एसआई शिवनारायण सिंह को रेलवे गंज पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

## बिजली संकट से जूझ रहे हरदोई के उद्योग

**हरदोई, अमृत विचार।** नघेटा औद्योगिक क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और बार-बार ट्रिपिंग से उद्योग संचालकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। परेशान उद्यमियों ने जिला उद्योग बंधु के अध्यक्ष को पत्र भेजकर समस्या के जल्द समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि प्रदेश सरकार की मंशा औद्योगिक इकाइयों को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके विपरीत नजर आ रहे हैं।

उद्योगपतियों के मुताबिक नघेटा औद्योगिक आस्थान के लिए अलग से एआरटीओ सब-स्टेशन बनाया गया था ताकि फैक्ट्रियों को बिना रुकावट बिजली मिल सके। आरोप है कि पिछले करीब एक वर्ष से इस सब-स्टेशन से गुरगुज्जा समेत अन्य बाहरी फीडरों को भी जोड़ दिया गया है। इससे बिजली व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है और वोल्टेज में लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बन रही है।उद्यमियों का कहना है कि अचानक होने वाली ट्रिपिंग और लंबे समय तक बिजली बाधित रहने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है। मशीनें बार-बार बंद होने से न केवल काम में रुकावट आती है बल्कि उद्योगों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। कई छोटे और मध्यम उद्योगों के सामने कामकाज प्रभावित होने का संकट खड़ा हो गया है।

### सब-स्टेशन को केवल उद्योगों की बिजली आपूर्ति तक सीमित रखा जाए

**हरदोई।** औद्योगिक आस्थान सहकारी समिति लिमिटेड, नघेटा के अध्यक्ष मन्नीलाल शाह और उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता समेत कई उद्योग संचालकों ने मांग की है कि औद्योगिक क्षेत्र के लिए बनाए गए सब-स्टेशन को केवल उद्योगों की बिजली आपूर्ति तक सीमित रखा जाए। बाहरी फीडरों को तत्काल हटाकर उद्योगों को निर्बाध सप्लाई सुनिश्चित की जाए। उद्यमियों ने यह भी कहा कि यदि विभाग सब-स्टेशन की लॉग बुक की जांच करे तो लगातार हो रही कटौती और ट्रिपिंग की वास्तविक स्थिति सामने आ जाएगी। इस मांग पत्र पर न्यू इंडिया फार्मा, मंगलम प्रिंटर्स, लक्ष्मी मेटल इंडस्ट्रीज, हसमत ट्रेडर्स, नेशनल इंडस्ट्रीज और अन्य कई प्रतिष्ठानों के संचालकों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया है।अब सभी की नजर प्रशासन और बिजली विभाग पर टिकी है कि उद्यमियों की इस गंभीर समस्या को लेकर क्या कार्रवाई की जाती है।

## प्रेमी के साथ पकड़ी गई दिल्ली से भागकर आई 3 बच्चों की मां

**हरदोई, अमृत विचार।** पति के साथ दिल्ली में रह रही तीन बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ भाग गई। इटावा पुलिस पति की तहरीर पर केस दर्ज कर उसे खोज रही थी। कई महीने बाद हरियावां थाने के कटिघरा में शनिवार को दोनों पकड़ लिया गया। पुलिस दोनों को लेकर इटावा रवाना हो गई।

इटावा ज़िले का रहने वाला शख्स करीब डेढ़ साल से पत्नी व तीन बच्चों के साथ दिल्ली में रहता था। वहीं पास में हरियावां थाने के कटिघरा निवासी दिनेश भी किराए पर रहता था, दोनों का एक-दूसरे के घर आना-जाना था। उस शख्स ने इटावा पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि करीब 10 महीने पहले दिनेश उसकी पत्नी को फुसला कर भगा ले गया। दोनों को ढूंढती घूम रही इटावा पुलिस को पता चला कि दिल्ली से भाग कर आई तीन बच्चों की मां प्रेमी दिनेश के गांव हरियावां थाने के कटिघरा में रह रही है। इसका पता होते ही शनिवार को इटावा पुलिस ने हरियावां पुलिस टीम के साथ कटिघरा से आरोपी दिनेश को गिरफ्तार कर उसके साथ रह रही तीन बच्चों की मां को बरामद कर इटावा रवाना हो गई।

### वृद्धा का फंदे से लटका मिला शव, कोहराम

**उन्नाव, अमृत विचार।** नाराज होकर घर से निकली वृद्धा का शव पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के हीरा खेड़ा गांव निवासी हेमकुमारी (70) की घर में बीते दिवस किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। जिसके बाद वह करीब 11 बजे सुबह घर से बिना बताए कही निकल गई। बेटो ने उसकी रिश्तेदारी व अन्य संबंधित स्थानों पर तलाश की लेकिन पता नहीं चला। रविवार को हेमकुमारी का शव घर से एक किमी आगे गांव के बाहर शीशम के पेड़ पर रस्सी से लटका मिला। बेटे नरेश ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** शाहाबाद और मझिला थाना क्षेत्र में अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओ में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शाहाबाद के काशीराम कॉलोनी निवासी जुली पुत्री गुड्डू के अनुसार 4 मई को करीब तीन बजे देहात कोतवाली के ओमनगर निवासी उसका पति अरविन्द पुत्र महेश ने अपने भाई के साथ मिलकर उसे लात घूँसों और धारदार हथियार से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हरियांवा थाना के ग्राम सकूरा बाद निवासी राजेश मिश्रा पुत्र सियाराम मिश्रा के अनुसार वह 9 मई को डाला से अपनी पत्नी चांदनी पुत्र ऋतिक के साथ दिल्ली जा रहा था। उधरनपुर के निकट विक्की सवार पिहानी थाने के कुइंया निवासी राज पुत्र बबलू और शाहाबाद थाने के ग्राम बेहटा कोला निवासी अरुण पुत्र धनपाल ने विक्की को उसके डाले के आगे खड़ा कर दिया। हटाने को कहने पर आरोपियों ने उसे गाली गलौज कर मारा पीटा।

मझिला थाना के ग्राम आलमनगर के मजरा जटहा निवासी धनदेवी पत्नी प्रमोद के अनुसार वह 8 मई की शाम 7 बजे अपने दरवाजे पर बैठी थी। गांव निवासी जोगेंद्र पुत्र छोटेलाल ने अपने पुत्रों ब्रजेश और आशिक के साथ मिलकर उसके दरवाजे आकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसका पुत्र नितेश उसे बचाने आया उसे भी मारा पीटा और जान से मारने धमकी देकर चले गए। मझिला थाना के ग्राम करावा के मजरा खेरवा निवासी ममता पुत्री रामभजन के अनुसार उसका गांव में एक मकान है। वह विवाह समारोह में बाहर से ताला लगाकर गई थी। उसके पीछे उसके भाई बैजनाथ ने सम्पत्ति हड़पने की नियत से दीवार कूदकर उसके घर में अंदर से ताला डाल दिया। जब वह वापस आई दरवाजा न खुलने पर उसने भाई से पूछा तो भाई ने अपनी पत्नी सुमन के साथ मिलकर उसे मारा पीटा।

मझिला थाना के ग्राम रैगवा निवासी धर्मेन्द्र पुत्र छोटेलाल के अनुसार 8 मई की शाम को 6 बजे वह घर पर खाना खाने जा रहा था। गांव निवासी श्यामू पुत्र रमेश्वर ने अपने पुत्र मोहित और संजय रामू के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में उसे गाली गलौज कर लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया शोर सुनकर अन्नू पुत्र रामचंद्र उसे बचाने आया आरोपियों ने उसे भी मारा पीटा और जान से मार डालने की धमकी दी। मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भिजवाया।

## सकाहा गेस्ट हाउस कांड में 5 नामजद व 10 अज्ञात पर केस

**हरदोई, अमृत विचार।** गेस्ट हाउस की दीवार कूदकर तिलक समारोह में बवाल करते हुए ज़ेवर की नोंच-खोंच के मामले में एसपी के एक्शन में आते ही बेहटा गोकुल पुलिस ने 5 नामज़द और 10 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

बताते चलें कि 29 अप्रैल को मानपुर निवासी राकेश सिंह के बेटे का तिलक था, तिलक समारोह सकाहा में रामबाबू सिंह के गेस्ट हाउस में चल रहा था। उसी बीच रात के करीब 11 बजे कुछ दबंग गेस्ट हाउस की दीवार कूद कर समारोह में घुस गए और महिलाओं के साथ अभद्रता करने लगे, विरोध करने पर लोगों पर हमला कर उन्हे बुरी तरह से पीट दिया, साथ ही अर्चना सिंह के कान के झाले और गले से चैन भी नोंच ली। इस मामले में तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने सुनवाई नहीं की, उसके बाद राकेश सिंह ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर केस दर्ज कराने की गुहार लगाई एसपी ने एक्शन लेते हुए बेहटा गोकुल पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया, जिस राकेश सिंह की तहरीर पर आरोपी अंकुर यादव, अंकुल सिंह, रामबाबू यादव, आज़ाद यादव और विशाल समेत 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### यज्ञ विज्ञान : समिधाएं, घृत और वातावरण शुद्धि का वैदिक संदेश

**हरदोई, अमृत विचार।** शहीद उद्यान स्थित कायाकल्पकेन्द्रम् की यज्ञशाला में आयोजित भव्य हवन कार्यक्रम के उपरान्त वरिष्ठ नेचरोपैथ डॉ. राजेश मिश्र ने यज्ञ विज्ञान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समिधाओं एवं शुद्ध घृत के महत्त्व पर विशेष प्रकाश डाला। डॉ. मिश्र ने यजुर्वेद के मंत्रों की व्याख्या करते हुए कहा कि वैदिक यज्ञ में काष्ठ की समिधाओं का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है। कहा समिधाएं केवल अग्नि को प्रज्ज्वलित रखने का साधन नहीं, बल्कि वातावरण में सात्त्विकता, सुगन्ध एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाली दिव्य सामग्री हैं।

दौरा — विश्वविद्यालय की टीम ने राजकीय महाविद्यालय रसूलपुर रूरी का किया औचक निरीक्षण

## शैक्षणिक गुणवत्ता और संसाधनों को परखा

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के दिशा-निर्देशन में रविवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर रूरी स्थित श्री विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान समिति ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और संसाधनों के विस्तार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण समिति के अध्यक्ष व महाविद्यालय विकास परिषद के निदेशक डॉ. आरके द्विवेदी, मुख्य समन्वयक डॉ. अमित मिश्रा एवं समन्वयक डॉ. डीके सिंह ने कॉलेज परिसर का बारीकी से जायजा लिया। टीम ने विशेष रूप से विभिन्न विषयों की प्रयोगशालाएं और पुस्तकालय देखा। परिसर में स्थापित हो रहा 40 किलोवाट का सोलर पावर सिस्टम। सेमीनार हॉल और कक्षाओं की आधारभूत संरचना। निरीक्षण के बाद आयोजित बैठक में समिति ने प्राचार्य और शिक्षकों से महाविद्यालय के उन्नयन पर चर्चा की। डॉ. आरके द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को आधुनिक और रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। समिति ने आश्वासन दिया कि जल्द ही महाविद्यालय में अत्याधुनिक प्रयोगशाला उपकरण, स्मार्ट क्लासरूम और कंप्यूटर लैब, डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना जैसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराए जाएंगे। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत दुबे, वरिष्ठ शिक्षक डॉ. एनके सिंह समेत समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते टीम के सदस्य। अमृत विचार

### विवाहिता ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

**उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर निवासी विवाहिता का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। पति व अन्य परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। काजीपुर निवासी संतराम गांव के पास ही ईंट भट्टे पर मजदूरी करता है। रोज की तरह वह रविवार सुबह मजदूरी करने चला गया। घर पत्नी पूजा (32) दो बच्चों के साथ थी। पति के जाने के कुछ देर बाद पूजा कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटक गई। किसी काम से कमरे में पहुंचे बच्चों ने मां को लटका देख रोने लगे। इसपर पड़ोसी पहुंचे और वहां का मंजर देख उनके होश उड़ गए। पति संतराम की सूचना पर पुलिस ने जांच की।

## बारात से लौटे रहे युवक की तेज रफ्तार बाइक घोड़े से टकरा कर फिसली, मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बारात से लौटते समय तेज रफ्तार बाइक घोड़े से टकरा कर फिसल गई। इसमें पीछे बैठा अधेड़ गंभीर घायल हो गया। परिजन इलाज के बाद उसे घर लाए। जहां कुछ घंटे बाद उसकी मौत हो गई।

माखी थाना क्षेत्र कोरारी कला गांव निवासी मेवालाल (58) पुत्र स्व. गणेश खेती करता था। शुक्रवार को वह छोटे बेटे राहुल के साले अवनीश की बारात में उन्नाव आया था। जहां से मझले बेटे सुनील व पौत्री प्राची के साथ लौट रहा था। तभी उन्नाव-हरदोई मार्ग पर स्थित डीहा चौराहे के पास पहुंचे अचानक सामने से आए छुट्टा घोड़े से बाइक टकरा कर फिसल गई। सड़क पर गिरने से मेवालाल घायल हो गया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे घर भेज दिया। रविवार भोर पहर पत्नी रामपति उसे चाय देने गई तो वह मृत मिला। यह देख परिजनों में चीखपुकार मच गई। बेटे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ माखी योगेश सिंह ने बताया कि परिजनों ने सड़क हादसे में मौत होने की जानकारी दी है।



पीएम हाउस में बैठे मृतक के परिजन। अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### बिजली के तार से लाइनमैन की उधेड़ी खाल! थाने का घेराव

**हरदोई, अमृत विचार।** इटौली पॉवर हाउस के भड़ायल फीडर पर तैनात लाइनमैन पॉलीटेक्निक की बिजली सही करने जा रहा था,उसी बीच रास्तें में झगड़ा होते देख वह रुक गया,उसी दौरान पिता-पुत्र ने उसे पकड़ लिया और बिजली के तार से उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी,इसका पता होते ही दूसरे लाइनमैनों में उबाल आ गया,सारे इकट्ठा हुए और थाने पहुंच गए,जहां पुलिस ने मेडिकलकरा कर मामले की जांच कर रही है। बताया गया है कि बघौली थाने के परनुआं निवासी आदित्य इटौली पॉवर हाउस के भड़ायल फीडर का लाइनमैन हैं। उसने बताया कि पॉलिटेक्निक की बिजली खराब होने की सूचना पर वह रविवार की शाम को बाइक से वहां जा रहा था,उसी बीच रास्तें में दो पक्षों के बीच झगड़ा होते देख वह रुक गया,वहीं गोबरहा निवासी पिता और उसके पुत्र ने लाइनमैन को पकड़ उसकी बिजली के तार से पिटाई करने लगे,जिससे उसकी पीठ चोटों से स्याह पड़ गई,आदित्य ने इस बारे में अपने साथियों को बताया,सारे साथी वहीं इकट्ठा हो कर थाने पहुंचे और हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी,पुलिस ने आदित्य का मेडिकल कराते हुए जांच शुरु कर दी है।

### अवैध कब्जेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना के ग्राम अंगनेपुरवा निवासी मुनिशा पत्नी साकिर के अनुसार उसका एक खेत मुरदियापुर में है, जिस पर वहां गांव के साबिर, सद्दीक, पुत्तू, हफ़ीजुल, रहमान, नसीम पुत्रगण सहते और इरफ़ान पुत्र दरवारी ने कब्ज़ा कर रखा है। आरोपियों ने उसके मकान पर भी कब्ज़ा कर रखा है। वह कई बार मझिला थाना शिकायत लेकर गई लेकिन पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है। पीड़िता की तहरीर पर एसपी के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# डिवाइडर से टकरा पलटी डीसीएम ननद-भाभी व दुधमुंहे बच्चे की मौत

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार देर रात हुआ हादसा, बहनोई और साला घायल

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** डीसीएम पर ट्रैक्टर लादकर लुधियाना ले जा रहे ड्राइवर को गंगा एक्सप्रेस-वे पर झपकी आ गई। जिसके चलते अनियंत्रित डीसीएम डिवाइडर से टकरा कर पलट गया, हादसे में डीसीएम पर सवार ननद-भौजाई और एक दुधमुंहे बच्चे की दबकर मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मल्लावां कोतवाली के मांझगांव निवासी छोटेलाल का पुत्र अभिषेक लुधियाना में खेती करने के साथ ही एक टेक्सटाइल कंपनी में नौकरी करता था। बताते हैं कि वहीं उसने बरेली की श्रीदेवी उर्फ चांदनी से लव मैरिज कर ली थी। दोनों लुधियाना में ही रहने लगे। अभिषेक की पत्नी को 9 महीने का दुधमुंहा बेटा आदित्य था। अभिषेक को खेती के लिए ट्रैक्टर की जरूरत थी। इसलिए 4 मई को वह पत्नी और बच्चे के अलावा अपने साले लालाराम और 32 वर्षीय सलहज़ सावित्री के साथ गांव आया था। जहां से अभिषेक शनिवार को डीसीएम पर ट्रैक्टर पर लादकर उसे लुधियाना ले जा रहा था। देर रात गंगा एक्सप्रेस-वे पर हापुड़ ज़िले के सदरपुर टोल प्लाजा से कुछ दूरी पर ड्राइवर को झपकी आने से डीसीएम डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। जिसमें 28 वर्षीय श्रीदेवी उर्फ चांदनी, उसका बेटा आदित्य और 32 वर्षीय भौजाई सावित्री की उसके नीचे दब गई। इसका पता होते ही पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से डीसीएम के नीचे दबे तीनों शवों को कब्ज़े में लिया, जबकि अभिषेक और लालाराम को हास्पिटल पहुंचाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। परिजनों को हादसे की सूचना दी गई है।



गंगा एक्सप्रेस-वे पलटी डीसीएम को किनारे कराकर राहत व बचाव कार्य में जुटी पुलिस।

# तनख्वाह लेकर ड्यूटी से घर जा रहे बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** सण्डीला इंडस्ट्रियल स्टेट की प्लाईवुड फैक्ट्री में नौकरी कर रहे दो चचेरे भाई शनिवार को वहां से भुगतान लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। उसी बीच उनकी बाइक लखनऊ-पलिया हाई-वे पर कछौना कोतवाली के कटियामऊ के पास बेकाबू रफ्तार की चपेट में आ गए, जिससे दोनों की मौत हो गई।

बिलग्राम कोतवाली के नन्हूपुरवा मजरा बिरौरी निवासी 20 वर्षीय शिशुपाल पुत्र कुंवरपाल और उसका 19 वर्षीय चचेरा भाई शोभित पुत्र प्रमोद सण्डीला इंडस्ट्रियल स्टेट की प्लाईवुड फैक्ट्री में नौकरी करते थे। शनिवार को दोनों भाई देर शाम वहां से भुगतान लेने के बाद रोज़ की तरह बाइक से वापस लौट रहे थे। उसी बीच हाई-वे पर कछौना कोतवाली के कटियामऊ के पास उनकी बाइक बेकाबू रफ्तार की चपेट में आ गई। उसी दौरान उधर से निकली यूपी-112 की पीआरवी टीम ने दोनों भाइयों को सड़क किनारे लहूलुहान हालत में पड़ा देखा। जामा तलाशी के दौरान पास से मिले आधार कार्ड से पहचान करते हुए उनके घर वालों को सूचना दी और एम्बुलेंस-108 से सीएचसी कछौना पहुंचाया, लेकिन जब तक उन दोनों के घर वाले वहां पहुंचते, उससे पहले दोनों की मौत हो चुकी थी। पांच भाइयों तीन बड़े और एक शिशुपाल से छोटा भाई और उससे छोटी एक बहन है, वहीं शोभित तीन भाइयों में एक बड़ा और एक उससे छोटे भाई के अलावा उसकी 6 बहनें हैं। हादसे में अपने बेटों की मौत होने की खबर सुनकर शिशुपाल की मां छोटी और शोभित की मां विजय लक्ष्मी का रोते-रोते बुरा हाल हो गया है।



शिशुपाल की फाइल फोटो।



शोभित की फाइल फोटो।

### 19 हजार रुपये में से हाथ आए सिर्फ 400 रुपये

**हरदोई।** बेकाबू रफ्तार के शिकार हुए शिशुपाल और शोभित फैक्ट्री से भुगतान लेने के बाद घर से निकले थे। शिशुपाल के पिता ने बताया कि फैक्ट्री से पता चला कि शिशुपाल को 8,500 और शोभित को 10,500 रुपये का भुगतान हुआ था, लेकिन हादसे के बाद शिशुपाल की सारी जेबें खाली थी,सिर्फ शोभित की जेब में 400 रुपये निकले। शिशुपाल के पिता और शोभित के बड़े भाई सोपेंद्र का आरोप है कि हादसे के बाद सबसे पहले पहुंचे लोगों ने दोनों के पास से पैसा निकाल लिया।

# ब्रेकर पर बाइक से उछलकर नीचे गिरी महिला की हुई मौत

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई**

**अमृत विचार।** कटरा-बिल्हौर मार्ग पर रविवार शाम पति के साथ बाइक पर सवार होकर जा रही महिला ब्रेकर पड़ने पर उछलकर सड़क पर गिर गई, हादसे में महिला की मौत हो गई। सूचना मिलते ही महिला के परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना हरपालपुर क्षेत्र निवासी कोमल (28) पत्नी विजेंद्र अपने पति के साथ बाइक से चंदौली स्थित मायके जा रही थी। रविवार शाम करीब चार बजे जैसे ही उनकी बाइक दुर्गागंज गांव के पास पहुंची, तभी सड़क पर बने ब्रेकर से बाइक अचानक उछल गई। इससे पीछे बैठी कोमल असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ी। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पति बदहवास हो गया और राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। बताया जा रहा है कि मृतका की शादी करीब दस वर्ष पहले हुई थी और उसके दो छोटे बच्चे हैं।



कोमल की फाइल फोटो।

### तरबूज तोड़ने गए श्रमिक की नदी में डूबकर मौत

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कशहा मजरा नॉनखारा गांव में रविवार दोपहर गांव निवासी इरफान पुत्र साबिर मजदूरी पर गर्रा नदी के टापू पर तरबूज की फसल तुड़वाने गया था। फसल तोड़वाने के बाद वह वहीं पर बनी झोपड़ी में सो गया। दोपहर बाद जब वह घर जाने के लिए नदी पार कर रहा था, तभी अचानक गहरे पानी में जाने से बह डूब गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और उसकी तलाश शुरू कर दी। करीब दो घंटे की मेहनत के बाद स्थानीय गोताखोरों ने उसका शव घटनास्थल से मात्र 10 मीटर की दूरी पर पानी के नीचे दलदल में फंसा हुआ पाया।

# जिपं अध्यक्ष के बेटे से 29 लाख की हुई ठगी

- **डॉ. नीरज वर्मा ने जमीन के सौदे में धोखाधड़ी का लगाया आरोप**
- **शहर कोतवाली में महिला और उसके बेटे के खिलाफ केस दर्ज**

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** जिले में जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती के बेटे डॉ. नीरज वर्मा ने खुद को ठगी का शिकार बताया है। उन्होंने शहर कोतवाली में एक महिला और उसके बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि लाखों रुपये लेने के बावजूद आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई और लगातार बहाने बनाते रहे।

डॉ. नीरज वर्मा के अनुसार उन्होंने परगना गोपामऊ क्षेत्र के ग्राम लोधी में स्थित करीब 0.1792 हेक्टेयर भूमि खरीदने के लिए सौदा किया था। इस जमीन पर फिलहाल एक पेट्रोल पंप संचालित हो रहा है। बताया गया कि जमीन का कुल मूल्य 45 लाख रुपये तय हुआ था। सौदा कमलेश प्रसाद और उनके बेटे के साथ हुआ था। कमलेश प्रसाद का मूल निवास लखनऊ बताया गया है, जबकि उनका अस्थायी पता बरेली में दर्ज है।

पीड़ित का कहना है कि नवंबर 2020 से मार्च 2021 के बीच अलग-अलग तिथियों में आरटीजीएस और निफ्ट के माध्यम से कुल 29 लाख रुपये आरोपियों के खातों में भेजे गए। आरोपियों ने भरोसा दिलाया था कि बाकी रकम मिलने के बाद जमीन का बैनामा उनके नाम कर दिया जाएगा। लेकिन पैसे लेने के बाद उन्होंने रजिस्ट्री की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई।

### जमीन का स्वामित्व नहीं दिया गया

**हरदोई।** डॉ. नीरज का आरोप है कि कई बार संपर्क करने के बावजूद आरोपी हर बार टालमटोल करते रहे। हालांकि पेट्रोल पंप का लाइसेंस उनके नाम स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन जमीन का स्वामित्व अब तक नहीं दिया गया। इससे उन्हें आर्थिक और कानूनी दोनों तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को सुलझाने के लिए डॉ. नीरज वर्मा ने जुलाई 2025 में रजिस्टर्ड डाक के जरिए विधिक नोटिस भी भेजा, लेकिन उसका भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस की शरण ली और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब बैंक ट्रांजैक्शन, जमीन से जुड़े दस्तावेज और अन्य तथ्यों की पड़ताल कर रही है।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर स्कॉर्पियो खाई में पलटी, 4 घायल

**संवाददाता, भरखनी, हरदोई**

**अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेसवे पर रविवार को तेज रफ्तार ने एक बार फिर हादसे को न्योता दे दिया। पचदेवरा थाना क्षेत्र के कुरारी गांव के पास बरूआरा ओवरब्रिज के निकट एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो खाई में पलट गई। हादसे में गाड़ी चला रही युवती समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कॉर्पियो अत्यधिक तेज गति में थी। बरूआरा ओवरब्रिज के पास चालक ने अचानक संतुलन खो दिया और गाड़ी सड़क से उतरकर सीधे खाई में जा गिरी। हादसे में गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, साथ ही खुद खाई में उतरकर घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पचदेवरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भेजा। पचदेवरा थाना प्रभारी राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि स्कॉर्पियो सवार लोग दिल्ली से आ रहे थे और प्रयागराज जा रहे थे। घायलों को एक्सप्रेसवे की एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे की वजह सामने आ रही है। घायलों की पहचान और मेडिकल स्थिति की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



हादसे में क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो। अमृत विचार

### यूपीडा की इमरजेंसी सर्विस बहुत लेट

हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया कि गंगा एक्सप्रेसवे पर यूपी डेवलपमेंट अर्थॉरिटी यानी यूपीडा की इमरजेंसी सर्विस बहुत लेट पहुंचती है। रविवार को भी हादसे के करीब 1 घंटे बाद मदद पहुंची। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय पर मदद मिलती तो घायलों को ज्यादा नुकसान से बचाया जा सकता था। लोगों ने यह भी बताया कि आवारा जानवर अक्सर गंगा एक्सप्रेसवे पर चढ़ आते हैं, जिससे हादसों का खतरा और बढ़ जाता है। प्रशासन से मांग की गई है कि एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा इंतजाम कड़े किए जाएं। ताकि एक्सप्रेस के सफर को सुरक्षित बनाया जा सके।

### परिजनों से नाराज युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** परिजनों से नाराज युवती ने कमरा बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दरवाज़े तोड़कर शव कमरे से बाहर निकाला। बिलग्राम कोतवाली के अज़मत नगर निवासी रामसागर की 20 वर्षीय पुत्री दीपाली शनिवार की देर शाम घर में अकेली थी,घर वाले दूसरे मकान में जानवरों का चारा-पानी करने गए हुए थे। उसी बीच दीपाली ने वहीं कमरा बंद कर अपने दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मां घर पहुंची और दीपाली को आवाज़ देते हुए कमरे में झांक कर देखा,वहां उसका शव लटकता देख वह चिल्लाने लगी,शोर सुन कर आस-पड़ोसी दौड़ पड़े।

# संदिग्ध हालात में पूर्व प्रधान के बेटे की मौत भाई ने ससुराल वालों पर लगाया आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** पत्नी को विदा कराने के लिए सीतापुर स्थित ससुराल पहुंचे पूर्व प्रधान के बेटे की वहीं तबियत बिगड़ गई। उसे मेडिकल कालेज से लखनऊ के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार की शाम मौत हो गई। लखनऊ में पोस्टमार्टम के बाद रविवार की देर शाम उसका शव गांव पहुंचा। मृतक के भाई ने उसके ससुरालियों पर जबरन ज़हर देने का आरोप लगाया है।

पिहानी कोतवाली कल्यानी निवासी पूर्व प्रधान सुरेश के चार बेटों में सबसे छोटा बेटा 22 वर्षीय मुकेश 26 अप्रैल को पत्नी वंदना को विदा कराने उसके मायके नौगवां थाना पिसावां सीतापुर गया था। वहीं से शाम को अकेले घर पहुंचते ही उसकी तबियत बिगड़ गई। मुकेश को मेडिकल कालेज से लखनऊ के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा था। उसी दौरान शनिवार की शाम उसकी मौत हो गई। रविवार की देर शाम पोस्टमार्टम के बाद उसका शव जैसे ही गांव पहुंचा, वहां कोहराम बरपा हो गया। भाई अमित ने बताया कि 8 महीने पहले ही उसके पिता सुरेश की मौत हुई थी। छोटे भाई मुकेश की शादी साल 2023 में हुई थी, उसके कोई औलाद नहीं है। शादी के कुछ दिनों तक सब ठीक रहा, उसके बाद आपसी कहासुनी के चलते मुकेश की पत्नी वंदना अपने मायके चली गई। उसे विदा कराने की कई बार कोशिश की गई, लेकिन वह नहीं आई। आरोप है कि मुकेश 26 अप्रैल को पत्नी को विदा कराने ससुराल गया, जहां उसे जबरन ज़हर दे दिया गया, उसी से तबियत बिगड़ी और मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मुकेश की फाइल फोटो।



नाला बंद होने से मकान के चारों ओर भरा पानी। अमृत विचार

### नाला बंद होने से मकान के चारों ओर भरा पानी

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर खेतों में नाला बंद कर पार्किंग बनाई थी, लेकिन कार्यक्रम 12 दिन बीत जाने के बाद भी वैसी स्थिति बने होने के चलते मकान के चारों ओर पानी ही पानी भरा हुआ है। राघौपुर रोड पर पूर्व सभासद पूर्ति मिश्रा के घर के पास खेतों में पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर पार्किंग बनाने में कच्चा नाला बंद कर दिया गया था। तब विधायक आशीष सिंह ने पूर्व जैसी स्थित बनाने को लेकर कहा था, लेकिन नगर पालिका और तहसील प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन 24 से

**हरदोई, अमृत विचार।** बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल, नघेटा रोड में डॉ. कीर्ति सिंह की अध्यक्षता में रविवार को नगर के गणमान्य व्यक्तियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्रीमद भागवत कथा समिति का गठन किया गया। बैठक में सार्वजनिक रूप से घोषणा की गई कि 24 से 30 मई तक श्री सिद्धबली हनुमान मंदिर प्रांगण, बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल, नघेटा रोड में श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन सम्पन्न होगा। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि परम पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानन्द गिरि महाराज के कृपापात्र शिष्य, वृन्दावन धाम से पधारे स्वामी सत्यानन्द महाराज के श्रीमुख से श्रद्धालुओं को श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए डॉ. कीर्ति सिंह ने बताया कि कथा अवधि में विविध धार्मिक एवं आध्यात्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होंगे। कार्यक्रम में परम पूज्य गुरुदेव स्वामी यतींद्रानन्द गिरि महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। साथ ही महामंडलेश्वर स्वामी विद्या चैतन्य महाराज अध्यक्ष नारदानन्द आश्रम नैमिषारण्य सीतापुर, स्वामी आत्मानंद गिरि पीठाधीश्वर मां कात्यायनी शक्तिपीठ शाहाबाद तथा स्वामी विमलानंद सरस्वती प्रान्त धर्माचार्य नैमिषारण्य सीतापुर की विशेष उपस्थिति रहेगी।



बैठक में चर्चा करतीं डा. कीर्ति सिंह। अमृत विचार

# 102 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी गर्भवती ने बच्ची को दिया जन्म

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के पुन्नापुरवा गांव निवासी कंचन पत्नी किसान पाल (27) को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 102 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ने पर एंबुलेंस में मौजूद ईएमटी अंशिका मिश्रा ने सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने एंबुलेंस में ही एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। इकसे बाद जच्चा-बच्चा दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां दोनों की हालत सामान्य है।



नवजात को गोद में लिये स्वास्थ्यकर्मी।

**श्रीमद्भागवत कथा** | **टेढ़ेश्वर नाथ से कात्यायनी शक्तिपीठ तक निकाली गई भव्य कलश यात्रा**

# अनजाने में हुए पापों से मुक्ति दिलाती है कथा

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई**

**अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला दिलेरगंज स्थित मां कात्यायनी शक्तिपीठ पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शुभारम्भ शनिवार की शाम 6 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कस्बे के नर्मदा स्थित टेढ़ेश्वर नाथ मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा कात्यायनी शक्तिपीठ पर पूर्ण हुई।

मां कात्यायनी शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरी महाराज ने बताया कि राधा माधव वैदिक सत्संग सेवा समिति के तत्वाधान में शक्तिपीठ पर सात दिवसीय मोक्ष दायिनी श्रीमद भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। भागवत कथा के श्रवण से जाने अनजाने में हुए पापों से मुक्ति प्राप्त होती है। कथा व्यास आचार्य जितेन्द्र कृष्ण मिश्रा व्यास द्वारा श्रद्धालुओं को भागवत कथा की प्रवचन सरिता का उल्लेख प्रतिदिन सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जायेगा। 16 मई शनिवार को भागवत कथा की पूर्ण आहुति पर मंदिर में शनिदेव भगवान की आधारशिला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। कार्यक्रम में विशेष रूप से सप्तवैदिक ब्राह्मणों द्वारा सप्तमूल पाठ किया जायेगा। इस मौके पर पवन मिश्रा, सक्षम श्रीवास्तव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रभारानी, लक्ष्मी कश्यप, गुड़िया कश्यप, रामरानी, जूली, अंकित, रूबी, प्रीति, गीता, ज्योति, नीतू रानी, दुर्गावती शुक्ला, कामिनी बाजपेई, रीता श्रीवास्तव, किरण रस्तोगी, मुख्य यजमान शारदा सिंह रही। कलश यात्रा में सुरक्षा के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक अरविन्द राय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। अमृत विचार

# हरदोई के प्रदीप को अमेरिका में पीएचडी

**संवाददाता, पाली, हरदोई**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम कछेलिया निवासी डॉ. प्रदीप सिंह को अमेरिका स्थित साउथ डकोटा स्टेट यूनिवर्सिटी में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया।

सामान्य परिवार में जन्मे प्रदीप सिंह के दादा परशुराम सिंह स्कूल में प्रधानाध्यापक रहे हैं। उनके पिता श्रीराम सिंह सिंचाई विभाग कार्यरत रहे तथा माता माधुरी देवी गृहणी हैं। पांच भाइयों में प्रदीप सिंह तीसरे स्थान पर हैं। सबसे बड़े भाई राजीव सिंह पाली सरकारी अस्पताल में कार्यरत हैं, दूसरे बड़े भाई संजीव सिंह दिल्ली में निजी व्यवसाय करते हैं, जबकि दो छोटे भाई मनीष सिंह दिल्ली में केमिस्ट तथा अवनीश सिंह देहरादून में नर्सिंग ऑफ़िसर पर कार्यरत हैं। बचपन से ही मेधावी रहे प्रदीप सिंह ने 12वीं की शिक्षा सेठ बाबूराम भारतीय विद्यालय पाली से तथा बीएससी एवं एमएससी गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार से प्राप्त की। उन्होंने भारत में नेट, गेट एवं आईआईटी जैम जैसी कठिन परीक्षाएं भी उत्तीर्ण की हैं। अमेरिका की यूनिवर्सिटी से बायोलॉजिकल साइंस में पीएचडी पूर्ण करने के बाद वर्तमान में वह यूकॉन हेल्थ (कनेक्टिकट विश्वविद्यालय, अमेरिका) में पोस्ट डॉक्टोरल वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत हैं।



अमेरिका स्थित साउथ डकोटा स्टेट यूनिवर्सिटी में डा. प्रदीप सिंह को पीएचडी की उपाधिक से सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

### म्यूजिकल चेयर में सीमा और बैडमिंटन में ज्योति रहीं अव्वल

**हरदोई, अमृत विचार।** मातृ दिवस के अवसर पर हॉकी संघ एवं जेके पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में आयोजित बैडमिंटन एवं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सचिव गोपाल नारायण मिश्रा ने बताया कि म्यूजिकल चेयर में सीमा सिंह प्रथम, सुहानी पाण्डेय द्वितीय और अंशिका गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। बैडमिंटन में ज्योति मिश्रा प्रथम, रिया खरवार द्वितीय और तनिष्का गुप्ता ने तृतीय स्थान हासिल किया। जेके पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक राजीव मोहन अवस्थी ने कहा कि ऐसे ही आयोजन जेके पब्लिक स्कूल में होते रहेंगे। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका में शिव श्याम शुक्ला, हबीबुल्लाह, अलौकिक मिश्रा, राघव त्रिवेदी रहे।

अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

### सिपाही के घर चोरी का अब तक सुराग नहीं

**नैमिषारण्य/औरंगाबाद।** तीर्थ क्षेत्र नैमिषारण्य में कानून के रखवाले ही सुरक्षित नहीं हैं। यहाँ पीआरवी 112 पर तैनात आरक्षी वीरेंद्र वर्मा के किराए के मकान से लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। घटना के 11 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, ठाकुर नगर तिराहा स्थित मकान में 29 अप्रैल की रात चोरों ने तब धावा बोला जब आरक्षी ड्यूटी पर थे और उनकी पत्नी घर में सो रही थीं। चोरों ने ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, डायमंड पेंडल, नकदी और एटीएम कार्ड सहित लाखों का माल पार कर दिया। आरक्षी की तहरीर पर मुकदमा तो दर्ज कर लिया गया है, लेकिन बरामदगी शून्य है। पुलिसकर्मी के घर हुई इस वारदात और पुलिस की सुस्त जांच ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पानी टंकी का सोलर पैनल तोड़ने का आरोप


**लहरपुर, सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोरैय्या गंगादास में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी पर अराजक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। अज्ञात लोगों ने टंकी परिसर में लगे 12 सोलर पैनलों को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पंप ऑपरेटर धीरज कुमार ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शनिवार की रात कुछ अज्ञात लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। इसकी सूचना रात में ही 112 नंबर पुलिस को दी गई थी। रविवार को लिखित शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच-पड़ताल कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रफ्तार की मार

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** कोतवाली महमूदाबाद के महमूदाबाद-रामपुर मथुरा रोड पर रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, रामपुर कला क्षेत्र के नयागांव निवासी खुदबुद्दीन (20) अपनी चच्ची को खेटौरा छोड़कर वापस लौट रहा था। चतुराबेहड़ गांव के पास पीछे से आ रही एक अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सीएचसी महमूदाबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार ट्रैक्टर की तलाश शुरू कर दी है।



खुदबुद्दीन।

**शादी की खुशियां मातम में बदलीं:** मृतक की मां ने बताया कि खुदबुद्दीन गुवाहाटी असम में रहता था। वह 13 मई को होने वाली अपने चाचा की शादी में शामिल होने के लिए पिछले हफ्ते ही घर आया था। युवक की मौत से शादी वाले घर में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बाइक-ऑटो भिड़ंत में युवक की मौत, 5 घायल

**सीतापुर, अमृत विचार।** रामकोट थाना क्षेत्र के हरदोई-सीतापुर मार्ग पर रविवार दोपहर रायपुर नहर पुलिया के पास बाइक और सीएनजी ऑटो की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान बाइक सवार राजेश (30) की मौत हो गई। हादसे में घायल जयपुर निवासी सुनील और उनकी पत्नी रागिनी की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया है। वहीं, ऑटो सवार इर्शाद, बिंदु और समीर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, बाइक सवार ने हेलमेट नहीं पहना था। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से महिला की मौत

**सीतापुर/खैराबाद।** थाना क्षेत्र के बाराभारी के पास रविवार दोपहर सड़क पार कर रही एक महिला को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। ग्राम असोढ़र निवासी हसरा (45) पत्नी स्वर्गीय खलील रविवार को बाजार गई थीं। दोपहर करीब 12 बजे बाराभारी के समीप सड़क पार करते समय एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका के परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के पास आरोपी वाहन का नंबर मौजूद है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर फरार चालक की तलाश की जाएगी।



घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

### तालाब में डूबने से बालक की मौत, गांव में मातम

**लहरपुर, सीतापुर।** चंदेशुवा गांव स्थित बाबा औघड़ नाथ धाम सरोवर में शाम एक हृदयविदारक घटना घटी। गर्मी से राहत पाने के लिए सरोवर में स्नान करने गया 8 वर्षीय मासूम गहरे पानी में समा गया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उसका शव बाहर निकाला। मृतक अपने माता-पिता की इकलौती संतान था, जिसकी मौत से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। कमलेश यादव का पुत्र शोभित (8) दोपहर बाद घर से निकला था। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। सरोवर के तट पर मासूम के कपड़े मिलने पर अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने पानी में उतरकर तलाश की और शव बरामद किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। माता-पिता का इकलौता चिराग बुझने से परिजनों का बुरा हाल। मृतक के पिता कमलेश यादव लखनऊ में मजदूरी करते हैं। घटना के समय वह घर पर नहीं थे। परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने पिता के लखनऊ से लौटने तक पोस्टमार्टम की कार्रवाई को रोक दिया है। पुलिस कागजी कार्रवाई पूरी कर रही है।

# तेजाब पीने से नवविवाहिता की मौत
## दहेज प्रताड़ना का लगाया आरोप

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में दहेज लोभियों की प्रताड़ना से तंग आकर एक विवाहिता ने मौत को गले लगाने का मामला सामने आया है। परिजनों का दावा है कि अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष द्वारा दी जा रही शारीरिक और मानसिक यंत्रणा से क्षुब्ध होकर महिला ने करीब एक माह पहले तेजाब पी लिया था। लखनऊ के अस्पताल में 28 दिनों तक चले इलाज के बाद शनिवार रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पति समेत ससुराल वालों पर केस दर्ज कर लिया है। चपरतल्ला निवासी उमेश अवस्थी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बहन इंद्र कुमारी (28) की शादी वर्ष 2021 में मिश्रनपुरवा निवासी सनी मिश्रा के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति सनी और ससुराल पक्ष के लोग एक लाख रुपये की अतिरिक्त मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। इस बीच इंद्र कुमारी ने एक पुत्र को जन्म दिया। लहरपुर कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। शव पीएम के लिए भेज दिया गया है।



इंद्र कुमारी।

### मासूम के सिर से उठा मां का साया

इस हृदयविदारक घटना में सबसे दुखद पहलू मृतका का सात माह का मासूम बेटा है। जिस उम्र में उसे मां की सबसे ज्यादा जरूरत थी, दहेज की लालच ने उससे उसकी मां छीन ली। अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच 28 दिनों तक चली जंग में आखिर मां हार गई और बच्चा अनाथ हो गया।

### शोपीस बना सामुदायिक शौचालय



बदहाल बद्री मंसूरपुर में बना सामुदायिक शौचालय। अमृत विचार

**खैराबाद, सीतापुर।** खैराबाद स्थित ग्राम पंचायत बद्री मंसूरपुर में बना सामुदायिक शौचालय अपनी बदहाल है। रखरखाव के अभाव में शौचालय के चारों ओर झाड़ियां उग आई हैं जिससे ग्रामीण इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण दिनेश, रमेश, गुड्डू और सुनीता ने बताया कि निर्माण के बाद से ही अव्यवस्थाओं के चलते यह बंद पड़ा है। जिम्मेदारों का कहना है कि केयरटेकर का मानदेय समय से न मिलने के कारण संचालन में समस्या आ रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. से इसे जल्द शुरू कराने की मांग की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार।** लहरपुर इलाके के बरुही पुरवा मजरा मिदनिया गांव में विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हुआ मिला। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर थर्ड डिग्री देकर हत्या किये जाने का आरोप लगाया। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। लखीमपुर खीरी जनपद के खमरिया थाना क्षेत्र स्थित भिठौली निवासी पुत्तीलाल के मुताबिक, उन्होंने अपनी बेटी रेशमा का विवाह सिद्धांत के साथ हुआ। आरोप है कि पैसे को लेकर रेशमा को रोजाना मारा-पीटा जाता था। घटना के दिन भी ऐसा ही हुआ। आरोप है कि घटना के दिन बेटी रेशमा को सिद्धांत और उसकी मां ने हत्या कर लटका दिया। बाद में फरार हो गए। सूचना पर कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह, नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव, व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### संदिग्ध हालात में नवविवाहिता की मौत

**लहरपुर, सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरुही पुरवा मजरा मिदनिया में देर शाम एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने पति और सास पर दहेज के लिए हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है। लखीमपुर खीरी के ग्राम भिठौली निवासी पुत्तीलाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी 20 वर्षीय पुत्री रेशमा का विवाह एक वर्ष पूर्व बरुही पुरवा निवासी सिद्धांत के साथ किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर रेशमा को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। शनिवार को पति सिद्धांत और सास सुदामा ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों को रेशमा का शव जमीन पर पड़ा मिला। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह, नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पिता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।



निर्मित हो रहे अंडरपास के पास समर्थकों संग पहुंचे विधायक। अमृत विचार

### अंडरपास का विरोध, ओवरब्रिज बनाने की मांग

**सीतापुर, अमृत विचार।** अटरिया-नीलगांव मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 144 पर प्रस्तावित रेलवे अंडरपास के निर्माण का विरोध अब तेज हो गया है। ग्रामीणों व किसानों संग अब जनप्रतिनिधियों ने भी इस परियोजना पर आपत्ति जताते हुए ओवरब्रिज आरओबी की मांग उठाई है। मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी ने रेलमंत्री व मंडल रेल प्रबंधक को पत्र भेजकर अंडरपास निर्माण रोकने का अनुरोध किया है। सांसद ने कहा कि अंडरपास बनने से गन्ने से लदी भारी ट्रॉलियां और बड़े वाहन आसानी से नहीं निकल पाएंगे। उन्होंने ओवरब्रिज बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। सिधौली विधायक मनीष रावत भी सैकड़ों किसानों के साथ निर्माण स्थल पर पहुंचे और रेलवे अधिकारियों से वार्ता की। विधायक ने दो टूक शब्दों में कहा कि किसानों की सहमति के बिना निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर बीच का रास्ता निकालने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल, अंडरपास निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

### सात वांछित गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के अंतर्गत पुलिस ने सात वांछितों व वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, थाना महमूदाबाद की टीम ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में वांछित राहुल कुमार को गिरफ्तार किया। वहीं, थाना तम्बौर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे तीन वारंटियों राधेश्याम, छंग्गा और रंगीलाल को पकड़कर न्यायालय में पेश किया। थाना बिसवां पुलिस ने हत्या के प्रयास व पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर मामले में वांछित अभियुक्त मुदस्सिर को गिरफ्तार किया है। इसके अतिरिक्त, थाना पिसावां पुलिस टीम ने भी मारपीट व अन्य धाराओं में वांछित दो अभियुक्तों रियासत और इनायत को गिरफ्तार कर जेल भेजा। सभी अभियुक्तों का संबंधित थानों द्वारा चालान कर न्यायिक प्रक्रिया पूरी की गई।

### लहरपुर में फैला प्लाटिंग का जाल, प्रशासन सख्त

**लहरपुर, सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के मुख्य मार्गों और शहरी सीमा से सटे ग्रामीण इलाकों में अनियमित प्लाटिंग का धंधा जोरों पर है। भू-माफिया बिना लेआउट और नक्शा पास कराए मानकों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से प्लॉट बेच रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, बिसवां मार्ग, सीतापुर रोड, केसरीगंज, तंबौर मार्ग, गौरिया प्रहलादपुर, गन्नी टोला, बुढ़ढना तालाब और टाडा सालार जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कॉलोनियां काटी जा रही हैं जो मानके मुताबिक कतई ठीक नहीं है। इतना ही नहीं जानकारी के अभाव में आम लोग इन अवैध प्लॉटों को खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं, खरीदारों का कहना है कि जमीनों का कोई आधिकारिक नक्शा स्वीकृत नहीं है। उधर, इस मामले में लहरपुर के तहसीलदार मनीष त्रिपाठी ने बताया कि बिना लेआउट और नक्शा पास कराए प्लाटिंग करना पूरी तरह अवैध है। मामले की गहन जांच कराई जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### बेटी संग लापता हुई महिला ग्राम प्रधान, तलाश में पुलिस

**सीतापुर/सिधौली।** सिधौली विकास खंड के विसुनदासपुर की महिला ग्राम प्रधान मीना (27) अपनी दो वर्षीय बेटी सिरवी के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जयरामपुर निवासी बलराम ने बताया कि उनकी पत्नी मीना शनिवार दोपहर मामा की बेटी के घर सहोली जाने की बात कहकर निकली थीं। वह सिधौली तक तो पहुँचीं, लेकिन सहोली नहीं पहुँचीं। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की, मगर कोई सुराग नहीं लगा। यहां तक कि रिश्तेदारों के यहां भी पूछताछ हुई लेकिन कहीं पता नहीं चला। परिजनों के मुताबिक महिला प्रधान का मोबाइल फोन लगातार बंद आ रहा है, जिससे अनहोनी की आशंका बनी हुई है। पुलिस सर्विलांस की मदद से लोकेशन ट्रैक करने का प्रयास कर रही है। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीमें गठित कर महिला व बच्ची की बरामदगी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### सर्विस रोड पर अतिक्रमण, राहगीर परेशान



सर्विस रोड पर सड़क के किनारे बड़ी संख्या में खड़े वाहन। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर।** कस्बे में नेशनल हाईवे के किनारे बनी सर्विस रोड इन दिनों अतिक्रमण की चपेट में है। हालात यह हैं कि लोगों ने सर्विस रोड को अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है, जिससे यह सड़क चलने लायक नहीं बची है। सड़क के दोनों ओर किए गए अवैध अतिक्रमण के कारण रास्ता संकरा हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। संकरी सड़क और अतिक्रमण के बीच से गुजरते समय बच्चे अक्सर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सर्विस रोड का निर्माण सुगम आवागमन के लिए किया गया था, लेकिन अब यहां पैदल चलना भी दूभर है। क्षेत्र के लोगों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि जल्द ही सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

### सड़क किनारे गड्ढे दे रहे हादसों को दावत



परसेंडी के मुख्य मार्ग के किनारे बना गड्ढा। अमृत विचार

**सीतापुर/रामपुर मथुरा।** जनपद के अलग-अलग विकासखंडों में सड़कों के किनारे बने गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं। परसेंडी विकासखंड के ग्राम बिरैचा में खैराबाद-परसेंडी मुख्य मार्ग पर जल जीवन मिशन की पाइप लाइन फटने से एक खतरनाक गड्ढा बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइप लाइन तो ठीक कर दी गई, लेकिन गड्ढे को खुला छोड़ दिया गया, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वहीं, विकासखंड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत छतौनी में भी हालात चिंताजनक हैं। धोबिनपुरवा-टपरी संपर्क मार्ग पर सड़क किनारे एक विशालकाय गड्ढा गहरी खाई तक जा रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों और किसानों के आवागमन वाले इस मार्ग पर वाहन पास लेने के चक्कर में अनियंत्रित हो सकते हैं। इसे लेकर अनूप सिंह, पेशकार और अरविंद यादव समेत दर्जनों ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से तत्काल मरम्मत की मांग की है ताकि हादसों को टाला जा सके।

### घर में घुसे भेड़िये को ग्रामीणों ने दबोचा

**सांडा, सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के ऊंच गांव में शनिवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब शिकार की तलाश में एक भेड़िया रिहायशी इलाके में घुस गया। भेड़ का शिकार करने के इरादे से एक घर में दाखिल हुए इस भेड़िये को ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाकर पकड़ लिया और पेड़ से बांध दिया। ग्रामीणों के अनुसार, घर के मालिक और ग्रामीणों ने आहट होने पर घेराबंदी की और काफी मशक्कत के बाद भेड़िये को काबू किया। घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई।

### युवक को पीटने व जान से मारने का आरोप

**मानपुर, सीतापुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुल्तानपुर निवासी कुलदीप कुमार पुत्र परागी लाल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही दबंगों पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, सुबह करीब जब वह अपने बाग की रखवाली कर रहा था, तभी गांव के ही कुछ नामजद लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे घेर लिया। आरोप है कि विपक्षियों ने लाठी-डंडों से युवक पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी आशुतोष मिश्रा का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल करने के बाद विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# सूरतेहाल: नियम तो इनके लिए भी, पर रखते हैं ताक पर

कार्यालय संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार।** शहर के सबसे व्यस्त 'बस अड्डा चौराहा' आम और खास के लिए जी का जंजाल बन गया है। सुबह से लेकर देर शाम तक यहां हर घंटे लगने वाले लंबे जाम में स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर ऑफिस जाने वाले कर्मचारी तक पिस रहे हैं। जिलाधिकारी की सख्ती के बाद सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडे के निरीक्षण और एआरटीओ की कार्रवाई के बावजूद हालात जस के तस हैं। अधिकारी कार्रवाई का कोरम पूरा कर लौट जाते हैं और व्यवस्था फिर से पटरी से उतर जाती है।

**शहर का सबसे व्यस्त बस अड्डा चौराहा:** सुबह 11 बजे बस अड्डे के ठीक बाहर रोडवेज की अनुबंधित बसें, ई-रिक्शा और मैजिक वाहन सड़क पर आड़े-तिरछे खड़े होकर सवारियां भरते मिले। इस कारण पीछे से आ रहे दोपहिया और चार पहिया वाहनों की लंबी कतार लग गई। खास बात यह है कि सामने ही पुलिस चौकी है और ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी भी, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर सड़क घेरने वाले चालकों पर कोई लगाम नहीं है।

**स्थानांतरण ही एकमात्र स्थाई समाधान:** प्रमुख व्यापारी मनीष लाट का कहना है कि बस अड्डे का परिसर बहुत छोटा है और बसों का भार क्षमता से अधिक। जब तक बस अड्डे को शहर के बाहर स्थानांतरित नहीं किया जाता, तब तक आमजन को इस समस्या से स्थाई निजात मिलना मुश्किल है। सड़क पर बसों का ठहराव ही जाम की मुख्य जड़ है।



सड़क पर लाइन से बसें खड़ी कर सवारियां भरते परिचालक। अमृत विचार



कुर्सी पर आराम फरमाती ट्रैफिक पुलिस।





बस अड्डे का खराब पड़ा वाटर कूलर।

> हमारे यहां कुल 52 अनुबंधित बसें हैं। चालक और परिचालकों को निर्देशित किया जाता है कि बस अड्डे परिसर पर ही सवारी बिठाएं और उतारें। लापरवाही पर लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। बसों की संख्या अनुसार परिसर में जगह काम है।
>
> **-राकेश कुमार, एआरएम, सीतापुर**

> ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नियम तोड़ने वाला पर कार्रवाई की जा रही है। जिस क्रम में जनवरी से अप्रैल तक 2 करोड़ 64 लाख 15 हजार के कुल 18859 चालान किए गए। **-फरीद अहमद, टीआई, सीतापुर**

लापरवाही

रेउसा, बीसवां व परसेंडी ब्लॉक के गांवों में संकट, 'हर घर जल' योजना की पाइपलाइन भी प्यासी

# सरकारी हैंडपंप बने शोपीस, गहराया पेयजल संकट

**सीतापुर टीम, अमृत विचार।** जिले के ग्रामीण इलाकों में भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही पानी के लिए त्राहि-त्राहि मच गई है। रेउसा ब्लॉक की ग्राम पंचायत करसा और गोविंदपुर में व बीसवां की सरैया मिर्जापुर में दर्जनों सरकारी हैंडपंप महीनों से खराब पड़े हैं। इससे न केवल ग्रामीण बल्कि राहगीर, किसान और स्कूली बच्चे भी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।

स्थिति यह है कि गोविंदपुर में केनरा बैंक जैसे सार्वजनिक स्थान पर लगा हैंडपंप भी महीनों से शोपीस बना हुआ है। दूसरी ओर, परसेंडी विकासखंड की ग्राम पंचायत बिरैचा के महसिंहपुर और भवानीपुर गांव में जल जीवन मिशन की कलई खुलती नजर आ रही है।

**आश्वासनों की भेंट चढ़ी अधूरी पानी की टंकियां:** कोंडवा धमधमपुर ग्राम पंचायत में हर घर जल मिशन के तहत बनाई गई पानी की टंकी सफेद हाथी साबित हो रही है। दो साल पहले घरों में नल तो लगा दिए गए, लेकिन पानी का आज तक इंतजार है। ग्राम प्रधान गीता देवी ने फंड की कमी को काम रुकने का कारण बताया था, हालांकि अब बजट मिलने के बाद जल्द आपूर्ति शुरू करने का आश्वासन दिया जा रहा है। करसा प्रधान संतोष कुमार और गोविंदपुर प्रधान दुलारा का कहना है कि खराब हैंडपंपों की सूची तैयार कर ब्लॉक मुख्यालय भेज दी गई है। जल्द ही मिस्त्री बुलाकर मरम्मत कराई जाएगी। वहीं जल निगम के अधिकारियों ने भी तकनीकी कमियों को दूर कर जल्द जलापूर्ति बहाल करने का भरोसा दिया है। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि फंड आने के बाद स्थगित पड़े कार्य को लगातार पूर्ण किया जा रहा है। जिन पंचायत में अभी तक हर घर जल नहीं पहुंचा है वह पंचायतें अभी हर घर जल अपूर्ण ही दिखाई गई है।



केनरा बैंक के पास खराब पड़ा हैंडपंप।



निर्माणाधीन जलजीवन मिशन की पानी टंकी।

### चार मोबाइल बरामद

**मछरेहटा/ कमलापुर।** जनपद की मछरेहटा और कमलापुर थाना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए 'सीईआईआर' पोर्टल की मदद से गुम हुए चार मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिए हैं। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत तकनीकी सर्विलांस की मदद से यह सफलता मिली है। मछरेहटा पुलिस ने निशांत सिंह का रेडमी नोट-12 प्रो और मोहम्मद ताज का रेडमी-14सी मोबाइल बरामद किया, जिनकी कुल कीमत करीब 27 हजार पांच सौ रुपये है। वहीं, कमलापुर पुलिस ने शैलेंद्र कुमार और अनूप कुमार के गुम हुए आईटेल व आईक्यू मोबाइल फोन तलाश कर उन्हें सुपुर्द किए। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर मालिकों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस टीम की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से अब थाना स्तर पर ही गुमशुदा मोबाइल खोजने में काफी मदद मिल रही है।

### रिखौना को हराकर मेजबान टीम बनी विजेता

**लहरपुर, सीतापुर।** ग्राम कला बहादुरपुर में आयोजित एक दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार समापन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी रवि वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रिखौना और कला बहादुरपुर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रिखौना की टीम निर्धारित 5 ओवर में महज 18 रन ही बना सकी। जवाब में मेजबान कला बहादुरपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि युवा सपा नेता अतुल वर्मा ने विजेता टीम को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है। आयोजक अनुज कनौजिया के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में अनुज गुप्ता, अनीत, धर्मेंद्र, बब्बुल, सुशील और प्रदीप वर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



खिलाड़ियों के साथ सपा नेता अतुल वर्मा।

न्यूज ब्रीफ

### पत्रकार दिलीप सिंह को पितृ शोक


अशोक प्रसाद सिंह (फाइल फोटो)।

रायबरेली, अमृत विचार : दैनिक अखबार अमृत विचार के जिला संवाददाता व वरिष्ठ पत्रकार दिलीप सिंह के पिता अशोक प्रसाद सिंह ने 65 वर्ष की आयु में अपने आवास पर शनिवार को अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पत्रकारिता जगत व उनके रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को डलमऊ में उनके पुत्र ने मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया। अंतिम यात्रा में एनएसपीएस के डायरेक्टर शशिकांत शर्मा, संगम हॉस्पिटल के संचालक डॉ. आदिल, बाल किशोर त्रिपाठी, रोहित मिश्रा, केशव प्रसाद अग्निहोत्री, अनंतराम श्रीवास्तव, कमलेश कुमार ओझा, धर्मेश त्रिवेदी, नारेंद्र सिंह, अजीत सिंह, संजय सिंह, दुर्गेश पांडेय, शंकर सिंह, विष्णु मौर्या, उमाकांत तिवारी, शशांक सिंह राठौर, अमन सिंह, अमरेंद्र कुमार, हर्षित शुक्ला, सौम्य शुक्ला, विजय सिंह, शत्रोहन सिंह आदि उपस्थित थे।

### तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

महाराजगंज, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस द्वारा गस्त के दौरान क्षेत्र के पूरे कुटी मोड़ के नजदीक एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में धर दबोचा। कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक राहुल कुमार मिश्रा गस्त के दौरान पहाड़पुर मोड पर चेकिंग में लगे थे तभी सूचना पर वह पूरे कुटी मोड पहुंचे तो एक व्यक्ति उन्हें संदिग्ध अवस्था में दिखाई पड़ा। पुलिस को देखते ही व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया भदोखर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी विवेक सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह के कब्जे से 315 बोर तमंचा एवं कारतूस बरामद हुआ है।

## हाईवे पार कर रहे वृद्ध को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला, मौत

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की देर रात चुरुवा चौराहा के निकट स्थित हनुमान मंदिर के सामने वृद्ध को तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

चुरुवा निवासी अशर्फीलाल (60) मंदिर के पीछे फार्म हाउस में चौकीदारी का काम करते थे। बीती रात अपने फार्म हाउस से दूसरी तरफ हाईवे मार्ग पार कर कुछ सामान लेने के लिए आये थे और वापस जाते समय लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उन्हे कुचल दिया। जिससे उनके चीथड़े उड़ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पीएनबी के मंडल प्रमुख समेत तीन बैंक अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रायबरेली



कार्रवाई

- न्यायालय के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस का एक्शन
- बैंक अधिकारियों पर धोखाधड़ी और जातीय उत्पीड़न के आरोप

**अमृत विचार।** न्यायालय के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख समेत तीन बैंक अधिकारियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दर्ज मामले में बैंक अधिकारियों पर धोखाधड़ी कर फर्जी तरीके से लोन खाता खोलने, जातीय उत्पीड़न करने तथा फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

पुलिस के अनुसार पीएनबी कार्यालय के मंडल प्रमुख रक्तिमावा दान पुत्री श्यामल दान निवासी बाबू धारा, अहमदपुर बीरभूम, पश्चिम बंगाल, सीनियर मैनेजर अल्पना त्रिवेदी निवासी आशियाना लखनऊ कमिश्नरेट लखनऊ, ज्ञानेंद्र प्रकाश वर्मा पवनपुरी आलमबाग लखनऊ कमिश्नरेट और चीफ मैनेजर प्रवीण कुमार निवासी रूपखेरा बरगदहा हरचंदपुर को नामजद किया गया है। यह कार्रवाई पीड़ित देवनाथ की ओर से न्यायालय में दायर प्रार्थना पत्र के बाद की गई। देवनाथ पुत्र बैजनाथ निवासी बालापुर दूरभाष नगर ने कोर्ट को बताया कि बैंक अधिकारियों ने उनके साथ न केवल आर्थिक धोखाधड़ी की, बल्कि उन्हें मानसिक और जातीय रूप से भी प्रताड़ित किया गया। आरोप है कि उसकी जानकारी के बिना ही उसकी ग्रेच्युटी की रकम ऋण खाते में समायोजित कर दी गई। इसके अलावा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वित्तीय अनियमितताएं किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोपों को गंभीर मानते हुए शहर कोतवाली पुलिस को तत्काल मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। अदालत के आदेश के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि देवनाथ को 17 सितंबर 2022 को बैंक सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था, जिसके बाद से यह विवाद लगातार बढ़ता गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और संबंधित दस्तावेजों व बैंक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। वहीं, मुकदमा दर्ज होने के बाद बैंक अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। कोतवाली प्रभारी शिव शंकर सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ जांच की जा रही है। मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा उसे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# खूनी संघर्ष में 3 अधिवक्ताओं समेत पांच घायल

### जगतपुर थाने में 10 नामजद व चार अज्ञात पर मुकदमा, पीड़ित पक्ष ने फायरिंग करने का भी लगाया आरोप

जगतपुर (रायबरेली)



**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पूरे बल्लू मजरे कुसुमी गांव में गेट लगाने के विवाद और पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार को दो पक्षों के बीच जमकर बवाल हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दबंगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों और सरिया से हमला कर दिया। इस हमले में तीन अधिवक्ताओं समेत पांच लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने अस्पताल ले जाते समय फायरिंग किए जाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में 10 नामजद और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी गौरव नारायण पाण्डेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार दोपहर गेट लगाने को लेकर सत्यम तिवारी और गिरीश मिश्रा के बीच कहासुनी हुई थी। आरोप है कि विवाद के बाद सत्यम तिवारी अपने साथियों के साथ गिरीश मिश्रा के घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। हालांकि ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद मामला कुछ देर के लिए शांत हो गया। आरोप है कि शाम करीब साढ़े छह बजे आरोपी फिर से स्कॉर्पियो और कई बाइकों से पहुंचे तथा गिरीश मिश्रा को घर से बाहर खींचकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे अधिवक्ता अजय नारायण पाण्डेय, सुरेश चंद्र पाण्डेय, उमेश चंद्र पाण्डेय और अन्य लोगों पर भी लाठी-डंडों व सरिया से हमला कर दिया गया। हमले में सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सीएचसी जगतपुर ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने गिरीश मिश्रा और सुरेंद्र पाण्डेय की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि अस्पताल ले जाते समय आरोपियों ने फायरिंग की, जिससे वाहन का टायर फट गया और अफरा-तफरी मच गई। इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि मामले में जानलेवा हमला, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में 10 नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### दबंगों ने ब्यूटी पार्लर में घुसकर की तोड़फोड़ बेटी-बेटे को पीटा, सीसीटीवी फुटेज वायरल

जगतपुर (रायबरेली) अमृत विचार। थाना क्षेत्र के उड़वा गांव में दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट और ब्यूटी पार्लर में तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का कथित सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़िता ने जगतपुर थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम उड़वा निवासी जरीना पत्नी मोहम्मद जहीर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार को गांव का ही एक युवक चार-पांच अज्ञात लोगों के साथ मोटरसाइकिल से उनके घर पहुंचा। आरोप है कि सभी लोग गाली-गलौज करते हुए जबरन घर में घुस आए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़िता के मुताबिक आरोपियों ने उनकी पुत्री हिना और पुत्र मोहम्मद फैसल के साथ बेरहमी से मारपीट की। इतना ही नहीं घर में संचालित ब्यूटी पार्लर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के दौरान परिवार में चीख-पुकार मच गई। पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। वायरल सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान की जा रही है। वहीं इस मामले में गिरजा शंकर त्रिपाठी, सीओ का कहना है कि दो पक्षों में रास्ते को लेकर आपस में कहा सुनी हुई थी जिसमें एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के ब्यूटी पार्लर को क्षति पहुंचाई गई है। दो आरोपियों रौनक व सतीश को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### भवानीगढ़ ने लखनऊ को 24 रनों से हराया


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित। अमृत विचार

शिवगढ़ (रायबरेली) अमृत विचार। शिवगढ़ नगर पंचायत के वार्ड नम्बर-8 ढेकवा में रविवार को स्व. वीरेंद्र प्रसाद त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-2 का शुभारम्भ राष्ट्रगान से हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित हरियाणा वाले द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बल्ले से शॉर्ट मारकर किया गया। उद्घाटन मैच में मयंक इलेवन भवानीगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शुभम इलेवन लखनऊ को 24 रनों से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मयंक इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 7 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 85 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शुभम इलेवन निर्धारित 7 ओवर में छह विकेट खोकर सिर्फ 61 रन ही बना सकी। इस मौके पर आयोजक कमेटी से महेश प्रसाद त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, राकेश शुक्ला, धीरज मिश्रा, मान तिवारी, राज बहादुर सिंह, रामनरेश मेहता आदि लोग उपस्थित रहे।

### समाजसेवी ने सूरज श्रीनाथ को किया सम्मानित

शिवगढ़, अमृत विचार। रविवार को गोरखपुर जिले की चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र के सूरज श्रीनाथ तिवारी ने शिवगढ़ में समाजसेवी अंजनी दीक्षित एवं समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित हरियाणा वाले से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों पर चर्चा की। इस अवसर पर राज दीक्षित ने सूरज श्रीनाथ तिवारी को प्रतीक चिन्ह के रूप में अश्व प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर राकेश त्रिवेदी, नीरज अवस्थी, अमित मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### घर की छत पर युवक का मिला शव


महेश की फाइल फोटो।

बछरावां (रायबरेली), अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुदौली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुदौली निवासी महेश पुत्र घसीटे (28) शनिवार की देर रात घर पहुंचा था। इसके बाद वह घर की छत पर चला गया। काफी देर तक नीचे न आने पर परिजन उसे देखने के लिए छत पर पहुंचे, जहां महेश मृत अवस्था में पड़ा मिला। युवक के गले पर खरोंच के निशान मिलने से मामला संदिग्ध माना जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडे को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर बांटी मिठाई

डलमऊ (रायबरेली), अमृत विचार। ऊंचाहार विधायक को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर क्षेत्रीय लोगों ने एक दूसरे को मुंह मीठा कर बधाई दी। ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडे को योगी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर क्षेत्रीय लोगों ने मकनपुर तिराहे पर बने कार्यालय में एक-दूसरे को मुंह मीठा करा कर बधाई दी। लोगों का कहना है कि प्रदेश सरकार में मंत्री बनाए जाने से क्षेत्र का विकास संभव हो सकेगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख शिवराम रावत, प्रदीप त्रिवेदी, मयंक त्रिवेदी, अमित तिवारी, मोनू बाजपेई, हरिओम दीक्षित, पप्पू तिवारी, हिमांशू त्रिवेदी, अमन त्रिवेदी, राजेश द्विवेदी, शैलेन्द्र चौधरी, अनमोल सिंह, केके पंडित, पिंटू तिवारी, राहुल त्रिवेदी, सक्षम मिश्रा, बॉबी अग्रहरि आदि लोग मौजूद रहे।


मकनपुर तिराहे पर बने कार्यालय में एक-दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपा कार्यकर्ता।

## दिगम्बर जैन मंदिर में महिलाओं ने की पूजा-अर्चना


जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

आस्था

**अमृत विचार।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य तथा आचार्य निर्भय सागर जी महाराज के शिष्य सोमदत्त सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। गुरुवर के आगमन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उनकी अगवानी कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

सिविल लाइन स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित दो दिवसीय धार्मिक महोत्सव के दूसरे दिन मंदिर की 13वीं वर्षगांठ भक्तिभाव से मनाई गई। प्रातःकालीन कार्यक्रम में 108 ऋद्धि-सिद्धि मंत्रों के साथ भगवान आदिनाथ को अर्घ्य समर्पित किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा-अर्चना कर नवदेवता एवं साधु-संतों की आराधना की। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि यदि व्यक्ति की भावना और कर्म श्रेष्ठ हैं तो उसे किसी के सामने कुछ सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं होती। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने 1008 श्री वासुपूज्य भगवान की भाव नृत्य के साथ भव्य पूजा-अर्चना की। शाम को श्रद्धालुओं ने 24 तीर्थंकरों की सामूहिक आरती, दीप प्रज्वलन और संगीतमय धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

मीडिया प्रभारी अंकित जैन ने बताया कि मुनि श्री का आगमन जैन समाज के लिए सौभाग्य का विषय है। कार्यक्रम में सुभाष जैन, रमेश जैन, अजय जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सफाई कर्मियों के आभाव में गांव में फैली गंदगी

महराजगंज (रायबरेली)


धनन्जय सिंह।


अंशुमान मिश्रा।

- मोन ग्राम पंचायत में कर्मचारियों की लापरवाही को लेकर जिम्मेदार मौन


आशीष सिंह चौहान।


मोन ग्राम पंचायत में फैली गंदगी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कर्मचारियों की लापरवाही इस अभियान की जड़ें खोद रही है।

महराजगंज क्षेत्र की मोन ग्राम पंचायत को स्वच्छ भारत मिशन के तहत वर्ष 2021-22 में माडल गांव घोषित किया गया है। इसी गांव में बृहद ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र भी बनाया गया, जहां पूरे विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों से कूड़ा एकत्र कर निस्तारण की योजना थी। चार साल बीतने के बाद भी ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन केंद्र बिजली के कनेक्शन के अभाव में नही चल सका। यहां तैनात सफाई कर्मी परवेश कुमार का तबादला अगस्त में होने के बाद अब तक यहां सफाई कर्मी की तैनाती नहीं हो सकी। गांव के युवा धनंजय सिंह, अंशुमान मिश्रा, आशीष सिंह चौहान व मोन ग्राम प्रधान श्यामकला का कहना है कि उनकी ग्राम पंचायत में चौदह गांव हैं। जिनमें पांच विद्यालय व चालीस छोटी बड़ी नालियां है। करीब दस महीनों से सफाई कर्मी के न होने से गांव में गंदगी का अम्बार लगा है। कई बार तो उन्होंने स्वयं से मजदूर लगाकर सफाई करवाई है। कई बार बीडीओ व एडीओ से समस्या की शिकायत भी की गई लेकिन सफाई कर्मी नही मिला। इसके अलावा महराजगंज ब्लाक क्षेत्र के मझिगंवा, पाराकला, जिहवा, हरदोई समेत एक दर्जन राजस्व गांवों में सफाई कर्मचारी के पद रिक्त हैं। एडीओ पंचायत सीताराम ने बताया कि सोमवार से नया रोस्टर जारी किया जाएगा। नए सफाई कर्मचारियों की तैनाती होने तक न्याय पंचायत क्षेत्र के सभी सफाई कर्मी मिलकर रिक्त ग्राम सभा में साफ-सफाई की जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

### मुकेश आनंद ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन


श्रीमद्भागवत कथा सुनाते हुए मुकेश आनंद महाराज।

रायबरेली, अमृत विचार। छतोह ब्लॉक के पूरे भोला पांडेय में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास मुकेश आनंद महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं, पूतना वध, माखन चोरी, ओखली बंधन, कालिया दमन, गोवर्धन पूजा और रासलीला आदि का प्रसंग प्रस्तुत करके भक्तजनों को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने प्रहलाद चरित्र और भगवान के वामन अवतार का भी वर्णन किया। श्रीकृष्ण के जन्म पर नन्द घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से पूरा पांडाल गूंज उठा। बीच-बीच में भक्ति भजनों पर भक्त झूम उठे। अंत में मुख्य यजमान जगदेव पांडेय ने सपरिवार श्रीमद्भागवत भगवान की आरती की और उसके पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर आशुतोष पांडेय 'अंकित', राजेश कुमार शुक्ल, कमल उपाध्याय, महंत प्रसाद ओझा, द्वारिका प्रसाद पांडेय, लल्ला तिवारी, संजय तिवारी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### समारोह में ब्लॉक टीम सम्मानित



चेक वितरण और सम्मान समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार। टीचर्स सेल्फ केयर टीम की तरफ वैदिक इंटर कॉलेज में कन्यादान योजना के तहत चेक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सात शिक्षको की बेटियों को 51-51 हजार रुपए के चेक मुख्य अतिथि प्रांतीय संगठन मंत्री अंकित शुक्ला और प्रांतीय सचिव बबीता वर्मा व विशिष्ट अतिथि गरिमा पाण्डेय ने प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि व प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी विश्वनाथ प्रसाद, सुनीति सिंह व आशीष बाजपेई ने संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद, प्रदेश महामंत्री सुधेश पांडे व प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव रजक द्वारा स्थापित टीएससीटी व एनएससीटी की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर समस्त ब्लॉक टीमों को सम्मानित किया गया। टीएससीटी रायबरेली को सदैव अपना सहयोग और समर्पण प्रदान करने के लिए जिला सहसंयोजक संगीता अग्रहरि और हनी गुलाटी को टीएससीटी रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संचालन अमित सिंह ने किया। इस अवसर पर जेपी रावत, डॉ आशीष पटेल, सुनील कुमार, विनोद कनौजिया, शशि सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में उमड़ी भीड़

शिवगढ़, अमृत विचार। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देहली में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और चिकित्सकीय परामर्श लिया। चिकित्साधिकारी डॉ. पूनम शर्मा ने मेले में आए कुल 46 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं दी। आरोग्य मेले में बुखार, सर्दी-जुकाम, ब्लड प्रेशर एवं अन्य सामान्य बीमारियों से संबंधित मरीजों की जांच की गई। इस दौरान एएनएम आराधना वर्मा, लैब असिस्टेंट अरविंद कुमार श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

आयोजन

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में बच्चों ने उत्साह से मनाया मदर्स डे

# माता-पिता का सम्मान करना प्रत्येक संतान का प्रथम कर्तव्य

संवाददाता, रायबरेली



न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल बच्चे। अमृत विचार



कार्यक्रम में शामिल अभिभावक।

**अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में मदर्स डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट, एवं 'हैप्पी मदर्स डे' के संदेशों से सजाया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यार्थियों ने कहा कि मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि बच्चों की पहली गुरु भी होती है। मां के त्याग, स्नेह और संस्कारों से ही बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनता है। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि माता-पिता का सम्मान करना प्रत्येक संतान का प्रथम कर्तव्य है।

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने कहा कि मां का स्थान संसार में सर्वोच्च होता है, एक मां अपने बच्चों के जीवन में प्रेम, संस्कार, अनुशासन एवं प्रेरणा का संचार करती है। उन्होंने विद्यार्थियों में पारिवारिक मूल्यों एवं संवेदनशीलता को मजबूत करते हुए कहा कि उन्हें सदैव अपने माता-पिता का आदर करना चाहिए तथा उनके सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत एवं ईमानदारी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी आदि लोग उपस्थित रहे।

**बच्चों के मनमोहक गीत पर माताएं हुई भावुक, महराजगंज:** सलेथू स्थित न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में रविवार को 'मदर्स डे' के उपलक्ष्य पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी से कक्षा 5 तक के छात्रों की माताओं को आमंत्रित किया गया। छात्रों ने मनमोहक गीत और नृत्य की प्रस्तुतियों के जरिए अपनी माताओं के प्रति प्रेम व्यक्त किया जिसे देखकर उपस्थित माताएं भावुक हो उठीं।

कार्यक्रम के दौरान उप-प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव ने कहा, मां त्याग और स्नेह की प्रतिमूर्ति है। वह बिना कहे बच्चे की भाषा समझ लेती है। हमें केवल एक दिन ही नहीं, बल्कि हर दिन मां का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान भूपेंद्र शुक्ला, आलोक पाण्डेय, स्वप्निल शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अचानक आग लगने से मचा हड़कंप

**लालगंज (रायबरेली) अमृत विचार :** लालगंज कस्बे में एक पुस्तक भंडार के पास अचानक आग लग जाने से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इसमें किसी भी तरह की जनहानि की खबर नहीं है।

### अनियंत्रित पिकअप पलटी, खलासी घायल

**सिंहपुर (अमेठी), अमृत विचार :** लखनऊ सुल्तानपुर राजमार्ग पर इन्हौना कस्बे में रविवार प्रात: थाने के निकट एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें सवार खलासी घायल हो गया। थानाध्यक्ष इन्हौना विवेक सिंह ने बताया कि रविवार सुबह लखनऊ से सुल्तानपुर अखबार लेकर जा रही पिकअप इन्होंना थाने के निकट अनियंत्रित होकर पलट गई थी। जिससे उसमें सवार खलासी श्रवण कुमार दुबे 45 वर्ष निवासी पुरे शीतल थाना कूरेभार जनपद सुलतानपुर चोटिल हो गए। जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी सिंहपुर भेजा गया है। जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए स्वशासी मेडिकल कॉलेज तिलोई रेफर कर दिया है।

### किशोरी को भगाने का आरोप, दी गई तहरीर

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार :** इन्हौना थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को गांव हरगांव मजरे हरगांव थाना जामों निवासी पवन कुमार पुत्र राधेश्याम बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। घटना 9 मई की रात करीब नौ बजे की बताई गई है। परिजनों के अनुसार काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का कोई पता नहीं चल सका। पिता का कहना है कि उसकी बेटी अभी नाबालिग है, इसलिए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं किशोरी की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

### 47 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगा आरोग्य स्वास्थ्य मेला

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जनपद में शनिवार को 252वां आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। यह मेला जिले के सभी 47 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में 56 चिकित्सकों और 273 पैरामेडिकल स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं उपचार की सुविधाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कुल 1418 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया, जिनमें 607 पुरुष, 703 महिलाएं और 108 बच्चे शामिल रहे।

### गोमती मित्रों ने सीता कुंड धाम पर चलाया श्रमदान अभियान

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोमती मित्र मंडल द्वारा प्रत्येक रविवार चलाया जाने वाला स्वच्छता जागरूकता श्रमदान अभियान 10 मई को भी सीता कुंड धाम पर उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। सुबह 6 बजे शुरू हुआ यह अभियान लगातार तीन घंटे तक चला, जिसमें गोमती मित्रों ने घाट, श्राद्ध स्थल और सीता उपवन परिसर की व्यापक सफाई की। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने गोमती नदी के भीतर उतरकर टूटे-फूटे कलश, मूर्तियां, कपड़े और कांच के फ्रेम जैसे अवशेष बाहर निकाले।

# कई हैंडपंप खराब होने से छाया पेयजल संकट

## ग्राम पंचायत दरखा में लोगों को दूर-दराज से लाना पड़ रहा पानी, मरम्मत में लाखों के गोलमाल का आरोप

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद की ग्राम पंचायत दरखा में दर्जनों इंडियामार्का हैंडपंप खराब पड़े हैं। इससे लगभग 20 परिवारों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को अपनी प्यास बुझाने के लिए दूर-दराज़ से पानी लाना पड़ रहा है।

पूरे दत्त निवासी प्रमोद सोनी, अशोक सोनी, उर्मिला यादव और केदार यादव सहित कई ग्रामीणों ने पेयजल समस्या के बारे में जानकारी दी। उर्मिला यादव ने बताया कि उनके घर के पास लगा हैंडपंप छह महीने से अधिक समय से खराब है। बार-बार प्रधान और सचिव से शिकायत के बावजूद उसकी मरम्मत नहीं हुई है। उन्हे पानी के लिए निजी नलकूपों का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत की है। कनिष्ठ अभियंता द्वारा रिपोर्ट लगाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे अधिकारी खानापूर्ति कर


तीन वर्षों से खराब पड़ा हैंडपंप।

रहे हैं। पेयजल के लिए लाइन बिछाई गई है और टोटी भी लग गई है लेकिन आज तक उसमें एक बूंद पानी नहीं आया। प्रमोद कुमार सोनी ने बताया कि उनके घर के पास लगा नल दो-तीन वर्षों से खराब है। इसकी शिकायत जिलाधिकारी से संपूर्ण समाधान दिवस में भी की गई लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

विनोद पाण्डेय ने बताया कि ग्राम पंचायत दरखा में दर्जनों हैंडपंप खराब पड़े हैं। मरम्मत के नाम पर 14 लाख रुपये से अधिक की धनराशि निकालकर गोलमाल कर दिया गया है। उन्होंने इसकी जन सूचना मांगी है और आईजीआरएस भी डाला है। खंड विकास अधिकारी से भी जानकारी मांगी गई है लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया है।

**ग्रामीणों में रोष और आंदोलन की दी चेतावनी:** ग्रामीणों में इस लापरवाही को लेकर गहरा रोष है। महेश मिश्रा के घर के सामने सहित कई नल खराब पड़े हैं। चंद्रिका यादव ने बताया कि प्रधान द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद नल नहीं बनवाया गया। इसलिए उन्हें अपने निजी कोष से नल बनवाकर प्यास बुझानी पड़ी है। विनोद पाण्डेय ने चेतावनी दी है कि यदि नलों की मरम्मत शीघ्र नहीं हुई तो ग्रामवासी जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### 452 लाख की लागत से निर्मित पानी की टंकी बनी शोपीस

**अमेठी, अमृत विचार।** शाहगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत चंदौकी में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी चंदौकी ग्रामीण पाइप पेयजल योजना पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। योजना की कुल लागत 452 .23 लाख रुपये है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही अलग नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद गांव में पानी आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह बदहाल है और टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई है। मौके पर पहुंचकर जब अमृत विचार टीम ने जमीनी हकीकत देखी तो कई जगह पाइपलाइन बिछी ही नहीं मिली। वहीं कई घरों पर टोंटियां तक नहीं लगाई गई हैं और जहां टोंटियां लगी हैं वहां भी पानी नहीं पहुंच रहा है। पाइपलाइन कई स्थानों पर लीकेज करती दिखाई दी। निर्धारित जलापूर्ति समय सुबह 7 से 9 बजे और शाम 7 से 10 बजे तय है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि नियमित पानी सप्लाई नहीं हो रही है। टीम को पानी टंकी परिसर में बना ऑफिस भी बदहाल हालत में मिला। ऑफिस का गेट टूटा पड़ा था और आसपास गंदगी फैली हुई थी। कुछ स्थानीय लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर अमृत विचार टीम को बताया कि काम देखने आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई हम लोगों की बात सुनने वाला नहीं है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करें तो करे किसके पास जो समस्या का समाधान कर सके ऐसे में समस्या जस की तस बनी हुई है। योजना का निर्माण कार्य मे. विन्ध्या गाजा एजेंसी द्वारा कराया गया है। निर्माण एजेंसी के नोडल बी.पी. सिंह, जल निगम के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार गुप्ता तथा आईएसए एजेंसी नवनीत फाउंडेशन के समन्वयक पार्थेय द्विवेदी की निगरानी में कार्य कराया गया है, लेकिन ग्रामीण ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अमृत विचार टीम ने जब दूरभाष के माध्यम से संबंधित अधिकारियों और एजेंसी से संपर्क करने का प्रयास किया तो फोन नंबर बंद बता रहा था। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं इस मामले में अधिशासी अभियंता अधिकारी अनिल राव ने बताया कि बन रही पानी की टंकी दिसंबर 2026 तक संस्था द्वारा हैंड ओवर किया जाना है और जिस जगह पानी लीकेज है एवं पाइप लाइन नहीं बिछी है। उस जगह पाइप लाइन बिछाने को संबंधित संस्था को सूचित कर कार्य को पूरा करने को निर्देशित किया जाएगा ।


शोपीस बनी पानी की टंकी।

# संदिग्ध हालात में युवक का लटकता मिला शव, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, अमेठी

- सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही पुलिस

**अमृत विचार।** कस्बे के कटरा राजा हिम्मत सिंह वार्ड नंबर-3 निवासी 25 वर्षीय आशीष सरोज पुत्र रामपाल सरोज का शव बेला देवी मंदिर के पास झाड़ियों में पेड़ से लटकता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। बताया गया कि आशीष शनिवार को घर से बाहर प्रदेश कमाने जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वह अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचा। रविवार को ग्रामीणों ने मंदिर के पास झाड़ियों के बीच पेड़ से शव लटकता देखा तो पुलिस को सूचना दी गई।


आशीष सरोज की फाइल फोटो।

आशीष सरोज चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। बड़े भाई का नाम टुनटुन, दूसरे भाई का नाम सतीश और छोटे भाई का नाम मनीष बताया गया है। परिवार में तीन बहनें भी हैं। बताया जा रहा है कि बड़ी बहन की शादी 5 मई को हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही हुई घटना से परिवार में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोगों ने बताया कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी और न ही किसी पर शक है। आशीष कस्बे की एक दुकान पर काम करता था।

मामले की जांज कर रही पुलिस ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

**बहन की शादी के पांच दिन बाद घर पहुंची मौत की खबर:** घर की खुशियां अभी थमी भी नहीं थीं कि आशीष की मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। 5 मई को बड़ी बहन की शादी हुई थी और परिवार जश्न के माहौल से बाहर भी नहीं निकल पाया था कि रविवार सुबह युवक का शव पेड़ से लटकता मिलने की खबर आ गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ट्रेन से कटकर अज्ञात बुजुर्ग महिला की मौत

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** मां अहोरवा भवानी धाम रेलवे स्टेशन के पूर्वी केबिन के निकट रविवार को एक अज्ञात बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अपने साथ ले लखनऊ गई।

जानकारी के अनुसार लगभग 60 वर्षीय बुजुर्ग रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहा था तभी तेज गति से चुनाव स्पेशल ट्रेन आ गई जिसे वह देख नहीं सका। ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रेलवे कर्मचारी की सूचना पर पहुंची जीआरपी द्वारा लाश को कब्जे में लेकर स्थानीय इन्हौना थाने की पुलिस के माध्यम से पहचान कराने का प्रयास कर रही है। स्टेशन अधीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी कीमैन द्वारा दी गई थी कि पूर्वी केबिन के पास रेलवे ट्रैक के किनारे बुजुर्ग का शव पड़ा हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि उसी दौरान गुजरी चुनाव स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत हुई है। जीआरपी के द्वारा बुजुर्ग की लाश को लखनऊ ले जाया गया है, जहां से पोस्टमार्टम के उपरांत आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**बुजुर्ग महिला को वाहन ने मारी टक्टर, मौत, जगदीशपुर:** कोतवाली क्षेत्र के डोमाडीह गांव में रविवार को सड़क पार कर रही एक वृद्ध महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान मुस्तकुल निशा (60) पत्नी मोहम्मद इमाम निवासी मोहबतपुर डोमाडीह थाना जगदीशपुर के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाल धीरेन्द्र यादव ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया और शव को घर ले गए।

# सरिया व ट्रक समेत दो लोग गिरफ्तार

सिंहपुर (अमेठी)

**कार्रवाई**

- सरिया लदा ट्रक रहस्यमय ढंग से हो गया था गायब, माल बरामद

**अमृत विचार।** इन्हौना थाना क्षेत्र में लोहे की सरिया और स्क्रैप से लदा ट्रक संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने का मामला सामने आया है। कानपुर नगर निवासी संदीप गुप्ता ने थाना प्रभारी इन्हौना को शिकायती पत्र देकर ट्रक चालक और वाहन स्वामी पर गबन व चोरी का आरोप लगाया था। वहीं पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़ित के अनुसार 5 मई को बिहार के पटना विहार स्थित दीना आयरन एंड स्टील लिमिटेड से करीब 12.13 मीट्रिक टन लोहे की सरिया और स्क्रैप ट्रक संख्या यूपी 36 एटी 2819 पर लादकर उन्नाव भेजा गया था। पूछताछ में वाहन मालिक सुरेन्द्र कुमार से पूछताछ पर उसने बताया कि हम लोग सरिया बेचने के लिये दिलीप यादव पुत्र स्व. रामचन्द्र पूरे नायाब थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के मकान के पास उससे यह कहकर सरिया


पुलिस की गिरफ्त में सरिया समेत ट्रक चालक व वाहन स्वामी। अमृत विचार

उतार रहे थे कि मेरे पास रखने की जगह नहीं है। हम इसको बाद मे उठा ले जायेंगे, जबकि उसने यह नहीं बताया कि यह सरिया चोरी की है।

पुलिस ने बताया कि माल की अनुमानित कीमत करीब 6.94 लाख रुपये बताई गई है। ट्रक चालक धीरज सिंह निवासी बेरसरी थाना महराजगंज निवासी रायबरेली तथा वाहन स्वामी सुरेंद्र कुमार निवासी ठोकरपुर शिवरतनगंज अमेठी हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि 6 मई को ट्रक का टोल प्लाजा रिकॉर्ड मिला था। वहीं 7 मई की सुबह चालक से आखिरी बार बातचीत हुई, जिसमें उसने खुद को इन्हौना क्षेत्र में होना बताया था। इसके बाद शाम तक मोबाइल किसी अज्ञात व्यक्ति ने उठाया, फिर फोन बंद हो गया। माल अब तक गंतव्य तक नहीं पहुंचा है। पीड़ित ने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर माल बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

वहीं इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष विवेक सिँह ने बताया कि दोनों पर मुकदमा दर्ज कर तलाश के दौरान रविवार को वाहन व माल समेत गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा चोरी से माल बेचने की बात भी कबूल कर ली गयी है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है : बृजेश

**शुकुल बाजार (अमेठी) अमृत विचार।** शुकुल बाजार-इन्हौना रोड स्थित बाबा अधीन दास ताल मवैया के पास संचालित आर डी कन्वेंट स्कूल में रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर भावनात्मक एवं संस्कारपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त कर वातावरण को भावुक बना दिया। विद्यालय के प्रबंधक बृजेश यादव ने कहा कि मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है, जिनके संस्कार, त्याग और अनुशासन से बच्चों का व्यक्तित्व निखरता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब बच्चे अपने माता-पिता का सम्मान करना सीखें और पारिवारिक मूल्यों को जीवन में अपनाएं। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी माताओं को पुष्प भेंट कर सम्मानित किया तथा मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए शुभकामना कार्ड और संदेश कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे। माताओं के साथ बच्चों ने स्मृति चित्र खिंचवाकर इस पल को यादगार बनाया। विद्यालय की प्रिंसिपल राजकुमारी ने कहा कि मातृ दिवस मां के योगदान और ममता को सम्मान देने का पावन अवसर है। वहीं वाइस प्रिंसिपल विशाल यादव, शिक्षिका खुशबू एवं पूनम ने विद्यार्थियों को माता-पिता के सम्मान और पारिवारिक संस्कारों के महत्व के बारे में प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


मातृ दिवस के उपलक्ष्य मे मौजूद छात्र एवं छात्राएं।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन


मेधावी विद्यार्थी को पुरस्कृत करते सुशील शुक्ला। अमृत विचार

**लालगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** आदर्श सीनियर बेसिक विद्यालय महखेड़ा का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिवार के द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को नमन किया गया। समारोह में नन्हे-मुन्नों बच्चों की फैंसी ड्रेस, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, नाटक और योग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। वहीं मेधावी छात्रों और खेल प्रतियोगिता विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि हर विद्यालय के लिए वार्षिकोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे वर्ष की मेहनत, अनुशासन और सृजनशीलता का उत्सव होता है। प्रबंधक सुभाष चंद्र ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक लाना नहीं, बल्कि अच्छे नागरिक बनाना है। समाजसेवी कृष्ण चंद्र ने भी बच्चों को काफी किताब व अन्य सामग्री भेंट कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर संत राज, राजकुमार तिवारी, रामसेवक तिवारी, राजेंद्र कुमार, संत राज, गया प्रसाद, प्रधान मो. नसीम, प्रधानाचार्य साक्षी वर्मा सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# सांप या कुत्ते के काटने पर झाड़-फूंक नहीं, तुरंत अस्पताल जाएं : सीएमओ

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चण्डेरिया में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सांप या कुत्ते के काटने पर झाड़-फूंक, ओझा, गुणी या तांत्रिक के चक्कर में न पड़ें, बल्कि तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचकर उपचार कराएं।

उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर की तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चण्डेरिया में भी एंटी-रेबीज इंजेक्शन एवं एंटी-स्नेक वेनम 24 घंटे उपलब्ध है। समय पर इलाज मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने लैब टेक्नीशियन काजल नायक को जांच कक्ष में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 27 मरीजों का पंजीकरण हुआ, जिनमें 20 महिलाएं शामिल रहीं। लगभग एक दर्जन महिलाओं की विभिन्न प्रकार की जांच भी कराई गई। इस दौरान डॉक्टर अनीता गौड़, शीलू सिंह, कमलेश सिंह, आशा देवी, सहनाज एवं आशीष कुमार आदि रहे।


निरीक्षण करते सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह। अमृत विचार

# जो सबका कल्याण करे वही शिव है: योगेश्वराचार्य

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** ग्राम तुलापुर कोडरी मजरे नुवावा में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन कथा व्यास ने भगवान शिव और दक्ष की कथा का मार्मिक चित्रण किया। जगत गुरु रामानुजाचार्य स्वामी योगेश्वराचार्य जी महाराज ने बताया कि शिव का अर्थ कल्याण है, जो सबका कल्याण करे वही शिव है। भगवान शंकर सदैव राम नाम में लीन रहते हैं। कथा में दक्ष द्वारा भगवान शिव की निंदा और यज्ञ में उन्हें निमंत्रण न देने का प्रसंग सुनाया गया। दक्ष ने सती से कुशलता भी नहीं पूछी, जिससे सती को अत्यधिक क्रोध आया। यज्ञ में शिव का अंश न दिए जाने पर माता सती ने स्वयं को अग्नि में समर्पित कर दिया। क्रोधित नंदी ने दक्ष को बकरी का सिर होने का श्राप दिया। भगवान शिव ने यज्ञ में शामिल ब्राह्मणों को भी श्राप दिया। कथा के दौरान एक भक्त की कहानी भी सुनाई गई। वह भक्त शिव को मनाने मंदिर आया और पूजा की। मंदिर में सोने का घंटा देखकर उसे चुराने की इच्छा हुई और वह शिवलिंग पर चढ़ गया। भक्त की इस चेष्टा पर भगवान शिव प्रकट हुए और उसे वरदान मांगने को कहा, जिस पर भक्त रोकर उनके चरणों में गिर पड़ा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान अमर सिंह, आयोजक राजपति सिंह, राम लली सिंह, शीला सिंह और निशा सिंह रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा आयोजित

**महराजगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे लीला मजरे कोटवा मोहम्मदाबाद में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक पंडित अंकुल महाराज ने गोकर्ण और धुंधकारी की कथा सुनाई। कथावाचक ने नारद चरित्र और कलयुग आगमन की कथा का भी वर्णन किया। कथा में यजमान महेश यादव, बबलू सिंह, मनीराम, रामबरन, सहजराम, गयाप्रसाद, श्रीपाल, रामसागर, शिवहर्ष, अभिषेक आदि मौजूद रहे।


कथा कहते पंडित अंकुल।

### बीडीओ ने कर्मचारियों को किया प्रेरित

**लालगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** लालगंज विकासखंड के बीडीओ गगनदीप सिंह ने ऑनलाइन स्वगणना कर अभियान की शुरुआत की और कर्मचारियों को भी इसके लिए प्रेरित किया। परिवार की जानकारी आधिकारिक पोर्टल पर दर्ज करने के बाद विकास खंड सभागार में प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम पंचायत सचिवों, ग्राम विकास अधिकारियों और रोजगार सेवकों को डिजिटल माध्यम से स्वगणना करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वगणना नागरिकों को सशक्त बनाने के साथ विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक होगी। साथ ही लोगों के लिए यह बहुत आवश्यक है। बीडीओ ने तकनीक के इस दौर में सभी से डिजिटल जागरूकता अपनाने का आह्वान किया।


लालगंज खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह।

**कार्यक्रम** | एम्स में जैव सांख्यिकी एवं एसपीएसएस पर आयोजित कार्यशाला को निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन ने संबोधित किया

# सांख्यिकी अनुसंधान कार्यों में उपयोग होने वाला एक महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में जैव सांख्यिकी के महत्व एवं एसपीएसएस सॉफ्टवेयर के अनुप्रयोग पर डेढ़ दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों ने भाग लेकर शोध और डेटा विश्लेषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



आयोजित कार्यशाला में मौजूद संस्थान की निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन व अन्य।

उन्होंने कहा कि सांख्यिकी अनुसंधान कार्यों में उपयोग होने वाला एक महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म है, जो वैज्ञानिक अध्ययनों को सटीक दिशा प्रदान करता है। डीन रिसर्च प्रो. डॉ. अर्चना वर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे संकाय सदस्यों में डेटा विश्लेषण और वैज्ञानिक परिणामों की व्याख्या की क्षमता विकसित होगी। कार्यशाला में आईसीएमआर के अध्यक्ष प्रो. डॉ. आरएम पांडेय तथा एसजीपीजीआईएमएस के प्रो. डॉ. प्रभाकर मिश्रा ने भी अपने अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर डॉ. एसपी सिंह, डॉ. कृष्णा सिंह और डॉ. सौरभ पौल समेत कई चिकित्सक मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में उमड़े मरीज, हुआ उपचार

**जगतपुर (रायबरेली) अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी टीकर में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुफैल अंसारी ने बताया कि मेले में क्षेत्र के 63 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उनका उपचार किया गया। इस दौरान मरीजों को नि:शुल्क दवाएं वितरित करने के साथ आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से गंभीर बीमारियों की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाती है, जिससे उपचार आसान हो जाता है।


आरोग्य मेले में रोगियों का उपचार करते डॉक्टर।



मैं किसी को कुछ नहीं सिखा सकता, मैं सिर्फ उन्हें सोचने पर मजबूर कर सकता हूं।
–सुकरात, दार्शनिक



# सोनार बांग्ला की चुनौतियां

पश्चिम बंगाल में भाजपा का सतासीन होना, भारतीय राजनीति के सबसे बड़े सत्ता परिवर्तनों में से एक माना जाएगा। भारतीय जनसंघ के संस्थापक के गृह राज्य में भाजपा को अपने लगभग 46 वर्ष के राजनीतिक इतिहास में पहली बार सत्ता मिली है। बंगाल लंबे समय तक वैचारिक और राजनीतिक रूप से वामपंथ और बाद में तृणमूल कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा। ऐसे में यह जीत सरकार बदलने के साथ राजनीतिक मानस बदलने की भी प्रतीक है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ऐसे बंगाल की कल्पना की थी, जो सांस्कृतिक रूप से आत्मविश्वासी, आर्थिक रूप से समृद्ध और राष्ट्रीय दृष्टि से मजबूत हो, किंतु स्वतंत्रता के बाद बंगाल लगातार औद्योगिक पलायन, राजनीतिक हिंसा, श्रमिक असंतोष और प्रशासनिक जड़ता से जूझता रहा। अब भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती 'सोनार बांग्ला' के अपने वादे को पूरा करना है।

राज्य और केंद्र में एक ही दल की सरकार होने का लाभ बंगाल को मिलेगा। आधारभूत ढांचे, रेल, बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स, रक्षा कॉरिडोर और निवेश परियोजनाओं में केंद्र-राज्य समन्वय तेज होगा। नई सरकार के मुख्यमंत्री के सामने भ्रष्टाचार-मुक्त और पारदर्शी प्रशासन का दावा साबित करना बड़ी चुनौती होगी। मुख्यमंत्री के ऊपर नारदा स्टिंग और शारदा चिट फंड प्रकरणों का राजनीतिक विवादों तथा प्रधानमंत्री द्वारा वर्षों पहले उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों का साया इस काम में उनकी नैतिक विश्वसनीयता परखेगा। आर्थिक मोर्चे पर बंगाल की स्थिति जटिल है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से पीछे रही है और उद्योगों का पलायन चितनीय है। रोजगार सृजन के लिए निवेश चाहिए, लेकिन निवेश के लिए भूमि, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक भरोसा आवश्यक है। सिंगूर और नंदीग्राम की स्मृतियां अभी भी उद्योग जगत को याद हैं। यदि भाजपा सरकार सचमुच औद्योगिक पुनरुत्थान चाहती है, तो उसे पारदर्शी डिजिटल भूमि रिकॉर्ड, विवाद-मुक्त भूमि अधिग्रहण और श्रम-प्रशासन में स्थिरता सुनिश्चित करनी होगी। बंगाल की स्वाभाविक ताकतें स्पष्ट हैं— कोलकाता पोर्ट आधारित लॉजिस्टिक्स, चाय उद्योग, पेट्रोकेमिकल, चमड़ा, समुद्री व्यापार, एमएसएमई, आईटी सेवाएं और पूर्वोत्तर तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए व्यापारिक द्वार के रूप में इसकी स्थिति। यदि सरकार निवेशकों को भरोसा दे सके, तो राज्य नई औद्योगिक छलांग लगा सकता है, हालांकि सबसे संवेदनशील प्रश्न सामाजिक सौहार्द का है। भाजपा ने चुनाव में 'घुसपैठ' को बड़ा मुद्दा बनाया, लेकिन बिना ठोस आंकड़ों और कानूनी प्रक्रिया के इस मुद्दे पर कठोर कार्रवाई सामाजिक तनाव और भारत-बांग्लादेश संबंधों दोनों को प्रभावित कर सकती है। बंगाल जैसे बहुधार्मिक और सीमावर्ती राज्य में प्रशासनिक संतुलन अत्यंत आवश्यक होगा। अंततः बंगाल की जनता केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति परिवर्तन चाहती है।

भाजपा के लिए सबसे बड़ा राजनीतिक तथ्य यह है कि हार के बावजूद तृणमूल कांग्रेस का वोट आधार लगभग 40 प्रतिशत अभी भी बना हुआ है। इसका अर्थ है कि बंगाल पूरी तरह वैचारिक रूप से भाजपा के पक्ष में नहीं गया है। यदि नई सरकार अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो सत्ता परिवर्तन संभव हो सकता है।

## प्रसंगवश

# बूंद-बूंद से लौटती हरियाली पानी के लिए जागता भारत



संध्या अग्रवाल
लेखिका

मई की तपिश में जब देश के कई हिस्सों में पानी के लिए लंबी कतारें लग रही हैं, उसी समय कुछ तस्वीरें ऐसी भी हैं, जो उम्मीद जगाती हैं। ये तस्वीरें बताती हैं कि भारत सिर्फ पानी के संकट से जूझ नहीं रहा, बल्कि उससे लड़ना भी सीख रहा है। राजस्थान के अलवर में कभी सूख चुकी अरवरी नदी आज बारह महीने बहती है। महाराष्ट्र का हिवरे बाजार गांव, जो कभी 'सुसाइड विलेज' कहलाता था, आज पानी के मामले में आत्मनिर्भर है। मध्यप्रदेश के देवास जिले में किसानों ने मिलकर हजारों तालाब बना लिए। ये कहानियां बताती हैं कि संकट बड़ा है, पर समाधान उससे बड़ा है।

देश इस समय जल प्रबंधन के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। 'जल जीवन मिशन' के तहत करोड़ों घरों तक नल से पानी पहुंचा है। बुंदेलखंड के टीकमगढ़ और छतरपुर जैसे जिलों में, जहां महिलाएं कभी सुबह चार बजे पानी के लिए निकलती थीं, अब आंगन में नल से पानी आ रहा है। मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में लाखों घरों को कनेक्शन मिल चुका है, जबकि निमाड़ के खरगोन में नर्मदा का पानी अब टोंटी तक पहुंच रहा है। यह बदलाव एक दिन में नहीं आया, पर इसकी रफ्तार उम्मीद जगाती है।

किसान अब समझने लगा है कि पानी खेत की सबसे बड़ी पूंजी है। पंजाब के कई इलाकों में धान की जगह मक्का और बासमती को अपनाया जा रहा है, क्योंकि इनमें कम पानी लगता है। मराठवाड़ा के बीड में सैकड़ों किसानों ने गन्ना छोड़कर फलदार खेती की ओर कदम बढ़ाया है। ड्रिप सिंचाई अब खेतों तक पहुंच रही है, जिससे कम पानी में अधिक उत्पादन संभव हो रहा है। यह नया भारत का किसान है, जो परंपरा के साथ तकनीक को भी अपनाना सीख रहा है।

शहर भी इस बदलाव का हिस्सा बन रहे हैं। इंदौर ने स्वच्छता में देश में लगातार अग्रणी स्थान बनाया है, लेकिन उसकी एक बड़ी उपलब्धि पानी बचाने की दिशा में भी है। वहां बड़ी संख्या में इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था सक्रिय है। सूरत ने गंदे पानी को शुद्ध करके उद्योगों में उपयोग करना शुरू किया, जिससे नदियों पर दबाव कम हुआ। बेंगलुरु के कई अपार्टमेंट अब 'जीरो वाटर डिस्चार्ज' की दिशा में काम कर रहे हैं— यानी जितना पानी लेते हैं, उतना ही जमीन को लौटाने की कोशिश करते हैं। ये प्रयास छोटे जरूर हैं, लेकिन मिलकर बड़ा बदलाव ला रहे हैं।

सरकार और समाज जब साथ आते हैं, तो नदियां भी लौट आती हैं। राजस्थान में 'तरुण भारत संघ' ने लोगों के सहयोग से कई सूखी नदियों को फिर से जीवित किया है। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में मनरेगा को जल संरक्षण से जोड़ने के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। हजारों चेक डैम बने और भूजल स्तर में सुधार हुआ। तेलंगाना का 'मिशन काकतीय' अभियान पुराने तालाबों को पुनर्जीवित कर रहा है। जब तालाब भरते हैं, तो गांवों में जीवन भी लौट आता है। अभी भी चुनौतियां कम नहीं हैं। मध्यप्रदेश का बुंदेलखंड, महाराष्ट्र का विदर्भ और कर्नाटक के कुछ हिस्से आज भी जल संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन अब फर्क यह है कि निराशा की जगह योजनाएं और प्रयास दिखाई दे रहे हैं। केन-बेतवा लिंक परियोजना जैसे बड़े प्रयास बुंदेलखंड को राहत देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

बदलाव गांव की महिलाओं में भी दिखता है। यूपी के बांदा में महिलाओं ने खुद तय किया कि पानी बचाने के लिए कौन सी फसल बोई जाए। झारखंड में 'जल सहिया' बनकर महिलाएं घर-घर जागरूकता फैला रही हैं। जब पानी की जिम्मेदारी समाज के हर हिस्से तक पहुंचती है, तो बदलाव स्थायी बनता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# सैलरी से ज्यादा बढ़ रही ईएमआई





रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

भारत की अर्थव्यवस्था पिछले कुछ वर्षों में दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रही है। शेयर बाजार नई ऊंचाइयों को छू रहा है, डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने क्रांति ला दी है और उपभोग आधारित विकास मॉडल को देश की आर्थिक शक्ति माना जा रहा है, लेकिन इन चमकते आंकड़ों के पीछे एक ऐसी सच्चाई भी छिपी है, जिस पर अब गंभीर चर्चा की आवश्यकता है। सवाल यह है कि क्या भारत धीरे-धीरे 'Salary Economy' से 'Debt Economy' की ओर बढ़ता जा रहा है?

आज भारत में स्थिति यह बनती जा रही है कि वेतन आने से पहले ईएमआई कटने लगी है और बचत करने से पहले खर्च तय होने लगे हैं। एक समय था, जब भारतीय परिवार अपनी आय के अनुसार खर्च करने और बचत को प्राथमिकता देने के लिए जाने जाते थे। 'पहले बचत, फिर खर्च' भारतीय मध्यम वर्ग की आर्थिक संस्कृति का हिस्सा था, लेकिन अब तस्वीर तेजी से बदल रही है। अब 'पहले खर्च, बाद में भुगतान' की मानसिकता विकसित हो रही है। क्रेडिट कार्ड, ईएमआई, पर्सनल लोन और 'Buy Now Pay Later' जैसी सुविधाओं ने उपभोग को आसान तो बनाया है, लेकिन साथ ही लोगों को कर्ज के जाल में भी धकेलना शुरू कर दिया है।

भारतीय रिजर्व बैंक और विभिन्न वित्तीय रिपोर्टों के अनुसार भारत में घरेलू कर्ज तेजी से बढ़ रहा है, जबकि बचत दर लगातार घट रही है, जो भविष्य की आर्थिक स्थिरता के लिए चेतावनी संकेत माना जा रहा है। हाल के वर्षों में भारत का घरेलू कर्ज बढ़कर जीडीपी के लगभग 41–42 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जबकि वर्ष 2021 में यह करीब 36 प्रतिशत था। यह दर्शाता है कि भारतीय परिवार अब अपनी जरूरतों और जीवनशैली को बनाए रखने के लिए पहले की तुलना में अधिक ऋण पर निर्भर होते जा रहे हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था पिछले कुछ वर्षों में दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रही है। इन चमकते आंकड़ों के पीछे एक ऐसी सच्चाई भी छिपी है, जिस पर अब गंभीर चर्चा की आवश्यकता है।

सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि घरेलू कर्ज का बड़ा हिस्सा अब उत्पादक निवेश के बजाय उपभोग आधारित खर्चों के लिए लिया जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार भारत में कुल घरेलू ऋण का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा गैर-आवासीय ऋणों का है, जिसमें पर्सनल लोन, उपभोक्ता ऋण और क्रेडिट कार्ड शामिल हैं। यानी अब कर्ज केवल घर खरीदने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, यात्रा, लग्जरी वस्तुओं और दैनिक उपभोग तक पहुंच चुका है।

आज शहरी भारत का एक बड़ा वर्ग अपनी मासिक सैलरी का महत्वपूर्ण हिस्सा ईएमआई चुकाने में खर्च कर रहा है। घर की ईएमआई, कार लोन, मोबाइल फोन की ईएमआई, क्रेडिट कार्ड बिल और व्यक्तिगत ऋण ने वेतनभोगी वर्ग की वित्तीय स्वतंत्रता को सीमित कर दिया है। कई युवाओं की स्थिति ऐसी हो गई है कि महीने की सैलरी आने से पहले ही उसका अधिकांश हिस्सा विभिन्न देनदारियों में बंट चुका होता है। क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन भारतीय बैंकिंग व्यवस्था में सबसे तेजी से बढ़ने वाले कर्ज बन चुके हैं।

पिछले कुछ वर्षों में क्रेडिट कार्ड ऋणों में 25 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। डिजिटल लेंडिंग ऐप्स और फिनटेक कंपनियों ने कर्ज लेने की प्रक्रिया को इतना आसान बना दिया है कि अब कुछ मिनटों में ऋण उपलब्ध हो जाता है, लेकिन यही आसानी भविष्य में आर्थिक संकट का कारण भी बन सकती है। कई युवा बिना लंबी अवधि के वित्तीय प्रभाव को समझे, तत्काल उपभोग के लिए कर्ज ले रहे हैं।

इस बदलाव के पीछे केवल आर्थिक कारण ही नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी हैं। सोशल मीडिया ने दिखावटी जीवनशैली को बढ़ावा दिया है। महंगे मोबाइल फोन, विदेशी यात्राएं, लग्जरी कारें और ब्रांडेड वस्तुएं अब 'जरूरत' से ज्यादा 'स्टेटस सिंबल' बन चुकी हैं। युवा वर्ग अपनी आय से अधिक खर्च कर रहा है, ताकि वह डिजिटल दुनिया में खुद को सफल और आधुनिक दिखा सके। यही कारण है कि कई लोग निवेश और बचत से अधिक उपभोग और तात्कालिक सुख को प्राथमिकता देने लगे हैं।

भारत जैसे विकासशील देश की आर्थिक स्थिरता लंबे समय तक घरेलू बचत पर आधारित रही है। भारतीय परिवारों की बचत दर हमेशा देश की आर्थिक मजबूती का आधार मानी जाती थी, लेकिन अब यह बचत लगातार घट रही है। पिछले एक दशक में घरेलू बचत दर में लगातार गिरावट दर्ज की गई है और यह हाल के वर्षों में लगभग 18 प्रतिशत के आसपास पहुंच गई है। वहीं सकल घरेलू बचत दर भी पिछले दशक में 34 प्रतिशत से घटकर करीब 30 प्रतिशत के आसपास आ गई है। यह संकेत देता है कि भारतीय समाज धीरे-धीरे बचत आधारित अर्थव्यवस्था से उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है, क्योंकि जब किसी देश की बड़ी आबादी अत्यधिक कर्ज में डूब जाती है, तो उपभोग आधारित विकास लंबे समय तक टिकाऊ नहीं रह पाता। शुरुआत में कर्ज से बाजार में मांग बढ़ती है, लेकिन समय के साथ ईएमआई का बोझ उपभोग क्षमता को कम कर देता है। यही स्थिति कई विकसित देशों में आर्थिक संकट का कारण बनी थी। भारत को इस अनुभव से सीख लेने की आवश्यकता है। इसके अलावा, नौकरी की अनिश्चितता और बढ़ती महंगाई ने भी स्थिति को जटिल बना दिया है।

निजी क्षेत्र में रोजगार स्थिर नहीं हैं, वहीं स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास की लागत लगातार बढ़ रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन के बढ़ते प्रभाव ने भी व्हाइट कॉलर नौकरियों को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। ऐसे में कई परिवार अपनी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए भी कर्ज का सहारा लेने लगे हैं। यह संकेत देता है कि आर्थिक विकास के बावजूद आम लोगों की वास्तविक वित्तीय स्थिति उतनी मजबूत नहीं हो रही, जितनी आंकड़ों में दिखाई देती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



बीजेपी सरकार विपक्षी नेताओं को डराने और उनका मनोबल तोड़ने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। बंगाल में चुनाव खत्म होते ही पंजाब में ईडी के छापे तेज हो गए हैं। औरंगजेब ने अत्याचार करके देश के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया था। आज भी वैसी ही नीतियां अपनाई जा रही हैं।
–अरविंद केजरीवाल
संयोजक, आप

केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान को मुगल शासकों के नाम इसलिए याद आते हैं, क्योंकि उनके काम–काज भी उन्हीं शासकों जैसे हैं। पंजाब ने अब्दाली द्वारा किए गए अत्याचारों के बारे में पढ़ा है। वही मानसिकता और व्यवहार एक बार फिर केजरीवाल के रूप में देखने को मिल रहा है।
–रवनीत सिंह बिट्टू
केंद्रीय मंत्री



# बंगाल हिंसा: वर्चस्व की जंग में लोकतंत्र की दुर्दशा



विवेक सक्सेना
अयोध्या

भारत, जिस देश के राष्ट्रपिता ने पूरी दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाया, आज उसी देश के राज्य पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक तनाव और हिंसक झड़पें अब सामान्य बात बन गई हैं, जो लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चुनौती है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद राज्य में हिंसा और तनाव काफी बढ़ गया है। आसनसोल, कूच बिहार और न्यू टाउन सहित कई इलाकों से आगजनी, झड़प और तोड़फोड़ की खबरें आने लगीं। अब तक 200 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं, 433 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 1100 से अधिक एहतियाती हिरासत में लिए गए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने मुख्य सचिव, डीजीपी और सीएपीएफ को 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं, हिंसा रोकने के लिए संयुक्त पुलिस-सीएपीएफ नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। वहीं टीएमसी और भाजपा दोनों एक-दूसरे पर हिंसा का आरोप लगा रहे हैं।

आलम ये है कि पश्चिम बंगाल, चुनाव के पहले और चुनाव के दौरान तो हिंसा से बच गया, लेकिन चुनाव बाद हिंसा से नहीं बच पाया। जिस तरह की हिंसा हुई है, उससे पिछले विधानसभा चुनावों के बाद की भयावह तस्वीर सामने आ जाती हैं। ममता ने यह कहकर एक तरह से अपने समर्थकों को उकसाया है कि वे हारी नहीं, बल्कि उन्हें हराया गया है, इसलिए वे त्यागपत्र नहीं देंगी। समर्थक आतंकित करने वाली हिंसा का जो परिचय दे रहे हैं, वह उस हिंसक राजनीतिक संस्कृति की देन है, जिसे ममता ने 15 वर्षों में उसी तरह संरक्षित किया।

बंगाल में शांति के लिए आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दल संयम बरतें और अपने कार्यकर्ताओं को कानून के दायरे में रहने के लिए प्रेरित करें।

बंगाल में आतंक मचा रहे हिंसक तत्व कितने अधिक दुःसाहसी हैं, इसका खौफनाक प्रमाण है मुख्यमंत्री बन चुके सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या। बंगाल में हिंसक घटनाओं की ममता ने कभी परवाह नहीं की। हालिया घटनाओं, विशेष रूप से मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा और वक्फ संशोधन के मुद्दे पर तनाव, यह दर्शाता है कि राज्य में सांप्रदायिक विभाजन गहरा रहा है। आलोचकों का मानना है कि ममता बनर्जी सरकार की तुष्टीकरण की नीति ने स्थिति को और खराब किया है, जिससे कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा मिला है।

ममता बनर्जी अक्सर हिंसा के लिए 'बाहरी लोगों' को जिम्मेदार ठहराती रही हैं, लेकिन पुलिस की रिपोर्ट और स्थानीय लोगों के बयानों में विरोधाभास उनके दावों पर सवालिया निशान लगाता है। इतना ही नहीं कलकत्ता उच्च न्यायालय को कई बार हस्तक्षेप करना पड़ा है, जिसमें मुर्शिदाबाद जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती के आदेश शामिल हैं। यह राज्य पुलिस की निष्पक्षता और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की क्षमता पर गंभीर सवाल उठाता है।

राज्य में सांप्रदायिक रूप से सरगर्म जुलूसों और पुलिस की कथित निष्क्रियता ने तनाव को और भड़काया है। बंगाल में राजनीतिक और सामुदायिक हिंसा का इतिहास दशकों पुराना है। समय-समय पर विभिन्न राजनीतिक दलों के शासन के दौरान चुनावी और सामाजिक तनाव की खबरें सामने आती रही हैं। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए, चाहे वह किसी भी पक्ष द्वारा की जाए। विपक्षी दलों और सत्ता पक्ष के बीच बढ़ता टकराव अक्सर धरातल पर कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पों का रूप ले लेता है, जो अंततः सामान्य नागरिकों और राज्य की शांति को प्रभावित करता है।

राज्य विधानसभा को गुरुवार को राज्यपाल आरएन रवि ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया। अब शासन को यह देखना होगा कि मौजूदा हिंसा पर कैसे लगाम लगे। वैसे तो चुनाव बाद 60 दिनों तक केंद्रीय बलों को बनाए रखने का फैसला लिया गया था, पर शायद उनकी तैनाती और बढ़ानी पड़े। भाजपा के सामने अन्य अनेक चुनौतियों के साथ कानून एवं व्यवस्था के मोर्चे को मजबूत करना और पूरी तरह ठीक करने की गंभीर चुनौती है। उसे इस चुनौती का सामना करना ही होगा, क्योंकि इससे ही राज्य को पटरी पर लाया जा सकता है।

बंगाल में शांति की स्थापना के लिए यह आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दल संयम बरतें और अपने कार्यकर्ताओं को कानून के दायरे में रहने के लिए प्रेरित करें। कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन इसमें केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय भी अनिवार्य है। विकास और सुशासन के एजेंडे को सांप्रदायिक या राजनीतिक ध्रुवीकरण से ऊपर रखना होगा। जब तक राजनीति में हिंसा को एक हथियार के रूप में देखा जाएगा, तब तक लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती रहेंगी। स्थायी समाधान के लिए निष्पक्ष जांच, त्वरित न्याय और समावेशी संवाद की आवश्यकता है, ताकि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुरक्षित रखा जा सके।

## सोशल फोरम

# बात 'बरसात' की



कैलाश गोयल
फिल्म ब्लॉगर

1949 में आई एक ऐसी फिल्म ने हिंदी सिनेमा का पूरा नक्शा बदल दिया था, जिसने सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड नहीं बनाए, बल्कि रोमांस, संगीत और कहानी कहने का तरीका ही बदल दिया। उस दौर में जब किसी फिल्म का लाखों में कमाना बड़ी बात माना जाता था, तब एक फिल्म ने एक करोड़ 10 लाख रुपये की ऐतिहासिक कमाई करके पूरी फिल्म इंडस्ट्री को हैरान कर दिया था। आज के दौर में इस रकम को करीब 700 करोड़ रुपये के बराबर माना जाता है।

ये फिल्म थी बरसात। एक ऐसी क्लासिक, जिसने राज कपूर को शोमैन बनाया, लता मंगेशकर को नई पहचान दी और शंकर-जयकिशन को रातों-रात संगीत की दुनिया का सबसे बड़ा नाम बना दिया। करीब 2 घंटे 51 मिनट लंबी इस फिल्म में कुल 10 गाने थे और हैरानी की बात यह थी कि उनमें से नौ गानों को सिर्फ एक गायिका ने अपनी आवाज दी थी— वो थीं लता मंगेशकर। उस वक्त लता जी इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं, लेकिन 'बरसात' के गानों ने उन्हें सीधे स्टार बना दिया। उनकी आवाज में मासूमियत, दर्द और प्यार का ऐसा जादू था कि लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

'हवा में उड़ता जाए', 'जिया बेकरार है' और 'बरसात में हमसे मिले तुम सजन' जैसे गीत आज भी सदाबहार माने जाते हैं। फिल्म का संगीत मशहूर जोड़ी शंकर-जयकिशन ने दिया था, जबकि गीतकार थे हसरत जयपुरी और शैलेंद्र। यही वो फिल्म थी, जिसने इस संगीतकार जोड़ी को हिंदी सिनेमा का सुपरस्टार बना दिया।

फिल्म की कहानी लिखी थी, मशहूर लेखक-निर्देशक रामानंद सागर ने, जिन्हें बाद में टीवी सीरीज रामायण के लिए घर-घर में पहचान मिली। वहीं फिल्म के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर थे खुद राज कपूर। राज कपूर ने इस फिल्म में अभिनय भी किया और निर्देशन भी। उनके साथ फिल्म में नर्गिस, प्रेम नाथ और निम्मी नजर आए। दिलचस्प बात यह है कि निम्मी की यह पहली फिल्म थी।

फिल्म की कहानी दो दोस्तों- प्राण और गोपाल के इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों शहर के अमीर युवक हैं, जो छुट्टियां बिताने पहाड़ी इलाके में जाते हैं। वहां प्राण की मुलाकात रेशमा से होती है और दोनों के बीच सच्चा प्यार जन्म लेता है। दूसरी तरफ गोपाल की मुलाकात नीला से होती है, लेकिन उसका स्वभाव रंगीन मिजाज और बेपरवाह है। एक तरफ सच्चा प्यार, दूसरी तरफ धोखा और दर्द। फिल्म दो मॉनसून के बीच फैली एक साल की भावनात्मक यात्रा दिखाती है।

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# तीस्ता जल समझौता और बांग्लादेशी रवैया



डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद उम्मीद जगी थी कि भारत से उसके रिश्ते पटरी पर आएंगे। यह उम्मीद तब बलवती हुई थी, जब खुद बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने इसके संकेत दिए थे और शेख हसीना को सत्ता से हटाने के बाद मुख्य सलाहकार बने मोहम्मद यूनुस के भारत विरोधी फैसलों को पलट दिया था, लेकिन अब वहां ऐसी हरकतें हो रही हैं, जो यह दर्शाने के लिए काफी हैं कि बांग्लादेश भारत विरोधी रवैया छोड़ने वाला नहीं है। उसका भारत विरोधी रवैया तीस्ता जल समझौते को लेकर दिखा। तीस्ता जल समझौते को लागू करने में सबसे बड़ी बाधा बंगाल की तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी थीं। अब उनका शासन खत्म हो गया है। बांग्लादेश के हुक्मरानों को इस बात की उम्मीद भी है कि भाजपा नीत नई सरकार इस समझौते को लागू कराने में मदद करेगी, लेकिन बिना देर किए इस पड़ोसी ने चीन से मदद मांग ली।

तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकलती है और सिक्किम व पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश में प्रवेश कर ब्रह्मपुत्र नदी में विलीन हो जाती है। इसे बांग्लादेश की चौथी सबसे बड़ी नदी होने का दर्जा प्राप्त है। वहां के लाखों किसानों की आजीविका का मुख्य स्रोत इसे माना जाता है। 1983 में भारत और बांग्लादेश के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत भारत को 39 और बांग्लादेश को 36 फीसद जल मिलता था, जबकि बाकी 25 फीसद पानी का बंटवारा दोनों देश तय नहीं कर पाए थे।

2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पहल पर बांग्लादेश के साथ नई संधि का मसौदा तैयार हुआ। इस प्रस्ताव में तय किया गया कि दिसंबर से मार्च के मध्य भारत को 42.5 फीसद और बांग्लादेश को 37.5 फीसद जल मिलेगा। बांग्लादेश इस समझौते को लागू करने पर सहमत भी हो गया था, लेकिन पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने इसका पुरजोर विरोध किया। परिणामस्वरूप इसे लागू नहीं किया जा सका। अब ममता बनर्जी सरकार पश्चिम बंगाल से विदा हो चुकी है और सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में नई सरकार बन गई है।

बांग्लादेश की ओर से भाजपा को वहां जीत पर बधाई देने के साथ यह उम्मीद जताई गई थी कि जल्द ही नई सरकार इस समझौते को लागू करने में मदद करेगी, लेकिन पड़ोसी ने बिना इंतजार किए चीन के पाले में कदम रखा और तीस्ता नदी पुनरुद्धार परियोजना के लिए औपचारिक रूप से चीन से समर्थन मांग लिया। माना जा रहा है कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान भी मां बेगम खालिदा जिया की राह पर चल रहे हैं। खालिदा जिया जब तक प्रधानमंत्री रहीं उन्होंने भारत विरोधी रुख अख्तियार किए रखा। चीन और पाकिस्तान से उनके अच्छे संबंध रहे।

भारत में शेख हसीना को शरण दिए जाने का मलाल अब भी बांग्लादेश के नेताओं को है। वे चाहते हैं कि हसीना को बांग्लादेश को सौंप दिया जाए, लेकिन इसके लिए भारत तैयार नहीं है। यही वजह है कि जब भी मौका मिल रहा है, बांग्लादेश के मंत्री या अधिकारी चीन और पाकिस्तान से अपने रिश्ते को मजबूती देने से नहीं चूक रहे हैं। पिछले दिनों बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर्रहमान ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक कर तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन एवं पुनरुद्धार परियोजना पर चर्चा की। इस बैठक के बाद चीन को भारत पर पलटवार करने का मौका मिला। वांग ने कहा कि सरकार चीन की कंपनियों को बांग्लादेश में निवेश के लिए भी प्रोत्साहित करेगी। उनकी यह घोषणा भारत की चिंता बढ़ाने वाली है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

अमृत विचार
व्हील्स





थार चलाने वालों का माइंडसेट थोड़ा अलग होता है। वे रोमांच पसंद होते हैं। थार किसी लग्जरी कार की तरह बहुत आरामदेह नहीं है, फिर भी थार खरीदने के लिए लोग एक-एक साल प्रतीक्षा करते हैं। थार से ऑफरोडिंग का अपना ही मजा है, एक अलग आनंद है। जहां तक बात रॉक्स की है, तो यह पिछले मॉडल्स की तुलना में ज्यादा बेहतर है। महिन्द्रा की थार, सफर को यादगार बनाती है। फोर बाई फोर की ताकत और चौड़े टायर इसे सुरक्षित बनाते हैं। हम लोग आगामी 17 मई को भीमताल ट्रिप पर ऑफरोडिंग के लिए जा रहे हैं।



**-राजीव खुराना,** अध्यक्ष क्लब थारियंस, बरेली

थार के पिछले मॉडल की तुलना में मेरी नई थार रॉक्स ज्यादा बेहतर अनुभव कराती है। अगर पिछली कार को चांदी कहें, तो रॉक्स सोना है। पांच दरवाजे और खिड़कियां, बड़ी सनरूफ इसे और क्लास बनाती है। हम पिछले महीने लाहौल-स्पीति गए थे, अब इसी महीने की 20 तारीख को लद्दाख जाने की तैयारी है।



**- सुबोध भारद्वाज,** सचिव क्लब थारियंस, बरेली

नई थार रॉक्स एक शानदार कार है। बस, इसमें अडास नहीं है, बाकी सनरूफ, 19 इंच के मजबूत टायर, ब्लैक सीट्स, फाइव प्लस वन की सिटिंग कैपेसिटी और छह एयरबैग्स इसके सफर को शानदार के साथ सुरक्षित भी बनाते हैं। रॉक्स का ये स्टार मॉडल थारियंस को खूब भा रहा है।

**-अमित वाजपेयी,** जनरल मैनेजर सेल्स महिंद्रा डीलरशिप मूसाराम, बरेली

# Thar Roxx नया अवतार

## ऑफ-रोडिंग के साथ सैन्य ताकत का संगम

भारतीय ऑटो सेक्टर में ऑफ-रोडिंग वाहनों की दुनिया लगातार विकसित हो रही है और अब इसमें एक नया सैन्य अध्याय जुड़ गया है। Mahindra & Mahindra ने अपनी लोकप्रिय Mahindra Thar Roxx को एक अत्याधुनिक मिलिट्री अवतार में पेश किया है, जिसे खासतौर पर भारतीय सुरक्षा बलों की जरूरतों के अनुरूप डिजाइन किया गया है। 'रक्षा त्रिवेणी संगम' जैसे मंच पर पेश किया गया यह नया ATV (ऑल-टेरेन व्हीकल) कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, पहाड़ी इलाकों और चुनौतीपूर्ण मिशनों के लिए तैयार किया गया है। यह सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि आधुनिक युद्धक्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई एक मजबूत और बहुउपयोगी मशीन है।

**■ आनंद महिंद्रा ने दिखाई झलक**

Anand Mahindra ने इस खास ATV की तस्वीरें साझा करते हुए इसे सुरक्षा बलों के लिए एक उद्देश्यपूर्ण मशीन बताया। उन्होंने साफ किया कि इसमें अनावश्यक स्टाइलिंग नहीं की गई है, बल्कि हर फीचर को उपयोगिता और मजबूती को ध्यान में रखकर जोड़ा गया है। इस वाहन में एयरड्रॉप रेडी सिस्टम, मिशन-ग्रेड सुरक्षा, गन माउंट, अंडरबॉडी प्रोटेक्शन और फ्रंट विंच जैसे फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा जेरीकैन होल्डर, टैंडम टायर कैरियर और विंडशील्ड प्रोटेक्टर इसे कठिन मिशनों के लिए पूरी तरह तैयार बनाते हैं। यह वाहन उन परिस्थितियों में भी काम करने में सक्षम है, जहां सामान्य गाड़ियां जवाब दे देती हैं।

**■ सेना की जरूरतों के अनुरूप डिजाइन**

यह नया ATV अपने स्टैंडर्ड वर्जन से काफी अलग और ज्यादा मजबूत बनाया गया है। फ्रंट में दिया गया मेटल बंपर और हैवी-ड्यूटी विंच इसे दलदली या खराब रास्तों में फंसने की स्थिति से बाहर निकालने में मदद करता है। इसके साथ ही विंडशील्ड के ऊपर मजबूत मेटल ट्यूब प्रोटेक्शन दिया गया है, जो वाहन को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। हर डिजाइन एलिमेंट को इस तरह तैयार किया गया है कि वह कठिन परिस्थितियों में अधिकतम प्रदर्शन दे सके।

**■ रूफ हटाकर लगाया गया रोल केज**

इस ATV को हल्का और ज्यादा फंक्शनल बनाने के लिए इसके पारंपरिक रूफ और दरवाजों को हटा दिया गया है। उनकी जगह एक मजबूत मेटल पाइप स्ट्रक्चर और मॉड्यूलर रोल केज लगाया गया है। इस रोल केज की खासियत यह है कि इसमें 360 डिग्री गन टर्रेट लगाया जा सकता है, जो 7.62mm मीडियम मशीन गन के साथ कम्पैटिबल है। इसके अलावा बोनट पर फार्म जैक, पीछे जेरीकैन होल्डर और डबल स्पेयर व्हील कैरियर जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो लंबी दूरी के मिशनों के दौरान उपयोगी साबित होते हैं।

### दमदार इंजन और फोर बाइ फोर ताकत

इस मिलिट्री-ग्रेड ATV में 2.2 लीटर डीजल इंजन दिया गया है, जो 172hp की पावर और 400Nm का टॉर्क जनरेट करता है। इसके साथ 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स और 4×4 ड्राइवट्रेन मिलता है। यह कॉम्बिनेशन इसे कठिन से कठिन इलाकों जैसे पहाड़, रेगिस्तान या कीचड़ में भी बेहतरीन पकड़ और ताकत प्रदान करता है। कुल मिलाकर यह नया ATV आधुनिक सैन्य जरूरतों के हिसाब से तैयार एक भरोसेमंद और शक्तिशाली वाहन के रूप में सामने आता है।



### हर रास्ते पर बेहतरीन प्रदर्शन

यह वाहन हर तरह के कठिन इलाकों में चलने के लिए तैयार किया गया है। इसमें 18-इंच ऑल-टेरेन टायर्स, अधिक ग्राउंड क्लीयरेंस और मजबूत अंडरबॉडी प्रोटेक्शन दिया गया है। साथ ही साइड में मेटल रॉक स्लाइडर्स लगाए गए हैं, जो बड़े पत्थरों और उबड़-खाबड़ रास्तों से वाहन को सुरक्षा देते हैं। पीछे दिया गया MOLLE स्टोरेज सिस्टम सैनिकों को अपने जरूरी उपकरण सुरक्षित रखने की सुविधा देता है। इसके अलावा मजबूत होइस्ट ब्रैकेट्स इसे एयरड्रॉप ऑपरेशन के लिए भी सक्षम बनाते हैं।

# नई कार की डिलीवरी लेने से पहले जरूर करें ये जांच



नई कार खरीदना हर व्यक्ति के लिए बेहद खास और यादगार पल होता है। लंबे इंतजार और उत्साह के बाद जब कार की डिलीवरी का दिन आता है, तो अधिकतर लोग खुशी में कई जरूरी बातों को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन केवल पेमेंट और कागजी प्रक्रिया पूरी कर लेना ही काफी नहीं होता। डिलीवरी से पहले Pre-Delivery Inspection (PDI) करना बेहद जरूरी है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि गाड़ी पूरी तरह नई, सुरक्षित और बिना किसी खराबी के है। साथ ही, इससे भविष्य में होने वाली परेशानियों और अतिरिक्त खर्चों से भी बचा जा सकता है। आइए जानते हैं कि नई कार लेते समय किन जरूरी बातों की जांच अवश्य करनी चाहिए।

### एक्सटीरियर की अच्छी तरह जांच करें

नई कार की डिलीवरी लेते समय सबसे पहले उसके एक्सटीरियर को ध्यान से देखें। कोशिश करें कि कार को नेचुरल लाइट में जांचें, ताकि पेंट पर मौजूद किसी भी तरह के स्क्रैच, डेंट या रीपेंटिंग के निशान आसानी से दिखाई दे सकें। इसके अलावा, बोनट, दरवाजों और बूट के पैनल गैप्स को भी गौर से देखें। कहीं गैप ज्यादा या कम दिखाई दे, तो यह किसी पुराने नुकसान या असेंबली में गड़बड़ी का संकेत हो सकता है। साथ ही हेडलाइट्स, टेल लैंप, ORVMs और अलॉय व्हील्स की स्थिति भी जरूर जांच लें।

### इंटीरियर फीचर्स का करें टेस्ट

कार का इंटीरियर भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। केबिन के अंदर जाकर सीटों की अपहोल्स्ट्री, डैशबोर्ड और डोर ट्रिम्स को ध्यान से देखें कि कहीं कोई कट, दाग या टूट-फूट तो नहीं है। इसके बाद सभी इलेक्ट्रॉनिक फीचर्स को एक-एक करके टेस्ट करें। इंफोटेनमेंट सिस्टम, टचस्क्रीन, पावर विंडो, सेंट्रल लॉकिंग और एयर कंडीशनिंग सही तरीके से काम कर रहे हैं या नहीं, यह जरूर जांच लें। इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर में कोई वार्निंग लाइट दिखाई दे, तो उसे नजरअंदाज बिल्कुल न करें।



### VIN और इंजन नंबर जरूर मिलाएं

कार के VIN (Vehicle Identification Number) और इंजन नंबर को दस्तावेजों से मिलाना बेहद जरूरी होता है। डीलर द्वारा दिए गए पेपर्स में दर्ज नंबर और गाड़ी पर मौजूद नंबर पूरी तरह समान होने चाहिए। इसके साथ ही, कार की मैन्युफैक्चरिंग डेट भी चेक करें, ताकि आपको पुराना स्टॉक न दिया जाए।

### टायर और स्पेयर व्हील की जांच करें

अक्सर लोग नई कार लेते समय टायरों की जांच करना भूल जाते हैं, जबकि सुरक्षा के लिहाज से यह बेहद जरूरी है। टायर की साइडवॉल पर दी गई मैन्युफैक्चरिंग डेट जरूर देखें। सभी टायर नए होने चाहिए और उन पर किसी तरह का कट, क्रैक या घिसाव नहीं होना चाहिए। साथ ही, स्पेयर टायर भी अपनी जगह पर मौजूद और इस्तेमाल के लिए पूरी तरह तैयार होना चाहिए।

### डॉक्यूमेंट्स और एक्सेसरीज चेक करें

फाइनल डिलीवरी लेते समय सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स और एक्सेसरीज को अच्छी तरह जांच लें। फ्लोर मैट्स, टूल किट, स्पेयर की और यूजर मैनुअल मौजूद हैं या नहीं, यह जरूर देखें। इसके अलावा, इनवॉइस, इंश्योरेंस पेपर्स, वारंटी बुकलेट और रजिस्ट्रेशन से जुड़े सभी दस्तावेज भी ध्यानपूर्वक जांच लेना बेहद जरूरी है।

# गर्मियों में बाइक का ऐसे रखें ख्याल सफर रहेगा सुरक्षित और आरामदेह



गर्मियों का मौसम सिर्फ इंसानों के लिए ही नहीं, बल्कि मोटरसाइकिल के लिए भी चुनौतीभरा होता है। तेज धूप, गर्म हवाएं और लगातार बढ़ता तापमान बाइक की परफॉर्मेंस पर सीधा असर डालते हैं। कई बार लापरवाही के कारण इंजन गर्म हो जाता है, टायर जल्दी घिसने लगते हैं और बैटरी भी कमजोर पड़ सकती है। ऐसे में अगर समय रहते बाइक की सही देखभाल की जाए, तो न सिर्फ उसकी लाइफ बढ़ाई जा सकती है, बल्कि सफर को भी सुरक्षित और आरामदायक बनाया जा सकता है। कुछ आसान और जरूरी बातों का ध्यान रखकर आप गर्मियों में भी अपनी बाइक को बेहतर स्थिति में बनाए रख सकते हैं।

### समय पर सर्विस कराना जरूरी

गर्मी के मौसम में बाइक की नियमित सर्विस बेहद जरूरी हो जाती है। यदि बाइक में कोई छोटी तकनीकी खराबी हो, तो तेज तापमान में वह बड़ी समस्या का रूप ले सकती है। समय पर सर्विस कराने से इंजन, ब्रेक और अन्य जरूरी पार्ट्स सही तरीके से काम करते रहते हैं। इससे बाइक की परफॉर्मेंस बनी रहती है और रास्ते में अचानक खराब होने का खतरा कम हो जाता है।




### इंजन ऑयल की स्थिति जांचें

गर्मियों में इंजन ज्यादा गर्म होता है, जिसका असर इंजन ऑयल पर भी पड़ता है। अधिक तापमान के कारण ऑयल जल्दी खराब हो सकता है, जिससे इंजन को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ जाता है। लंबी दूरी तय करने से पहले इंजन ऑयल की जांच जरूर करें। जरूरत पड़ने पर ऑयल बदलवा लें और हमेशा मौसम के अनुसार सही ग्रेड का इंजन ऑयल इस्तेमाल करें।

### सही टायर प्रेशर बनाए रखें

टायर बाइक का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं, क्योंकि सड़क से सीधा संपर्क इन्हीं का होता है। गर्मियों में टायर का प्रेशर सही रखना बेहद जरूरी है। सही एयर प्रेशर से बाइक की ग्रिप मजबूत रहती है और माइलेज भी बेहतर मिलता है। इसके अलावा, अधिक गर्मी में नाइट्रोजन गैस वाले टायर सामान्य हवा की तुलना में ज्यादा सुरक्षित और टिकाऊ माने जाते हैं।

### बैटरी की नियमित जांच करें

तेज गर्मी का असर बाइक की बैटरी पर भी पड़ता है। अधिक तापमान के कारण बैटरी जल्दी डिस्चार्ज या कमजोर हो सकती है। इसलिए समय-समय पर बैटरी की जांच करते रहें। जरूरत पड़ने पर उसमें डिस्टिल्ड वॉटर डालें और टर्मिनल्स की सफाई भी करें। सही देखभाल से बैटरी लंबे समय तक बेहतर काम करती है और बाइक स्टार्ट होने में परेशानी नहीं आती।



## भारत के पहले पीएम मित्रा पार्क का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना के वारंगल में 1,695 .54 करोड़ रुपये की लागत से विकसित भारत के पहले पीएम मित्रा पार्क का उद्घाटन किया। कपड़ा मंत्रालय के अनुसार इसमें 6,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की उम्मीद है और इसकी 62 प्रतिशत भूमि पहले ही आवंटित की जा चुका है।

अमृत विचार
लखनऊ, सोमवार, 11 मई 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

## एलटीटीएस के सीईओ का वेतन घटकर 15 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली।** एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज (एलटीटीएस) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक अमित चड्ढा को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल 14.96 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक या वेतन और भत्ते मिले हैं। यह राशि इससे पिछले साल की तुलना में 17.4 प्रतिशत कम है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए चड्ढा के पारिश्रमिक में 5.77 करोड़ रुपये का मूल वेतन, 2.62 करोड़ रुपये का कमीशन और 1.68 करोड़ रुपये का परिवर्तनशील वेतन शामिल था।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज का 39,000 करोड़ की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अपनी बिक्री बुकिंग 14 प्रतिशत बढ़ाकर 39,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य तय किया है। कंपनी का कहना है कि आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के चलते उसकी वृद्धि की रफ्तार जारी रहेगी। कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने एजेंसी से बातचीत में कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनी को अपने लक्ष्य को हासिल करने में किसी बड़ी बाधा की आशंका नहीं है। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की स्थिति पर कंपनी सतर्क नजर बनाए हुए है।

## एचडीएफसी बैंक ने दिया 6,000 एटीएम के प्रबंधन का ठेका

**मुंबई।** सीएमएस इन्फो सिस्टम्स को एचडीएफसी बैंक से करीब 400 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। इसके तहत कंपनी अगले पांच साल तक बैंक के 6,000 एटीएम का प्रबंधन करेगी। कंपनी की ओर से रविवार को जारी बयान के अनुसार, यह एकीकृत एटीएम प्रबंधित सेवा आउटसोर्सिंग अनुबंध है, जिसके अंतर्गत सीएमएस करेंसी फोरकास्टिंग, नकदी लॉजिस्टिक और कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित समाधान भी उपलब्ध कराएगी।

## महंगा हो जाएगा फिक्सिट, फेविकोल और फेवीक्विक

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे माल की कीमतों में आई तेजी के बीच एडहेसिव (चिपकाने वाले उत्पाद) और निर्माण रसायन बनाने वाली कंपनी पिडिलाइट इंडस्ट्रीज कीमतों में एक और दौर की वृद्धि पर विचार कर रही है। कंपनी के एमडी सुधांशु वत्स ने यह जानकारी दी। फेविकोल, डॉ. फिक्सिट, फेवीक्विक और एम-सील जैसे ब्रांड की मालिक कंपनी अप्रैल और मई में पहले ही दो बार कीमतें बढ़ा चुकी है। वत्स ने कंपनी के तिमाही नतीजों की घोषणा के बाद संवाददाताओं से कहा कि कंपनी के कच्चे माल की लागत, कच्चे तेल से जुड़े उत्पादों पर आधारित होने से बढ़ गई है।

# ऊंचे बने रहेंगे कच्चे तेल के दाम, भारत की वृद्धि दर घटेगी : एडीबी

### 2026 में औसतन 96 डॉलर और 2027 में यह 80 डॉलर प्रति बैरल रहेगी तेल की कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- जीडीपी की वृद्धि दर में आएगी 0.6% की कमी और यह 6.3 प्रतिशत रह जाएगी

पश्चिम एशिया संकट के लंबा खिंचने की आशंका के चलते कच्चे तेल के दाम अभी ऊंचे स्तर पर बने रहेंगे। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने यह बात कही है।

पार्क ने एक साक्षात्कार में कहा कि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची रहने की आशंका के बीच हमारा अनुमान है कि नए परिदृश्य में यह 2026 में औसतन 96 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। 2027 में यह 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। इसलिए हमारा मानना है कि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि वायदा कीमतें भी ऊंची बनी हुई हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि हमने हमेशा हाजिर बाजार की कीमतों और निकट के वायदा बाजार में एक तरह का प्रीमियम भी देखा है क्योंकि अभी कच्चे तेल की बहुत कमी है।

पश्चिम एशिया संकट का भारत पर क्या असर होगा, इस बारे में पार्क ने कहा कि इससे देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में 0.6 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे यह 6.3 प्रतिशत रह जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा इससे मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई भी काफी बढ़ जाएगी।

एडीबी ने अप्रैल में अनुमान लगाया था कि मजबूत घरेलू मांग की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत के स्तर पर मजबूत बनी रहेगी। अगले वित्त वर्ष में यह बढ़कर 7.3 प्रतिशत हो जाएगी।

महंगाई के मामले में, एडीबी ने मौजूदा वित्त वर्ष में इसके 4.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया था। भारत के लिए, पार्क ने कहा कि हमें लगता है कि 2026-27 में वृद्धि दर में 0.6 प्रतिशत की कमी आएगी। यह हमारे आदर्श परिदृश्य पर आधारित हे। लेकिन इससे अगले साल वृद्धि पर कोई बुरा असर नहीं पड़ेगा। भारत अगले साल वापसी करेगा। उन्होंने कहा कि इस साल महंगाई 2.4 प्रतिशत बढ़कर 6.9 प्रतिशत हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि तो यह इस क्षेत्र (एशिया-प्रशांत) पर पड़ने वाले महंगाई के असर से थोड़ा ज्यादा है, क्योंकि भारत आयातित तेल और गैस पर अधिक निर्भर है। अगर आप चीन को हटा दें, तो इस साल वृद्धि पर यह नकारात्मक 0.6 प्रतिशत का असर पूरे क्षेत्र के लिए भी काफी हद तक एक जैसा है। एडीबी ने 29 अप्रैल को अपनी विशेष अद्यतन रिपोर्ट में 2026 के लिए एशिया प्रशांत के लिए वृद्धि दर के अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.7 प्रतिशत कर दिया है।

### खाद्य उत्पादन पर भी होगा असर

खाद्य उत्पादन पर एल नीनो के असर पर कहा कि बेशक, यह बहुत अनिश्चित है। जब भी भारत में फसल खराब होती है, तो हमें एक समस्या होती है, ज्यादा कीमतों के साथ। चावल के वैश्विक व्यापार में भारत का एक बड़ा हिस्सा है। इसलिए भारत में जो कुछ भी होता है, उसका अक्सर दूसरे देशों पर भी बड़ा असर पड़ता है। बढ़ती उर्वरक कीमतों के अलावा यह भी चिंता का एक कारण है। उन्होंने कहा कि उर्वरक की कीमत बढ़ने से किसान कम खाद का इस्तेमाल करेंगे, जिससे पैदावार भी कम होगी और साल के आखिर में इसकी उपलब्धता भी कम होगी।

## सोने की आपूर्ति के लिए चिंतित नहीं है टाइटन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद प्रमुख आभूषण कंपनी टाइटन कंपनी ने कहा है कि उसे अल्पकालिक अवधि में सोने की आपूर्ति को लेकर कोई चिंता नहीं है, क्योंकि उसका 'गोल्ड एक्सचेंज कार्यक्रम' और वैकल्पिक आपूर्ति योजनाएं जोखिम को कम करने में मदद कर रही हैं। कंपनी का वित्त वर्ष 2025-26 में कुल कारोबार 75,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। कंपनी ने कहा कि उसका गोल्ड एक्सचेंज कार्यक्रम तीसरी तिमाही से सफलतापूर्वक चल रहा है और इससे आभूषण कारोबार के लिए सोने की उपलब्धता में लचीलापन बढ़ा है।

# एयर इंडिया ने 1,000 से ज्यादा कर्मियों को नौकरी से निकाला

### तीन साल में नैतिकता का उल्लंघन करने पर गई नौकरी

**मुंबई, एजेंसी**

टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने पिछले तीन साल में नैतिकता संबंधी मुद्दों के उल्लंघन के मामलों में 1,000 से अधिक कर्मियों की सेवाएं समाप्त की हैं।

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को कर्मचारियों के साथ आयोजित टाउनहॉल बैठक में कहा कि हर वर्ष सैकड़ों कर्मचारियों को नियमों के उल्लंघन के कारण हटाया जाता है। उन्होंने कर्मचारियों से सही आचरण बनाए रखने की अपील भी की।

सूत्रों के अनुसार, विल्सन ने कहा कि हटाए गए कर्मचारियों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने विमान से सामान की तस्करी की या अतिरिक्त सामान को बिना शुल्क विमान में ले जाने की अनुमति दी। उन्होंने कर्मचारी अवकाश यात्रा प्रणाली (ईएलटी) के दुरुपयोग का भी उल्लेख किया।

सूत्रों ने मार्च में बताया था कि एयर इंडिया ने अपनी अवकाश यात्रा नीति के उपयोग में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पकड़ी थीं, जिनमें 4,000 से अधिक कर्मचारी शामिल पाए गए। कंपनी ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने समेत सुधारात्मक कदम उठाए हैं। वर्तमान में एयर इंडिया के पास लगभग 24,000 कर्मचारी हैं। कंपनी वित्तीय दबावों के बीच लागत में कटौती के उपाय भी कर रही है। इसके तहत वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी गई है तथा कर्मचारियों को गैर-जरूरी खर्चों में कटौती करने को कहा गया है।




विमान से सामान की तस्करी, अतिरिक्त सामान को बिना शुल्क विमान में ले जाने की अनुमति देने और अवकाश यात्रा प्रणाली (ईएलटी) के दुरुपयोग पर हुई कार्रवाई

विल्सन ने कर्मचारियों से कहा कि यदि पश्चिम एशिया की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो चालू वर्ष कंपनी के लिए ''बहुत कठिन'' हो सकता है। एयर इंडिया समूह (जिसमें एयर इंडिया एक्सप्रेस भी शामिल है) को मार्च, 2026 में समाप्त वित्त वर्ष में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक का घाटा होने का अनुमान है।

## एफटीए का अधिकतम लाभ लेने को 'बेहतर योजना' पर काम कर रही है सरकार

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** विकसित देशों के साथ कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर के बाद सरकार इनका अधिकतम लाभ उठाने के लिए 'एफटीए इस्तेमाल योजना' पर काम कर रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, 2021 से अबतक भारत ने मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान, न्यूजीलैंड, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), यूरोपीय संघ (ईयू), ब्रिटेन और अमेरिका के साथ एफटीए को अंतिम रूप दिया है।

ये मुक्त व्यापार समझौते 38 देशों के साथ किए गए हैं, जिनका वैश्विक आयात मूल्य 12,000 अरब डॉलर बैठता है। इन समझौतों के तहत भारतीय कृषि, वस्त्र एवं परिधान, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन और दवा क्षेत्रों को शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिली है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग संगठनों, कारोबारियों और निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) के साथ कई बैठकें कर एफटीए के बेहतर के उपायों पर चर्चा की है।

उन्होंने उद्योग जगत से इन समझौतों का लाभ उठाकर निर्यात और घरेलू विनिर्माण को बढ़ाने का आह्वान किया है। अधिकारी ने बताया कि मंत्री ने चार मई को प्रमुख अधिकारियों और मुख्य वार्ताकारों के साथ बैठक कर मुक्त व्यापार समझौतों की प्रगति की समीक्षा की।

इसके बाद सात मई को भारतीय कृषि और मत्स्य उत्पादों के लिए वैश्विक बाजारों में स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता (एसपीएस) संबंधी मंजूरियां हासिल करने के लिए रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की गई।

# भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि रुपये-डॉलर की चाल और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार को प्रभावित करेंगी।

ऑनलाइन ट्रेडिंग एवं संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि बाजार इस सप्ताह भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील रहेगा और निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान से संबंधित घटनाक्रमों पर रहेगा।

उन्होंने कहा कि ब्रेंट कच्चे तेल के दाम बाजार की दिशा तय करने वाला एक अहम कारक रहेगा। यदि कच्चे तेल की कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी रहती हैं या तनाव कम करने की दिशा में प्रगति होती है तो जोखिम वाले निवेश माध्यमों में राहत भरी तेजी देखी जा सकती है। वहीं तनाव बढ़ने की स्थिति में बाजार पर दबाव बना रह सकता है।

इस बीच, केनरा बैंक, टाटा पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी कंपनियां सप्ताह के दौरान अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार निकट भविष्य में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील बने रहेंगे और बाजार व्यापक दायरे में कारोबार कर सकता है। भारत के अप्रैल महीने के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (सीपीआई) के आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ब्याज दर नीति का संकेत देंगे।

### शीर्ष चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपये घटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में सीमित दायरे में कारोबार के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई है। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा। सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल, एसबीआई, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में कुल 46,685 .21 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

### विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मई में अब तक निकाले 14,231 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार से निकासी का सिलसिला मई में भी जारी है। वैश्विक वृहद आर्थिक अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजार से शुद्ध रूप से 14,231 करोड़ रुपये निकाले हैं। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही 2026 में एफपीआई की भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का आंकड़ा बढ़कर दो लाख करोड़ रुपये के पार निकल गया है। पूरे 2025 के दौरान एफपीआई ने शेयर बाजार से 1.66 लाख करोड़ रुपये निकाले थे।

# पेट्रोलियम कंपनियों को रोजाना 1,700 करोड़ रुपये का नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दस सप्ताह में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है अंडर रिकवरी
- पेट्रोल-डीजल कीमतों में बढ़ोतरी का निर्णय सरकार को लेना है : सूत्र

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेजी का असर भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों पर भारी पड़ रहा है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां पिछले 10 सप्ताह से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पुराने दामों पर कर रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिदिन 1,600-1,700 करोड़ रुपये का नुकसान (अंडर-रिकवरी) हो रहा है।

सूत्रों ने बताया कि 10 सप्ताह में इन कंपनियों की कुल 'अंडर-रिकवरी' एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। अंडर-रिकवरी का अर्थ लागत से कम मूल्य पर बिक्री से है। कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम दो साल पुराने स्तर पर बने हुए हैं।

दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है। वहीं, मार्च में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़ाए थे, इसके बावजूद कीमत वास्तविक लागत से कम बनी हुई है।

सूत्रों के अनुसार, पेट्रोलियम कंपनियों को अब कच्चे तेल की खरीद और परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक कार्यशील पूंजी जुटानी पड़ सकती है। यदि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें लंबे समय तक बनी रहती हैं, तो कंपनियों को कुछ पूंजीगत व्यय योजनाओं की प्राथमिकताओं में बदलाव करना पड़ सकता है।

हालांकि, रिफाइनरी विस्तार, ऊर्जा सुरक्षा ढांचे, एथनॉल मिश्रण, जैव ईंधन और ऊर्जा बदलाव से जुड़ी रणनीतिक परियोजनाओं को सरकार की ओर से समर्थन से जारी रखा जाएगा।

सूत्रों का कहना है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का निर्णय अब सरकार के स्तर पर लिया जाना है।



# कर्नाटक में दस लाख बांग्लादेशी कांग्रेस दे रही संरक्षण : नेता प्रतिपक्ष

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष आर अशोक ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य में 10 लाख से अधिक बंगलादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं और सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार 'वोट बैंक की राजनीति' के लिए उन्हें संरक्षण दे रही है।

श्री अशोक ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार ने चुनावी लाभ के लिए जानबूझकर अवैध घुसपैठ गतिविधियों की अनदेखी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता वोटों के लिए बंगलादेशी घुसपैठियों को चाहते हैं। सरकार ने कर्नाटक में अवैध बस्ती गतिविधियों की ओर से अपनी आंखें मूंद ली हैं। दावा किया कि अकेले बेंगलुरु में कई 'बांग्ला कैंप' हैं और आरोप लगाया कि अवैध प्रवासी महादेवपुरा और कोडागु सहित कई जिलों में फैल गये हैं, जहां नियोक्ता उन्हें सस्ते मजदूरों के रूप में काम पर रख रहे हैं। बंगलादेश वालों ने बेंगलुरु के कोगिलु क्षेत्र में झुग्गियां बनाकर लगभग 10 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया है।

उनके अनुसार, भाजपा विरोध से पहले श्री सिद्धारमैया सरकार ने उन्हें आवास सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया था। आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल भारत में अवैध बंगलादेशी घुसपैठ के लिए 'प्रवेश द्वार' बन गया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर घुसपैठियों को दस्तावेज और राशन कार्ड प्रदान कर उन्हें सुविधा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि देश भर में फैलने से पहले बंगलादेशी बंगाल को ''गेटवे ऑफ इंडिया'' के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे। सुश्री बनर्जी ने उन्हें आधिकारिक दस्तावेज देकर सशक्त बनाया।

### सेल्फी विद पब्लिक



**चेन्नई :** तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री और तमिलगा वेट्री कज़गम (टीवीके) के प्रमुख सी. जोसेफ विजय रविवार को चेन्नई के नेहरू स्टेडियम में अपने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान वहां मौजूद लोगों के साथ सेल्फ़ी लेते हुए। **फोटो :** एजेंसी

## तमिलनाडु सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों को मुख्यमंत्री विजय का सचिव नियुक्त किया

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के दो अधिकारियों को आधिकारिक रूप से मुख्यमंत्री चंद्रशेखर जोसेफ विजय का सचिव नियुक्त किया। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) अध्यक्ष विजय ने रविवार को ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। राज्य सरकार के एक आदेश में कहा गया है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. पी. सेंथिल कुमार का तबादला कर उन्हें मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव-प्रथम के पद पर तैनात किया गया है। आदेश के मुताबिक आदि द्रविड़ और जनजातीय कल्याण विभाग की सचिव जी लक्ष्मी प्रिया का तबादला कर उन्हें मुख्यमंत्री के सचिव-द्वितीय के पद पर तैनात किया गया है।

## बेंगलुरु में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम स्थल के पास से जिलेटिन की दो छड़ मिलीं, जांच शुरू

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के बाहरी इलाके में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम स्थल के पास सड़क किनारे से जिलेटिन की दो छड़ बरामद की गईं, जिसके बाद सुरक्षा उपायों को बढ़ा दिया गया और विस्फोटकों के स्रोत की पुलिस जांच शुरू की गई। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या जिलेटिन छड़ें मिलने के पीछे कोई बड़ी साजिश थी? पुलिस ने बताया कि कग्गलीपुरा थाना क्षेत्र के तातागुनी के पास नियमित सुरक्षा जांच के दौरान जिलेटिन की छड़ें मिलीं, जो प्रधानमंत्री के यात्रा कार्यक्रम से जुड़े मार्ग से ज्यादा दूर नहीं है। यह जिलेटिन छड़ें क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान में बरामद हुईं, जिसे प्रधानमंत्री के पहुंचने से कुछ ही समय पहले चलाया गया था। मोदी बेंगलुरु में कनकपुरा रोड पर स्थित 'आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर' के 45वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भाग लेने पहुंचे थे। पुलिस ने एक बयान में कहा कि जांच के दौरान, मुख्य कार्यक्रम स्थल से लगभग तीन किलोमीटर दूर एक फुटपाथ के किनारे दो जिलेटिन छड़ मिलीं। विस्तृत जांच जारी है।

# अगले 5 दिन उत्तर में तेज हवाएं और दक्षिण में भारी बारिश के आसार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मौसम विभाग ने जारी की उत्तर-पश्चिमी भारत के कई राज्यों में मौसम में बड़े बदलाव की चेतावनी

मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत के कई राज्यों में अगले पांच दिनों के दौरान मौसम में बड़े बदलाव की चेतावनी जारी की है।

इस दौरान गरज-चमक के साथ 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के चलने के आसार हैं। जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख में 11 और 12 मई को मौसम अधिक खराब रह सकता है, जबकि हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड में 12 और 13 मई को छिटपुट ओलावृष्टि होने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने इन पहाड़ी राज्यों में रहने वाले लोगों और पर्यटकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, दक्षिण-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में अगले 48 घंटों के भीतर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के आसार हैं। इसके प्रभाव से दक्षिण भारत के राज्यों, विशेषकर केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अगले सात दिनों तक भारी वर्षा होने की संभावना है। लक्षद्वीप में भी रविवार को भारी बारिश का अनुमान है। एक तरफ जहां बारिश का अलर्ट है, वहीं दूसरी ओर उत्तर और मध्य भारत के कई हिस्सों में भीषण गर्म हवाओं का प्रकोप जारी है। राजस्थान और गुजरात में 10 से 14 मई के दौरान, जबकि पूर्वी राजस्थान में 13 मई तक गर्म हवा के चलने की संभावना है। पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी 12 से 14 मई के बीच गर्मी का तीखा असर देखने को मिलेगा। शनिवार को राजस्थान के बाड़मेर में अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो देश में सबसे अधिक था। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में 11 से 13 मई के बीच शाम या रात के समय हल्की बारिश और धूल भरी आंधी चलने से तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है।

# सीएम शुभेंदु का 'घर' में स्वागत कहा- भरोसा कायम हुआ

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि राज्य में व्याप्त भय का माहौल समाप्त हो गया और लोगों में भरोसा कायम हुआ।

मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के एक दिन बाद शुभेंदु अपने गृह नगर पूर्वी मेदिनीपुर जिले के कांथी पहुंचे थे, जहां समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया था। शुभेंदु ने कोलकाता के लिए रवाना होते समय ये बातें कहीं। उन्होंने कोलकाता रवाना होने से पहले पत्रकारों से कहा कि भय का माहौल समाप्त हुआ, भरोसा कायम हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आश्वासन दिया है। पश्चिम बंगाल आशा और विश्वास के माहौल में सभी की भागीदारी से प्रगति करेगा। शनिवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शपथ लेने और पूरे दिन सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद अधिकारी देर रात कालीघाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर कांथी के लिए रवाना हुए। उनका काफिला देर रात करीब दो बजे कांथी स्थित उनके आवास ''शांतिकुंज'' पहुंचा लेकिन देर रात होने के बावजूद शाम से ही इलाके में समर्थकों का जनसैलाब उमड़ा हुआ था। जैसे ही वाहन इलाके में पहुंचा समर्थकों ने उनके स्वागत में नारे बुलंद किए और उन पर फूलों की बारिश की। भीड़ के कारण काफिले की रफ्तार धीमी हो गई, जिसके बाद अधिकारी वाहन से बाहर आए और समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पाकिस्तान में पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमला, 15 मरे

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमले में कम से कम 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार को बन्नू जिले के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में हुई, जहां विस्फोटकों से भरे एक वाहन को पुलिस चौकी की ओर बढ़ते देख सुरक्षाकर्मियों ने उस पर गोलीबारी की। इसके बाद जोरदार विस्फोट हो गया। धमाके की चपेट में आकर आसपास के कई घरों की छत ढह गईं, पुलिस चौकी की इमारत पूरी तरह जमींदोज हो गई जिससे कई सुरक्षाकर्मी मलबे में दब गए।

### स्कॉटलैंड की संसद में जीते भारतीय मूल के मणिवन्नन

**लंदन।** भारत में जन्मे मानवशास्त्री क्यू मणिवन्नन स्कॉटलैंड की संसद के लिए निर्वाचित हुए हैं। 'स्कॉटिश ग्रीन्स' पार्टी की ओर से एडिनबर्ग और लोथियंस ईस्ट सीट से जीतने वाले मणिवन्नन खुद को 'गैर-द्विआधारी' (पुरुष-महिला श्रेणी से अलग) पहचान का बताते हैं। तमिलनाडु के रहने वाले मणिवन्नन को स्कॉटलैंड के नए नियमों के तहत चुनाव लड़ने का मौका मिला, जिसमें विदेशी नागरिकों को भी पात्रता दी गई है। उन्होंने अपनी राजनीति का लक्ष्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों की सेवा करना बताया है।

### सिंगापुर के सांस्कृतिक उत्सव में छाया भारतीय आमों का जादू

**सिंगापुर।** सिंगापुर में आयोजित 'थ्रेड्स ऑफ इंडियन ट्रेडिशन' उत्सव में इस सप्ताहांत कलाकारों को एक अनोखा सम्मान दिया गया। भारतीय आम के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को पुरस्कार के रूप में विभिन्न राज्यों के आमों के डिब्बे भेंट किए गए ।उत्तर-पूर्वी सिंगापुर के 'नी सून' क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 60 कलाकारों ने गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियाँ दीं। भारतीय उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने बताया कि इस पहल का लक्ष्य सिंगापुर के नागरिकों को भारतीय आमों की विश्व प्रसिद्ध किस्मों से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है और आने वाले दिनों में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उत्सव में स्थानीय सांसद ली हुई यिंग सहित 650 से अधिक निवासी शामिल हुए। भारतीय उच्चायोग द्वारा इस महीने आयोजित यह दूसरा आम प्रचार उत्सव था। इससे पहले एक से तीन मई के बीच 6,000 से अधिक लोगों ने भारतीय आम का आनंद लिया था।

# दोस्ती के लिए नए आयाम: भारत और त्रिनिदाद-टोबैगो के बीच 8 बड़े समझौते

## जयशंकर की यात्रा से मजबूत हुए संबंध, वेस्ट इंडीज यूनिवर्सिटी में स्थापित होगी आयुर्वेद पीठ

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी**

भारत और त्रिनिदाद-टोबैगो ने द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊँचाई देते हुए स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, बुनियादी ढांचा और आयुर्वेद सहित विभिन्न क्षेत्रों में आठ महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

ये समझौते विदेश मंत्री एस जयशंकर की कैरेबियाई देश की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान संपन्न हुए। विदेश मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी वक्तव्य के अनुसार, 8 और 9 मई को हुई इस यात्रा के दौरान जयशंकर ने त्रिनिदाद-टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर और अन्य वरिष्ठ नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चा की।

इस दौरान पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के समय की गई घोषणाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई ।दोनों देशों के बीच हुए समझौतों में ऐतिहासिक नेल्सन द्वीप के बुनियादी ढांचे का उन्नयन विशेष रूप से शामिल है। ज्ञात हो कि भारत से पहुंचे प्रवासी इसी द्वीप पर प्रारंभिक रूप से ठहरे थे। इसके अतिरिक्त, वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय में आयुर्वेद पर एक भारतीय पीठ (चेयर) स्थापित करने पर भी सहमति बनी है। विकास सहायता के अंतर्गत, जयशंकर ने प्रधानमंत्री बिसेसर की उपस्थिति में स्कूली बच्चों को 2,000 लैपटॉप की पहली खेप सौंपी। साथ ही, उन्होंने एक कृषि-प्रसंस्करण केंद्र का भी उद्घाटन किया, जिसके लिए भारत ने पिछले वर्ष 10 लाख अमेरिकी डॉलर की मशीनरी प्रदान की थी। साझेदारी को और विस्तार देते हुए दोनों नेताओं ने पेनाल में त्रिनिदाद और टोबैगो के 'राष्ट्रीय कृत्रिम अंग केंद्र' का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। मंत्रालय के अनुसार, यह केंद्र स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जयशंकर की इस यात्रा का उद्देश्य कैरेबियाई क्षेत्र में भारत की उपस्थिति को सुदृढ़ करना और साझा सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ आर्थिक सहयोग को नई दिशा देना है। समझौतों की यह श्रृंखला पर्यटन और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में दोनों देशों के बीच भविष्य के सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगी।



### धरोहर और विकास का संगम

- **नेल्सन द्वीप का कायाकल्प :** जहां भारतीय पूर्वज पहली बार पहुंचे थे, उस ऐतिहासिक स्थल का भारत बुनियादी ढाँचा सुधारेगा।
- **स्कूली बच्चों को उपहार :** प्रधानमंत्री बिसेसर की मौजूदगी में एस. जयशंकर ने 2,000 लैपटॉप की पहली खेप सौंपी।
- **आयुर्वेद का डंका :** वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय में अब भारतीय आयुर्वेद की पढ़ाई होगी।

आधुनिक स्वास्थ्य सेवा : पेनाल में राष्ट्रीय कृत्रिम अंग केंद्र का उद्घाटन, दिव्यांगों को मिलेगी नई शक्ति।

- **कृषि क्रांति :** 10 लाख डॉलर की भारतीय मशीनरी से सजे कृषि-प्रसंस्करण केंद्र का शुभारंभ।

### पूर्वजों की जड़ों से जुड़ सकेंगे प्रवासी भारतीय

भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच हुआ 'अभिलेखीय सहयोग समझौता' भारतीय मूल के लोगों को उनके पैतृक इतिहास और परिवार से दोबारा जुड़ने में सेतु का कार्य करेगा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को ऐतिहासिक नेल्सन द्वीप पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह समझौता उन प्रवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो अपनी विरासत और जड़ों की तलाश में हैं। 'गिरमिटिया' समुदाय के लिए विशेष प्रयासजयशंकर ने 180 वर्ष पूर्व त्रिनिदाद पहुंचे पहले भारतीय बंधुआ मजदूरों के साहस और दृढ़ संकल्प को नमन किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'गिरमिटिया' समुदाय की विरासत को संरक्षित करने और उनका एक विस्तृत डाटाबेस तैयार करने को विशेष प्राथमिकता दे रहे हैं। भारत सरकार इस दिशा में एक समर्पित 'गिरमिटिया अध्ययन केंद्र' स्थापित करने पर भी कार्य कर रही है ।सांस्कृतिक विरासत का संरक्षणविदेश मंत्री ने कहा कि भारतीय प्रवासी अपने साथ केवल श्रम नहीं, बल्कि अपनी परंपराएं, आस्था और जीवन शैली भी लेकर आए थे। उन्होंने नेल्सन द्वीप को एक विरासत स्थल के रूप में संरक्षित करने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों को उनके पूर्वजों के संघर्ष और गौरवशाली इतिहास से परिचित कराता रहेगा।

- **विकास साझेदारी: त्रिनिदाद के बच्चों को मिले 2000 भारतीय लैपटॉप, स्वास्थ्य और कृषि में भी सहयोग**

## आईएनएस सागरध्वनि



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का महासागर अनुसंधान पोत 'आईएनएस सागरध्वनि' वियतनाम के कैम रान्ह की अपनी सफल यात्रा पूरी कर वापस लौट आया है। 10 मई, 2026 को जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस दौरे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना था। अपनी यात्रा के दौरान नौसेना के अधिकारियों ने वियतनामी समकक्षों के साथ पेशेवर बातचीत की और साझा समुद्री चुनौतियों पर चर्चा की। आईएनएस सागरध्वनि की यह यात्रा भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ मजबूत होते सैन्य संबंधों का हिस्सा है। ● एजेंसी

# बांग्लादेश में चिन्मय दास को नहीं मिली जमानत

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने रविवार को हिंदू आध्यात्मिक नेता ब्रह्मचारी चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका को अस्वीकार कर दिया। यह मामला वर्ष 2024 में चटगाँव शहर में एक सरकारी वकील, सैफुल इस्लाम अलीफ की हत्या से संबंधित है, जिसका मुकदमा वर्तमान में निचली अदालत में चल रहा है।

न्यायमूर्ति के.एम. जाहिद सरवर और न्यायमूर्ति शेख अबू ताहिर की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के बाद कहा कि चूंकि निचली अदालत में गवाहों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया अभी जारी है, इसलिए वर्तमान चरण में जमानत नहीं दी जा सकती। हालांकि, अदालत ने दास के विरुद्ध दर्ज अन्य चार अलग मामलों में जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सोमवार का दिन निश्चित किया है ।चिन्मय कृष्ण दास को पिछले वर्ष चटगाँव की एक अदालत द्वारा जमानत न दिए जाने के बाद कारागार भेज दिया गया था। उनकी गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों ने ढाका और चटगाँव सहित देश के विभिन्न हिस्सों में व्यापक प्रदर्शन किए थे। चटगाँव में हुए एक हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान ही कनिष्ठ सरकारी वकील सैफुल इस्लाम अलीफ की हत्या हुई थी। इस वर्ष 19 जनवरी को चटगाँव के त्वरित सुनवाई न्यायाधिकरण ने चिन्मय दास और 38 अन्य व्यक्तियों पर वकील की हत्या के संबंध में औपचारिक रूप से आरोप तय किए थे। चिन्मय दास पूर्व में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) से जुड़े रहे हैं और वर्तमान में उन पर राजद्रोह और हिंसा भड़काने जैसे गंभीर आरोपों में कानूनी कार्यवाही चल रही है।

# भारत - श्रीलंका में दित्वा राहत पैकेज को जल्द लागू करने पर सहमति

**कोलंबो, एजेंसी**

भारत और श्रीलंका ने पिछले वर्ष आए भीषण चक्रवात 'दित्वा' से हुई तबाही के बाद प्रस्तावित 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 3,750 करोड़ रुपये) के विशेष सहायता पैकेज को जल्द से जल्द लागू करने पर सहमति व्यक्त की है। रविवार को कोलंबो में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा और श्रीलंका के वित्त एवं योजना उपमंत्री अनिल जयंत फर्नांडो के बीच हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में इस वित्तीय पैकेज के क्रियान्वयन की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्णय लिया गया। यह सहायता राशि श्रीलंका के प्रभावित क्षेत्रों में दीर्घकालिक पुनर्निर्माण और बुनियादी ढांचे की बहाली के लिए नई दिल्ली द्वारा प्रस्तावित की गई थी।

27 नवंबर, 2024 को श्रीलंका के तट से टकराने वाले चक्रवात 'दित्वा' ने द्वीप राष्ट्र में भारी विनाश किया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस आपदा से 30 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए थे। चक्रवात के कारण आई भीषण बाढ़ और कई स्थानों पर हुए भूस्खलन की घटनाओं में 640 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

ऑपरेशन सागर बंधुसंकट की घड़ी में भारत ने 'पड़ोसी प्रथम' की नीति के तहत तत्काल सहायता भेजी थी। अगले ही दिन, 28 नवंबर को भारत ने 'ऑपरेशन सागर बंधु' का शुभारंभ किया। इस अभियान के माध्यम से भारतीय नौसेना और वायुसेना ने राहत सामग्री, पुनर्वास सहायता और प्रभावित क्षेत्रों में संपर्क बहाल करने के लिए आवश्यक उपकरण पहुंचाए थे।

# ईरान ने अमेरिका को सौंपा शांति प्रस्ताव का जवाब

**तेहरान, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच कूटनीति को उस समय नई गति मिली, जब ईरान ने अमेरिका द्वारा दिए गए युद्ध समाप्ति के प्रस्ताव पर अपना आधिकारिक जवाब सौंप दिया।

ईरान ने यह जवाब पाकिस्तानी मध्यस्थों के माध्यम से साझा किया है। ईरानी सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' के अनुसार, तेहरान ने अमेरिकी प्रस्ताव की गहन समीक्षा के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी है। अब यह पाकिस्तान पर निर्भर है कि वह इस संदेश को अमेरिकी प्रशासन तक कितनी शीघ्रता से पहुंचाता है। प्रस्तावित योजना के प्रारंभिक चरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सैन्य शत्रुता को तत्काल समाप्त करना है। इस कूटनीतिक पहल का मकसद न केवल युद्ध विराम करना है, बल्कि सामरिक रूप से महत्वपूर्ण 'होर्मुज जलडमरूमध्य' को व्यापार के लिए फिर से खोलना भी है। इसके अतिरिक्त, इस ढांचे के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं पर व्यापक बातचीत का मार्ग प्रशस्त करने की योजना है।

### चेतावनी : हमला किया तो खुलेंगे नए युद्ध के मैदान

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका और इजरायल को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उसके विरुद्ध फिर से सैन्य आक्रामकता दिखाई गई, तो वह अपनी सीमाओं के बाहर 'नए और अप्रत्याशित युद्ध के मैदान' खोल देगा। ईरान की सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरमिनिया ने तस्नीम समाचार एजेंसी के माध्यम से स्पष्ट किया कि किसी भी गलत अनुमान की स्थिति में दुश्मन को ऐसी रणनीतियों और उन्नत हथियारों का सामना करना पड़ेगा, जिसकी उसने कल्पना भी नहीं की होगी। सैन्य प्रवक्ता के अनुसार, अमेरिका के साथ हालिया संघर्ष विराम की अवधि का उपयोग ईरान ने अपनी सैन्य क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए किया है। इस दौरान लक्ष्यों की सूची को अपडेट करने, सैनिकों के प्रशिक्षण में सुधार, हथियार प्रणालियों की मरम्मत और सेना की नई तैनाती पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रवक्ता ने संकेत दिया कि आगामी संघर्ष केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन इलाकों तक फैलेगा जो वर्तमान में सुरक्षित माने जा रहे हैं। इस बीच, ईरान के 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) की नौसेना ने भी कड़ा रुख अपनाया है। नौसेना ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि यदि ईरानी तेल टैंकरों या व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया गया, तो क्षेत्र में स्थित अमेरिकी केंद्रों और दुश्मन के युद्धपोतों पर शक्तिशाली जवाबी हमला किया जाएगा। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब 7 अप्रैल को घोषित संघर्ष विराम के बावजूद क्षेत्र में तनाव चरम पर है। गौरतलब है कि ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच पिछले कुछ समय से हमलों का सिलसिला जारी है। हालांकि मध्यस्थता के जरिए बातचीत को आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन दोनों पक्ष लगातार एक-दूसरे को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दे रहे हैं। ताजा घटनाक्रम से मध्य-पूर्व (मिडल ईस्ट) में बड़े सैन्य टकराव की आशंका फिर से गहरा गई है।

### बातचीत का लक्ष्य राष्ट्रीय हितों की रक्षा : ईरानी राष्ट्रपति

**तेहरान।** ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने रविवार को स्पष्ट किया कि अमेरिका के साथ किसी भी कूटनीतिक वार्ता का उद्देश्य देश के अधिकारों को सुरक्षित करना और राष्ट्रीय हितों की मजबूती से रक्षा करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बातचीत का अर्थ आत्मसमर्पण करना या अपने रुख से पीछे हटना नहीं है। सरकारी मीडिया के अनुसार, एक कार्यबल की बैठक में राष्ट्रपति ने कहा कि ईरानी राष्ट्र किसी भी स्थिति में दुश्मन के सामने नहीं झुकेगा ।पेजेशकियन ने बताया कि वर्तमान में सरकार उस नुकसान की भरपाई और पुनर्निर्माण पर केंद्रित है, जिसे ईरान 'तीसरा थोपा गया युद्ध' मान रहा है।

## रथयात्रा की तैयारियां तेज



**ओडिशा।** ओडिशा के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में वार्षिक रथयात्रा के आयोजन की तैयारियाँ जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। परंपरा के अनुसार, भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के भव्य रथों के निर्माण के लिए पुश्तैनी बढ़ई, जिन्हें 'महाराणा सेवायत' कहा जाता है, ने लकड़ी के पहियों को बनाने का कार्य आरंभ कर दिया है। यह सदियों पुरानी परंपरा है जिसमें ये कुशल कारीगर बिना किसी आधुनिक तकनीक या नक्शे के, केवल पारंपरिक ज्ञान के आधार पर विशालकाय रथों का निर्माण करते हैं। रथयात्रा से पहले इन पहियों का निर्माण एक पवित्र अनुष्ठान की तरह किया जाता है, जिसे देखने के लिए पुरी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। ● एजेंसी

# हंटावायरस: एमवी होंडियस क्रूज से यात्रियों की निकासी शुरू, मैड्रिड भेजे गए स्पेनिश नागरिक

**टेनेरीफ (स्पेन), एजेंसी**

हंटावायरस नामक विषाणु के संक्रमण से प्रभावित पर्यटन पोत 'एमवी होंडियस' से यात्रियों को निकालने का जटिल अभियान रविवार को स्पेन के कैनरी द्वीपसमूह में आरंभ हो गया। सबसे पहले 14 स्पेनिश यात्रियों और चालक दल के एक सदस्य को विशेष विमान के माध्यम से मैड्रिड भेजा गया है, जहाँ उन्हें सैन्य चिकित्सालय में विशेष देखरेख और पृथकवास (क्वॉरंटीन) में रखा जाएगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में जलपोत पर सवार 140 से अधिक लोगों में से किसी में भी संक्रमण के प्रत्यक्ष लक्षण नहीं पाए गए हैं। हालांकि, इस यात्रा के दौरान अब तक संक्रमण के कारण तीन यात्रियों की मृत्यु हो चुकी है और पाँच अन्य लोग संक्रमित पाए गए हैं। विषाणु के प्रसार को रोकने के लिए यात्रियों को छोटी नौकाओं के माध्यम से तट तक लाया जा रहा है। चालक दल के कुछ सदस्य और एक मृतक का पार्थिव शरीर पोत पर ही रहेगा, जिसे बाद में शुद्धिकरण प्रक्रिया के लिए नीदरलैंड के रॉटरडैम भेजा जाएगा।

- **अब तक तीन की मृत्यु, 140 अन्य यात्री फिलहाल लक्षणमुक्त**

विशेषज्ञों के अनुसार, हंटावायरस आमतौर पर चूहों या गिलहरी जैसे जीवों के मल-मूत्र के संपर्क में आने वाली दूषित हवा में श्वास लेने से फैलता है। सामान्यतः यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं संचारित होता, लेकिन इस पोत पर 'एंडीज' नामक विषाणु का दुर्लभ रूप पाया गया है, जो बहुत करीबी संपर्क में रहने पर इंसानों के बीच भी फैल सकता है। इस रोग के लक्षण संपर्क में आने के एक से आठ सप्ताह के भीतर दिखाई देते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक इस पूरे बचाव अभियान की स्वयं निगरानी कर रहे हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन और नीदरलैंड जैसे देश भी अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए विशेष विमान भेज रहे हैं। अमेरिकी नागरिकों को वापस ले जाकर नेब्रास्का के एक चिकित्सा केंद्र में निगरानी में रखा जाएगा। फ्रांस के यात्रियों को स्वदेश पहुँचने पर तीन दिनों तक चिकित्सालय में और उसके पश्चात 45 दिनों तक घर पर ही पृथक रहने के निर्देश दिए गए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की निदेशक मारिया वान केरखोव ने स्पष्ट किया है कि यह स्थिति किसी वैश्विक महामारी का संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिकारी रविवार और सोमवार तक सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालने का लक्ष्य रख रहे हैं। यात्रियों को जलपोत से उतरते समय केवल अनिवार्य वस्तुएँ और दस्तावेज साथ ले जाने की अनुमति दी गई है, जबकि उनका शेष सामान सुरक्षा कारणों से पोत पर ही छोड़ दिया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। रुके काम पूरे होने के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**तुला** — आज भाग्य का साथ मिलने से कार्य आसान होंगे। नई शुरुआत के लिए समय अनुकूल दिखाई दे रहा है।

**वृष** — आज पुराने मित्र से मुलाकात मन को खुशी दे सकती है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आर्थिक मामलों में लाभ के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** — आज भावनाओं में बहकर कोई बड़ा निर्णय न लें। नौकरी में वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। स्वास्थ्य संबंधी छोटी परेशानी हो सकती है।

**मिथुन** — आज नए अवसर आपके सामने आ सकते हैं। बातचीत में संयम रखें। विद्यार्थियों के लिए दिन सकारात्मक रहने वाला है।

**धनु** — आज यात्रा या नए संपर्क लाभकारी साबित होंगे। व्यापार में प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है।

**कर्क** — आज कार्यस्थल पर मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर बने रहेंगे।

**मकर** — आज मेहनत से सफलता मिलने के योग हैं। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है। परिवार के बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

**सिंह** — आज आपका व्यक्तित्व लोगों को प्रभावित करेगा। परिवार में सुखद वातावरण बना रहेगा। व्यापार में नई योजनाएं लाभ दे सकती हैं।


**कुंभ** — आज रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। दोस्तों के साथ समय अच्छा बीतेगा। करियर से जुड़ी नई खबर मिल सकती है।

**कन्या** — आज रुका हुआ धन मिलने की संभावना है। कामकाज में व्यस्तता अधिक रह सकती है। मानसिक शांति के लिए थोड़ा आराम करें।

**मीन** — आज पुराने विवाद समाप्त होंगे। मन में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। निवेश सोच-समझकर करना लाभदायक रहेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 11 मई, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 15 .24 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**-शतभिषा 12 मई 01 .28 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

### सुडोकू - 145 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 1 | 6 | 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 2 | 9 | 8 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 4 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |

### सुडोकू -146

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | 3 |
| | 2 | | | | 3 | | | 4 |
| | 5 | | | | | | | 7 |
| | | 3 | 4 | | | | | |
| | | 8 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 7 | 9 | 6 | | |
| 6 | | | 8 | | | | 1 | |
| 4 | | | 9 | | | | | |
| 7 | | 9 | | | | | | |

# आतंकियों ने बदला संवाद का तरीका, बीबीएम-थ्रीमा ऐप्स बने बड़ी चुनौती

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर में आतंकी नेटवर्क अब बंदूकों से ज्यादा डिजिटल दुनिया के गुप्त रास्तों का इस्तेमाल कर रहा है। लश्कर-ए-तैयबा के पकड़े गए पाकिस्तानी आतंकी अबू हुरैरा से हुई पूछताछ में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि घाटी में सक्रिय मॉड्यूल अब व्हाट्सएप जैसे सामान्य ऐप्स के बजाय 'थ्रीमा', 'बीबीएम' और 'एलिमेंट' जैसे अत्यधिक सुरक्षित और एन्क्रिप्टेड (कूटबद्ध) प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट हो गए हैं।

इन ऐप्स की जटिल तकनीक सुरक्षा एजेंसियों के लिए 'डिजिटल दीवार' साबित हो रही है। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, स्विट्जरलैंड स्थित 'थ्रीमा' ऐप वर्तमान में सबसे बड़ी चिंता है। यह पूर्ण गोपनीयता का दावा करता है क्योंकि इसमें पंजीकरण के लिए फोन नंबर या ईमेल की आवश्यकता नहीं होती, जिससे उपयोगकर्ता की पहचान करना लगभग असंभव हो जाता है।



श्रीनगर में सुरक्षा करता हुआ सेना का जवान।

### 2016 से हो रही निगरानी

जम्मू-कश्मीर में 2016 से ही डिजिटल संचार पर कड़ी नजर रखी जा रही है, लेकिन लगातार बदलती तकनीक और नए-नए गुप्त ऐप्स का उदय साइबर सुरक्षा के वातावरण को जटिल बना रहा है। एजेंसियां अब वैश्विक सेवा प्रदाताओं के साथ समन्वय कर इन डिजिटल पदचिह्नों का पीछा करने की नई रणनीति पर काम कर रही हैं।

इसी तरह, 'एलिमेंट' ऐप विकेंद्रीकृत 'मैट्रिक्स ओपन-स्टैंडर्ड' प्रोटोकॉल पर काम करता है। पारंपरिक निगरानी को चकमा देने की इसकी क्षमता के कारण केंद्र सरकार ने मई 2023 में गृह मंत्रालय की सिफारिश पर इस सहित 14 मैसेजिंग ऐप्स पर प्रतिबंध लगा दिया था। जांच में 'बीबीएम' (ब्लैकबेरी मैसेंजर) के दोबारा इस्तेमाल ने भी हैरान किया है।

2009 में सुरक्षा चिंताओं के बाद इसके निर्माता 'रिसर्च-इन-मोशन' ने भारत में सर्वर लगाए थे, लेकिन 2019 में इसकी मुफ्त सेवाएं बंद हो गईं। अब आतंकी इसके सशुल्क संस्करण 'बीबीएम एंटरप्राइज' का उपयोग कर रहे हैं। एनआईए अब उन खातों के भुगतान स्रोतों की जांच कर रही है। वहीं, 'डस्ट' जैसे ऐप्स संदेशों को पढ़ने के तुरंत बाद या 24 घंटे के भीतर स्वतः ही मिटा देते हैं, जिससे वास्तविक समय में खुफिया जानकारी जुटाने में भारी बाधा आती है। आतंकी संगठन इन प्रतिबंधित ऐप्स तक पहुंचने के लिए 'वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क' का सहारा ले रहे हैं। इसके माध्यम से वे अपनी भौगोलिक स्थिति छुपाकर विदेशी सर्वरों से जुड़ जाते हैं। श्रीनगर पुलिस द्वारा पिछले महीने ध्वस्त किए गए लश्कर मॉड्यूल के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को देखते हुए अब एनआईए इस पूरे डिजिटल नेटवर्क को डिकोड करने में जुटी है।



> टीम के पास पर्याप्त रन थे, लेकिन खराब क्षेत्ररक्षण के कारण उन्हें चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। फील्डिंग में सुधार लाना होगा। हमने बहुत सारे कैच छोड़े। उर्विल ने अविश्वसनीय पारी खेली।
>
> –ऋषभ पंत, लखनऊ के कप्तान

स्टेडियम

लखनऊ, सोमवार, 11 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

पंजाब किंग्स

बनाम

दिल्ली कैपिटल्स

समय - शाम 7:30 बजे

# उर्विल के आतिशी पचासे से चेन्नई की प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत

## आईपीएल-2026 : लखनऊ सुपर जाएंट्स को पांच विकेट से हराकर पांचवें स्थान पर पहुंचा

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। उर्विल पटेल ने 13 गेंद में अर्धशतक पूरा कर भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 65 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। जोश इंग्लिस की 33 गेंद में 85 रन की आक्रामक पारी के बावजूद सुपरकिंग्स ने जैमी ओवरटन की शानदार गेंदबाजी के बूते सुपर जाएंट्स को आठ विकेट पर 203 रन पर रोकने के बाद 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत दर्ज की।

टीम 11 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि अंतिम पायदान पर काबिज सुपरजायंट्स की आठवीं हार के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। उर्विल के अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंद में 42 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 34 गेंद में 81 रन जोड़े। गायकवाड़ ने इससे पहले संजू सैमसन (14 गेंद में 28 रन) के साथ 22 गेंद में 45 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई।

शिवम दुबे (नाबाद 15) ने एडेन मारक्रम के खिलाफ अंतिम ओवर में लगातार दो छक्के जड़े, जिससे सुपरकिंग्स ने पहली बार 200 से अधिक का लक्ष्य हासिल किया। प्रशांत वीर 17 रन पर नाबाद रहे। इंग्लिस ने अपनी पारी में छह छक्के और 10 चौके जड़कर सुपरजायंट्स का स्कोर नौवें ओवर के बाद 112 रन तक पहुंचा दिया था। ओवरटन की अगुवाई में गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच 35 रन के अंदर चार विकेट झटककर रनगति पर अंकुश लगा दिया। ओवरटन ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें इंग्लिस का विकेट भी शामिल था। नूर अहमद ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि अंशुल कंबोज को दो विकेट मिले लेकिन उन्होंने 47 रन खर्च किए। आखिरी ओवरों में शाहबाज अहमद (नाबाद 43) और हिम्मत सिंह (17) ने सातवें विकेट के लिए 32 गेंद में 50 रन की साझेदारी कर बीच के ओवरों के नुकसान की भरपाई की। शाहबाज ने 25 गेंद की नाबाद पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन और गायकवाड़ ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। सैमसन कुछ आकर्षक शॉट खेलने के बाद चौथे ओवर में राठी की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद उर्विल पटेल ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में ही मैच का रुख पलट दिया। आवेश खान के खिलाफ लगातार तीन छक्के जड़ने के बाद राठी तीन छक्के और चौका लगाकर पावरप्ले में सुपरकिंग्स के स्कोर को एक विकेट पर 97 रन तक पहुंचा दिया। उन्होंने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए शमी के खिलाफ छक्का लगाने के बाद एक रन साथ 13 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर अपनी इस उपलब्धि को अपने पिता को समर्पित किया। उन्होंने जेब से एक कागज निकाला, जिस पर लिखा था, यह आपके लिए है पापा।

राठी ने आसान कैच टपकाकर उन्हें जीवनदान दिया लेकिन वह इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे।। उन्होंने आवेश खान की गेंद पर कैच देकर अपना विकेट गंवा दिया। सुपरजायंट्स के गेंदबाजों ने इसके बाद रनगति पर अंकुश लगाना शुरू किया और शाहबाज ने गायकवाड़ को बोल्ड कर बड़ी सफलता हासिल की।



शॉट लगाते चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज उर्विल पटेल। एजेंसी

**13** गेंदों पर उर्विल पटेल का अर्धशतक आईपीएल में संयुक्त तौर पर सबसे तेज अर्धशतक है। उर्विल ने यशस्वी जायसवाल की बराबरी की है

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

**203/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| जोश इंग्लिस का सैमसन बो ओवरटन | 85 |
| मिचेल मार्श का ब्रेविस बो कंबोज | 10 |
| निकोल्स पूरन का बो नूर | 01 |
| ऋषभ पंत बो ओवरटन | 15 |
| एडेन मारक्रम रन आउट | 06 |
| अक्षत रघुवंशी का उर्विल बो ओवरटन | 18 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 43 |
| हिम्मत सिंह बो कंबोज | 17 |
| मोहम्मद शमी रन आउट | 00 |
| आवेश खान नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त:** 08, **विकेट पतन:** 1-77, 2-92, 3-112, 4-115, 5-130, 6-147, 7-197, 8-197

**गेंदबाजी:** अकील हुसैन 4-0-49-0, मुकेश चौधरी 4-0-45-0, अंशुल कंबोज 4-0-47-2, नूर अहमद 4-0-24-1, जैमी ओवरटन 4-0-36-3

### चेन्नई सुपरकिंग्स

**208/5** (19.2 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन बो राठी | 28 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो शाहबाज | 42 |
| उर्विल पटेल का आवेश बो शाहबाज | 65 |
| कार्तिक शर्मा का रघुवंशी बो आवेश | 20 |
| डेवाल्ड ब्रेविस बो राठी | 10 |
| शिवम दूबे नाबाद | 15 |
| प्रशांत वीर नाबाद | 17 |

**अतिरिक्त:** 11, **विकेट पतन:** 1-45, 2-126, 3-149, 4-169, 5-169

**गेंदबाजी:** मोहम्मद शमी 4-0-37-0, प्रिंस यादव 4-0-36-0, दिग्वेश राठी 4-0-45-2, आवेश खान 4-0-44-1, शाहबाज अहमद 3-0-30-2, एडेन मारक्रम 0.2-0-14-0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 2. | गुजरात टाइटंस | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.228 |
| 3. | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | 0.571 |
| 4. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 1.234 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 15 | 0.185 |
| 6. | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.082 |
| 7. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 8. | दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 4 | 7 | 0 | 8 | -1.154 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

### ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली-468 रन

### पर्पल कैप

- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-19 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात-18 विकेट



### दिल्ली के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेंगे पंजाब किंग्स

**धर्मशाला, एजेंसी।** पंजाब किंग्स की टीम सोमवार को धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में जब खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगी तो इंडियन प्रीमियर लीग के आखिरी चरण में अपने प्रदर्शन में आई चौंकाने वाली गिरावट को रोकने की कोशिश करेगी। एचपीसीए स्टेडियम में 17 मई तक तीन मैच के साथ पंजाब की टीम अपने घरेलू चरण को समाप्त करेगी। अपने पिछले तीन लीग मैच में मिली हार के बाद टीम खेल के सभी विभागों में सुधार की उम्मीद कर रही होगी। उस टीम के लिए हालांकि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है जो कुछ समय पहले तक इस टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी लेकिन लीग चरण के बाकी मुकाबलों के लिए उसे अपनी बुनियादी चीजों को ठीक करने की जरूरत है। हैदराबाद में टीम की कैचिंग बहुत खराब थी। इसके अलावा अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण काफी रन लुटा रहा है। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी भी अच्छी शुरुआत के बाद अब नाकाम हो रही है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाले पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में जगह बनाने के लिए अब भी कम से कम दो जीत की जरूरत है और ऐसे में टीम चाहती है कि उनके खिलाड़ी उन्हीं तरीकों पर कायम रहें जिनसे उन्हें टूर्नामेंट के पहले हाफ में सफलता मिली थी। टी20 जैसे अनिश्चित प्रारूप में लय बहुत अहम होती है और पंजाब किंग्स की टीम चाहेगी कि वे जल्द से जल्द फिर लय हासिल कर लें। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स की नजरें पहले से ही अगले सत्र पर टिकी हैं क्योंकि वे अपने पिछले छह में से पांच मैच हारने के बाद अंक तालिका के निचले हिस्से में हैं। घरेलू मैदान पर दिल्ली का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है इसलिए वे पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के लिए स्थल में बदलाव का स्वागत करेंगे।

### हाईलाइट

#### डब्ल्यूएफआई ने पक्षपात के आरोपों को गलत बताया

**गोंडा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने रविवार को कहा कि गोंडा में चल रहे राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हरियाणा के पहलवानों की भारी भागीदारी इस आरोप को खारिज करती है कि महासंघ राज्य के खिलाफ पक्षपात कर रहा है। उन्होंने हालांकि यह भी स्वीकार किया कि भारतीय कुश्ती अब भी डोपिंग की गंभीर समस्या से जूझ रही है, क्योंकि प्रतियोगिता स्थल पर इस्तेमाल की गई सिरिंज बरामद हुई हैं।

#### अंडर-17 एशियाई कप क्वार्टर-फाइनल में भारत भिड़ेगा चीन से

**सुझोउ (चीन)।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम की खिलाड़ी सोमवार को अपने करियर के सबसे बड़े मुकाबले में मेजबान चीन से एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल में भिड़ेंगी, जहां दांव पर फीफा विश्व कप का टिकट होगा। भारतीय महिला फुटबॉल के इतिहास में यह पहली बार है जब कोई टीम फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से सिर्फ एक जीत दूर खड़ी है। भारतीय टीम को यह जीत 2026 फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में जगह दिला देगी, जिसका आयोजन मोरक्को में होगा।

# तीरंदाजी विश्व कप में महिला टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**शंघाई, एजेंसी**

दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार चीन को शूट ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीता लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण शूट ऑफ कराया गया।

भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की। अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम शूट ऑफ तीर पर अहम नौ अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया। हालांकि सिमरनजीत कौर के लिए यह दिल तोड़ने वाला अनुभव रहा जब उन्हें सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और बाद में चैंपियन बनीं दक्षिण कोरिया की कांग चेयांग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक के लिए हुए प्लेऑफ में उन्हें एक और कोरियाई खिलाड़ी जांग मिनही से हार मिली। इस तरह भारत ने अपने अभियान का समापन दो पदक (एक स्वर्ण, एक कांस्य) के साथ किया। शनिवार को पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में साहिल जाधव ने कांस्य पदक जीता था।



अंकिता भकत, दीपिका कुमारी और कुमकुम मोहोद।

### शूट ऑफ से निकला परिणाम, तीन साल बाद जीता विश्व कप खिताब

शूट ऑफ में भारतीय खिलाड़ियों ने सही समय पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंकिता ने नौ के स्कोर के साथ शुरुआत की जबकि कुमकुम ने शानदार 10 अंक जुटाए। जब खिताब जीतने के लिए आठ अंक की जरूरत थी तब दीपिका ने धैर्य बरकरार रखते हुए नौ अंक के साथ टीम की जीत सुनिश्चित की। तीसरा पदक भारत की झोली से फिसल गया जब सिमरनजीत को सेमीफाइनल में गत विश्व चैंपियन कांग के खिलाफ 6-0 (26-25, 24-29, 26-28) से शिकस्त झेलनी पड़ी और फिर वह कांस्य पदक के प्लेऑफ में भी कोरिया की मिनही के खिलाफ पहला सेट जीतने के बावजूद 4-6 (29-27, 27-29, 28-28, 28-29, 28-28) से हार गईं। यह भारतीय महिला रिकर्व टीम का तीन साल में पहला विश्व कप पदक भी है। इससे पहले टीम 2023 में पेरिस में चरण चार में पोडियम पर पहुंची थी जिसमें अंकिता पदक जीतने वाली टीम की सदस्य थीं। शंघाई में भारत अब तक दो पदक जीत चुका है। इससे पहले कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शनिवार को कांस्य पदक जीतकर देश के पदक का खाता खोला था। भारत एक और पदक की दौड़ में बना हुआ है। रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर दिन में बाद में सेमीफाइनल में उतरेंगी और विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत है।

**● दीपिका की अगुआई में चीन को हराया, भारत को मिले दो पदक**

इससे पहले भारतीय महिला रिकर्व टीम ने सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 10 बार के ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। ग्वाटेमाला सिटी और पेरिस में 2021 में भारत की विश्व कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहीं दीपिका के नाम 2010 से अब तक सात विश्व कप टीम स्वर्ण पदक हो गए हैं।

नियुक्तियों को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच बिना किसी पूर्णकालिक राष्ट्रीय कोच के यात्रा करते हुए बेहद अनुभवी दीपिका ही थीं जिन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और लगातार अपनी टीम की साथियों का हौसला बढ़ाया।

प्रफुल्ल डांगे को उनकी शिष्या कुमकुम के राष्ट्रीय ट्रायल में शीर्ष पर रहने के बाद महिला रिकर्व कोच नियुक्त किया गया था लेकिन वह काफी हद तक पृष्ठभूमि में ही रहे जबकि दीपिका ने घरेलू दर्शकों और मुखर चीनी सहयोगी स्टाफ के दबाव भरे पलों में टीम का मार्गदर्शन किया।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा।

# भुवनेश्वर के चौके से बेंगलुरु ने मुंबई को 166 रनों पर समेटा

**रायपुर, एजेंसी**

तिलक वर्मा (57 रन) के अर्धशतक के बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार (23 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने सात विकेट पर 166 रन ही बना सकी। पिच पर काफी दरारें थी और तेज गेंदबाजों के लिए असमान उछाल मौजूद था।

अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए चार ओवर में 23 रन देकर चार विकेट झटके जिसमें तीन विकेटों का एक शानदार स्पैल भी शामिल था जिससे आरसीबी ने मुंबई इंडियंस पर शुरू से ही दबदबा बना दिया। भुवनेश्वर ने रेयान रिकलटन (02), रोहित शर्मा (22) और कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव (शून्य) को आउट करके मुंबई इंडियंस के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया जिससे उसका स्कोर तीन विकेट पर 28 रन हो गया। लेकिन तिलक (42 गेंद में तीन चौके और दो छक्के) और नमन धीर (47 रन) ने चौथे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी करके टीम को संभाला और सम्मानजनक स्कोर की ओर बढ़ाया। पिच पर बल्लेबाजों को रन जुटाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। तिलक को सुयश शर्मा ने छठे ओवर में जीवनदान दिया जब वह नौ रन पर थे। अगर वह आउट हो जाते तो टीम पूरी तरह से बिखर सकती थी। रसिक सलाम की एक धीमी गेंद पर तिलक के गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर मिडविकेट पर खड़े सुयश की ओर चली गई, जहां गेंद उनके हाथों से फिसल गई और कैच छूट गया। तिलक और नमन दोनों ने चौथे विकेट की साझेदारी के दौरान काफी संयम दिखाया। उन्होंने समझदारी से स्ट्राइक रोटेट की। लेकिन तिलक एक क्रॉस-सीम गेंद पर आउट हो गए, वहीं नमन ने पांच चौके और दो छक्के लगाकर 32 गेंद में 47 रन बनाए।

इससे पहले भुवनेश्वर ने शुरुआती ओवरों में ही तीन विकेट लेकर आरसीबी को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। यह छठा मौका था जब 36 साल के इस खिलाड़ी ने इस आईपीएल में तीन विकेट लिए थे। भुवनेश्वर ने पहले ओवर की आखिरी गेंद पर ही शानदार फॉर्म में चल रहे रिकलटन को आउट कर दिया जिसने गेंद को हवा में उठाकर मारने की कोशिश की। लेकिन गेंद सीधे मिड-ऑफ पर खड़े आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार के हाथों में चली गई। अगले ओवर में जोश हेजलवुड की गेंद पर एक चौका लगाने के बाद रोहित शर्मा (22) ने लगातार दो छक्के जड़कर अपनी पारी की शुरुआत की।

### मुंबई इंडियंस

**166/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| रेयान रिकलटन का पाटीदार बो भुवनेश्वर | 02 |
| रोहित शर्मा का जितेश बो भुवनेश्वर | 22 |
| नमन धीर बो सलाम | 47 |
| सूर्यकुमार यादव का कोहली बो भुवनेश्वर | 00 |
| तिलक वर्मा बो भुवनेश्वर | 57 |
| विल जैक्स का बेथेल बो शेफर्ड | 10 |
| राज बावा का पाटीदार बो हेजलवुड | 16 |
| कोर्बिन बॉश नाबाद | 05 |
| दीपक चाहर नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 06, **विकेट पतन** : 1-4, 2-28, 3-28, 4-110, 5-132, 6-155, 7-161

**गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0-23-4, हेजलवुड 4-0-33-1, रसिख सलाम 4-0-42-1, शेफर्ड 3-0-18-1, कृणाल 3-0-26-0, सुयश 2-0-21-0

**मेजर लीग सॉकर** | टूर्नामेंट के इतिहास में 100 गोल में योगदान देने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बने

# लियोनेल मेसी के नाम एक और उपलब्धि जुड़ी

**टोरंटो, एजेंसी**

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी आधिकारिक तौर पर मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के इतिहास में रेगुलर-सीजन के 100 गोल में योगदान देने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं।

मेसी ने रविवार को इंटर मियामी की टोरंटो एफसी पर 4-2 की जीत के दौरान यह मील का पत्थर हासिल किया। उन्होंने एक गोल किया और दो अन्य गोल में मदद की। मेसी ने सिर्फ़ 64 मैचों में 100 योगदानों का आँकड़ा छू लिया, जो पिछले रिकॉर्ड धारक सेबेस्टियन जियोविंको से 31 मैच कम हैं। मेसी सबसे पहले 2023 की गर्मियों में दक्षिण फ्लोरिडा आए थे, जिससे क्लब के लिए सफलता का एक नया दौर शुरू हुआ। उन्होंने इंटर मियामी को कप्तान के तौर पर उसकी पहली चार ऐतिहासिक ट्रॉफियाँ जिताने में अहम भूमिका निभाई। इनमें 2023 लीग्स कप, 2024 एमएलएस सपोर्टर्स शील्ड, 2025 ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस का ख़िताब और 2025 एमएलएस कप शामिल हैं। मेहमान टीम ने सबसे पहले गोल किया, जब रोड्रिगो डी पॉल की फ्री-किक टोरंटो की ''वॉल'' (खिलाड़ियों की दीवार) से टकराकर वापस आई, और अर्जेंटीना के इस इंटरनेशनल खिलाड़ी ने उस रिबाउंड को गोल में बदल दिया। लुइस सुआरेज ने मेसी के पास पर दौड़ते हुए और गोलकीपर लुका गैवरान को छकाते हुए पहली ही कोशिश में गोल दागकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। मेसी एक बार फिर गोल में मददगार बने, जब उन्होंने सर्जियो रेगुइलोन के साथ 'वन-टू' पास खेला। रेगुइलोन ने 73वें मिनट में बड़ी शांति से गेंद को गोल के दूर वाले कोने में डाल दिया।



जश्न मनाते इंटर मियामी के लियोनेल मेसी, लुइस सुआरेज और जर्मन बर्टेराम।

### वर्ष 2023 की गर्मियों में जुड़े थे क्लब से

एमएलएस में 2023 की गर्मियों में आने के बाद से, उनके रिकॉर्ड 100 रेगुलर-सीज़न गोल योगदानों में 59 गोल और 41 असिस्ट शामिल हैं। अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी का यह रिकॉर्ड तोड़ने वाला प्रदर्शन, क्लब के इतिहास में 100 मैच खेलने वाले सिर्फ़ आठवें खिलाड़ी बनने के बाद उनके पहले मैच में आया है।

# सबालेंका और पाओलिनी की सनसनीखेज हार

**रोम।** इटालवी ओपन में कई चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिले, जिसमें महिलाओं की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और गत चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी दोनों बाहर हो गईं।

दिन का सबसे बड़ा झटका महिलाओं के सिंगल्स के राउंड ऑफ 32 में लगा, जहां दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी सबालेंका ने एक सेट की बढ़त गंवा दी और रोमानिया की सोराना सिर्स्टिया से 2-6, 6-3, 7-5 से हार गईं। उधर, पाओलिनी, जो पिछले राउंड में हार के खतरे से बाल-बाल बची थीं, दो घंटे 41 मिनट तक चले मुकाबले में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस से 4-6, 7-6 (5), 6-3 से हार गईं। मर्टेंस ने दूसरे सेट में तीन 'मैच पॉइंट' बचाए और फिर शानदार वापसी करते हुए मैच जीत लिया।